3 राजधानी
दिल्ली गैस चेंबर में तब्दील हुई

6 अभिमत
हमास आतंकी हमले से सबक

10 विदेश
पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव

12 स्पोर्ट्स
कोहली ने तेंदुलकर का एक और रिकॉर्ड तोड़ा

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 1
नई दिल्ली, शुक्रवार, 3 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



परमार्थ कार्यों में सबसे उदार भारतीय बने शिव नादर

राष्ट्रीय-11

# आचार समिति की बैठक से बाहर निकलीं महुआ

● समिति में शामिल विपक्षी सदस्यों ने भी किया वाकआउट, दोनों पक्षों एक दूसरे पर लगाए आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में लोकसभा आचार समिति के समक्ष पेश होने के लिए जाती टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा।



नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते भाजपा सांसद निशिकांत दुबे।

**नकदी** के बदले कथित प्रश्न मामले में बृहस्पतिवार को संसद की आचार समिति के समक्ष तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के बयान पर खूब हंगामा हुआ और समिति में विपक्ष के सदस्य बीच में ही बहिर्गमन कर गए। सूत्रों ने कहा कि मोइत्रा को अब लोकसभा और उनकी पार्टी टीएमसी दोनों की ही तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ सकता है।

हालांकि मोइत्रा ने आरोपों का खंडन किया, लेकिन स्वीकार किया कि उन्होंने अपना संसदीय लॉगिन व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के साथ साझा किया था, जिन्होंने मोइत्रा के संसदीय लॉगिन पर प्रश्न पोस्ट करने की बात स्वीकार की थी। सूत्रों ने कहा कि अगर मोइत्रा के खिलाफ आरोप साबित हो गए तो उन्हें संसद से निष्कासित किया जा सकता है, जिसके लिए आईटी और गृह मंत्रालय ने भाजपा सांसद विनोद सोनकर की अध्यक्षता वाले पैनल को कुछ सबूत साझा किए हैं। दिलचस्प बात यह है कि तेजतर्रार और सबसे मुखर टीएमसी नेता अपने सभी लक्जरी बैग, सौंदर्य उत्पाद और अन्य सभी लक्जरी वस्तुएं एथिक्स कमेटी की जांच के लिए ले गईं, जैसा कि हीरानंदानी द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच के लिए किया गया था। मामले से जुड़े सूत्रों ने आरोप लगाया कि उनके संसदीय खाते में लगभग 47 लॉग-इन दुबई से किए गए थे। लोकसभा की आचार समिति भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के टीएमसी सांसद के खिलाफ 'कैश-फॉर-क्वेरी' आरोपों की जांच कर रही है। उन्होंने मोइत्रा पर एक प्रसिद्ध व्यापारिक परिवार के दुबई स्थित वंशज से रिश्वत और लाभ के बदले में व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के आदेश पर सवाल पूछने का आरोप लगाया है, जो उनके संसदीय खाते के माध्यम से दर्ज किए गए थे।

जहां विपक्षी सदस्यों ने मीडिया से बात करते हुए एथिक्स पैनल के अध्यक्ष पर टीएमसी सांसद से व्यक्तिगत और अनैतिक सवाल पूछने का आरोप लगाया। वहीं सोनकर ने वॉकआउट के बाद भी विचार-विमर्श जारी रखा। उन्होंने बाद में विपक्षी सदस्यों पर अनैतिक व्यवहार करने और मोइत्रा के खिलाफ आरोपों से बचने के लिए बहिष्कार करने का आरोप लगाया। बैठक खत्म होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सोनकर ने आरोप लगाया कि समिति की कार्यप्रणाली और उनके खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। समिति के विपक्षी सदस्यों ने बैठक आयोजित करने के तरीके पर भी सवाल उठाया। कांग्रेस सांसद और पैनल के सदस्य एन उत्तम कुमार रेड्डी ने वॉकआउट के बाद संवाददाताओं से कहा कि हमें नैतिकता समिति के अध्यक्ष द्वारा मोइत्रा से पूछे गए सवाल अशोभनीय और अनैतिक लगे। बैठक के बाद, भाजपा सांसद और पैनल सदस्य अपराजिता सारंगी ने हालांकि कहा कि जब मोइत्रा से व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी द्वारा समिति को सौंपे गए हलफनामे के बारे में पूछा गया तो उन्होंने गुस्से में असभ्य और अहंकारी व्यवहार किया। मोइत्रा पर दुबई स्थित एक प्रसिद्ध व्यापारिक परिवार के वंशज से रिश्वत और लाभ के बदले में हीरानंदानी के आदेश पर सवाल पूछने का आरोप लगाया गया है, जो उनके संसदीय खाते के माध्यम से दर्ज किए गए थे। सूत्रों ने कहा कि मोइत्रा ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों पर खुद को निर्दोष बताया और संसदीय समिति को बताया कि यह आरोप वकील जय अनंत देहाद्राई के साथ अपने व्यक्तिगत संबंध तोड़ने के बाद उनकी दुश्मनी से प्रेरित है।

बैठक में बीएसपी के रेड्डी और दानिश अली सहित विपक्षी सांसदों ने उनका समर्थन किया, जबकि वीडी शर्मा सहित कुछ भाजपा सदस्य चाहते थे कि वह आरोपों के मूल भाग का जवाब दें और इसे व्यक्तिगत संबंधों के बारे में न बताएं। सूत्रों ने कहा कि समिति के समक्ष उनके बयान का एक बड़ा हिस्सा देहाद्राई के साथ उनके संबंधों के बारे में था क्योंकि वह लीक और आरोपों के लिए उन्हें दोषी ठहराती नजर आईं। देहाद्राई की दलील का हवाला देते हुए, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पास शिकायत दर्ज की थी, जिन्होंने मामले को समिति को भेज दिया था। पत्रकारों से अलग से बात करते हुए दुबे ने कहा कि मोइत्रा ने कार्यवाही के (शेष पेज 9)

# ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए केजरीवाल

● प्रर्वतन निदेशालय को लिखा पत्र, पूछा एक गवाह, संदिग्ध, व्यक्ति के रूप में, मुख्यमंत्री या आप के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में बुलाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मध्य प्रदेश के सिंगरौली में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान रोड शो में भाग लेते हुए। राज्य में जल्द विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल बृहस्पतिवार को शराब घोटाले की जांच को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ में शामिल नहीं हुए। इसके कई घंटे बाद केजरीवाल मध्य प्रदेश के सिंगरौली में चुनावी रैली को संबोधित करने चले गए। यहां उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ एक रोडशो में भाग लिया। मुख्यमंत्री केजरीवाल पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए अपनी आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारक हैं।

उन्होंने जांच एजेंसी को पत्र लिखकर मांग की कि उन्हें भेजा गया नोटिस वापस लिया जाए। उन्होंने दावा किया कि यह नोटिस गैरकानूनी एवं राजनीति से प्रेरित है। समन में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि उन्हें किस रूप में बुलाया जा रहा है, गवाह, आरोपी, दिल्ली के सीएम या आम आदमी पार्टी के संयोजक के रूप में। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ईडी द्वारा अब इस मामले में नया समन जारी करने की संभावना है। इससे पहले दिन में आप से जुड़े सूत्रों ने कहा था कि केजरीवाल मध्य प्रदेश के सिंगरौली जाएंगे जहां वह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ एक रोड शो में हिस्सा लेंगे। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुख्यमंत्री ने ईडी को पत्र लिखकर कहा कि समन में यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें किस हैसियत से बुलाया जा रहा है।

एक गवाह के रूप में या एक संदिग्ध के रूप में, एक व्यक्ति के तौर पर उनकी हैसियत के रूप में, मुख्यमंत्री के रूप में या आप के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में। कैबिनेट मंत्री भारद्वाज ने कहा, भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने एक समाचार एजेंसी से यह कैसे कहा कि केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाएगा। इसका मतलब है कि यह एक राजनीतिक साजिश है। पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं और राष्ट्रीय संयोजक होने के नाते केजरीवाल को प्रचार के लिए जाना है। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि यह भाजपा का एक राजनीतिक षड्यंत्र है और वह विपक्षी दलों के नेताओं को निशाना बना रही है।

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने भाजपा से जांच एजेंसी का दुरुपयोग रोकने की अपील की। उन्होंने कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समन का जवाब भेजा है। उन्होंने इसे वापस लेने की मांग की है, लेकिन ईडी का जवाब नहीं आया। इसके बजाय, भाजपा प्रवक्ताओं ने ईडी को भेजे केजरीवाल के पत्र का जवाब देना शुरू कर दिया है। आज ईडी को भाजपा से और भाजपा को ईडी से अलग करना (शेष पेज 9)

# श्रीलंका को जमींदोज कर भारत शान से सेमीफाइनल में

● मो. शमी ने 18 रन देकर झटके पांच विकेट

**भाषा।** मुंबई




मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप क्रिकेट मैच के दौरान एंजेलो मैथ्यू का विकेट लेकर जश्न मनाते मो. शमी।

**भारत** के बल्लेबाजों ने वानखेड़े स्टेडियम की पिच पर ढेरों रन बटोरे तो गेंदबाजों ने भी कहर बरपाया जिससे मेजबान टीम ने गुरुवार को यहां आईसीसी विश्व कप मुकाबले में श्रीलंका को 302 रन से रौंदकर लगातार सातवीं जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की। यह रनों के लिहाज से विश्व कप की दूसरी सबसे बड़ी और भारत की विश्व कप इतिहास की सबसे बड़ी जीत है।

श्रीलंका का यह स्कोर उसका संयुक्त रूप से तीसरा न्यूनतम और विश्व कप का चौथा न्यूनतम स्कोर है। भारत के 358 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम मोहम्मद शमी (18 रन पर पांच विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और मोहम्मद सिराज (16 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 19.4 ओवर में 55 रन पर ढेर हो गई। जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट चटकाया। श्रीलंका की ओर कासुन रजिता (14), महीश तीक्षणा (नाबाद 12) और एंजेलो मैथ्यूज (12) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। तीक्षणा और रजिता ने नौवें विकेट के लिए 20 रन जोड़े जो पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही।

श्रीलंका के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। श्रीलंका को 17 सितंबर 2023 को एशिया कप के फाइनल में 50 रन पर ढेर करने के 45 दिन बाद भारत इस साल तीसरी बार इस टीम को 100 रन के आंकड़े को भी नहीं छूने दिया। भारत ने इसी साल जनवरी में तिरूवनंतपुरम में भी श्रीलंका को 73 रन पर आउट किया था। इस (शेष पेज 9)

# नारी को सम्मान देने से ही समाज होगा सशक्त: योगी

● कहा, 2014 में केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद देश में पहली बार महिलाओं को राजनीति के एजेंडा में शामिल किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** हरदोई



हरदोई में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि आधी आबादी को सम्मान दिए बगैर कोई भी समाज सशक्त नहीं हो सकता और 2014 में केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद देश में पहली बार महिलाओं को राजनीति के एजेंडा में शामिल किया गया।

मुख्यमंत्री ने यहां नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, आधी आबादी को सम्मान दिए बिना कोई भी समाज सशक्त नहीं हो सकता। इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत करीब से समझा है। यही वजह है कि आजादी के बाद पहली बार वर्ष 2014 में भारत की राजनीति के एजेंडा में महिलाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को नए परिसीमन के बाद 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इससे और ज्यादा संख्या में महिलाओं को सांसद और विधायक बनने का मौका मिलेगा। आदित्यनाथ ने कहा उनकी सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण और सुरक्षा के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। सरकार अब बेटी की पढ़ाई से लेकर नौकरी और विवाह तक की व्यवस्था कर रही है। अब उत्तर प्रदेश में बेटी की शादी के लिए किसी पिता को कर्ज नहीं लेना पड़ता है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बेटियों की शादी का सशक्त माध्यम बनी है। इसके तहत अब तक तीन लाख बेटियों की शादी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 1947 से 2017 तक प्रदेश के पुलिस बल में केवल 10 हजार महिला कर्मचारी थीं, लेकिन भाजपा सरकार ने सिर्फ छह वर्ष में अतिरिक्त भर्ती के कार्यक्रम चलाकर महिला कार्मिकों की संख्या बढ़ाकर 40 हजार कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार नए सत्र से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 25 हजार रुपए देगी। इसके लिए बजट की व्यवस्था कर दी गई है। अभी तक इस योजना का लाभ 17 लाख बेटियों को मिल रहा है। यह संख्या और बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 541 करोड़ रुपए की 217 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा, आगामी (शेष पेज 9)



**विश्व कप क्रिकेट**

● आजः नीदरलैंड और अफगानिस्तान का मैच लखनऊ में दोपहर 2.00 बजे से खेला जाएगा

## क्विक न्यूज

### प्रदूषण के चलते दिल्ली के प्राइमरी स्कूल दो दिन बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार ने सभी प्राइमरी स्कूलों को 2 दिनों के लिए बंद करने का आदेश दिया है। पराली जलाने की घटनाओं और प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के कारण दिल्ली में बृहस्पतिवार को धुंध छाई रही, जिससे सूरज छिप गया। चिकित्सकों ने सांस संबंधी समस्याओं के बढ़ने की चेतावनी जारी की। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने अगले दो सप्ताह के दौरान दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर बढ़ने की चेतावनी जारी की है। यह चिंताजनक इसीलिए है क्योंकि कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक पहले ही 400 से अधिक दर्ज किया गया है।

# टमाटर के बाद अब प्याज की बढ़ती कीमतों ने रुलाया

● खुदरा बाजार में प्याज का मूल्य 80 से 90 रुपये प्रति किलो पहुंचा, केंद्र को पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के परिणाम की चिंता

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



फाइल चित्र

**टमाटर** की आसमान छूती कीमत से आम जनता को अभी राहत ही मिली थी कि तेजी से प्याज की बढ़ती कीमतों ने चिंता बढ़ा दी है। वहीं केंद्र सरकार इसी माह पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले कीमतों पर काबू पाने के लिए संघर्ष कर रही है।

फिलहाल देश के अधिकांश हिस्सों में प्याज की खुदरा कीमत 80-90 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं। नवरात्रि त्योहार समाप्त होने के तुरंत बाद प्याज की कीमतों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखी जा रही है। नवारात्र में जहां प्याज का भाव 35-40 रुपये प्रति किलो वहीं नवंबर में इसकी कीमत दो से तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। ऐसा लगभग हर साल देखने को मिलता है जब नई फसल आने वाली होती है। जानकारों के अनुसार इस पूरे त्योहारी सीजन में प्याज की कीमतों में तेजी रहने की उम्मीद है। प्याज की बढ़ती कीमतों से चिंतित केंद्र सरकार को पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के परिणाम प्रभावित होने की आशंका है। केंद्र सरकार प्याज की खुदरा कीमतों को 100 रुपये प्रति किलो से पहले लगाम लगाने की कोशिश कर रही है, जैसा कि उसने हाल के दिनों में टमाटर प्रति किलो 200 रुपये किलो पहुंचने पर किया था।

केंद्र ने उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के लिए दर्जन भर से अधिक शहरों में प्याज 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचना शुरू कर दिया है। ताकि प्याज की कीमतों में कमी लाकर लोगों के लिए किफायती बनाया जा सके। सरकार ने प्याज के लिए न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) भी लगाया है और बफर स्टॉक के लिए अतिरिक्त दो लाख टन प्याज की खरीद का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार ने नेफेड और एनसीसीएफ को अत्यधिक रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री बढ़ाने का निर्देश दिया है।

दिल्ली एनसीआर समेत कई राज्यों में मोबाइल वैन से और ओएनडीसी जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए 25 प्रति किलो के भाव से बेचा जाएगा। केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने पायनियर को इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हम बाजार पर नजर बनाए हुए हैं उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है, अगले कुछ दिनों के दौरान प्याज की कीमतों में गिरावट दर्ज की जा सकती है। पिछली घटनाओं को देखते हुए प्याज की आसमान छूती कीमत देश में किसी भी (शेष पेज 9)

# इंडिया गठबंधन की निष्क्रियता से नीतीश नाखुश

● कहा- गठबंधन में कुछ खास नहीं हो रहा, कांग्रेस विधानसभा चुनावों में व्यस्त

● कांग्रेस बोली, गठबंधन का गठन 2024 लोकसभा चुनावों के लिए किया गया है

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली/पटना



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बृहस्पतिवार को इंडिया गठबंधन के नए विपक्षी नेता बन गए, जिन्होंने कांग्रेस पर इस साल जून में बनाए गए गठबंधन को प्राथमिकता नहीं देने के लिए कांग्रेस पर अपनी नाराजगी व्यक्त की।

जेडीयू के वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि गठबंधन में 'कुछ खास नहीं' हो रहा है। 2024 के आम चुनावों में भाजपा के रथ का मुकाबला करने के लिए 28 पार्टियों का एक समूह बनाया गया है। पिछले एक सप्ताह के दौरान अन्य शीर्ष घटक दलों के नेता शरद पवार, सीताराम येचुरी, अखिलेश यादव और उमर अब्दुल्ला ने भी चिंता व्यक्त की है और कहा है कि यदि सभी 2024 लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के रथ को ध्वस्त करने में रुचि रखते हैं तो इंडिया को आगे बढ़ाने में तेजी लाने की जरूरत है।

हालांकि नीतीश के बयान ने भाजपा को गठबंधन और विशेष रूप से जेडीयू पर हमला करने के लिए बहुत आवश्यक गोला-बारूद प्रदान किया है। जिसने भाजपा से नाता तोड़कर राज्य की सत्ता में कायम रहने के लिए राजद से हाथ मिला लिया। बिहार कांग्रेस प्रमुख अखिलेश प्रसाद ने कहा कि बिहार के सीएम अपनी ओर से सही थे। राष्ट्रीय राजधानी में एआईसीसी मुख्यालय में शीघ्र बुलाई गई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और बिहार के सीएम ने इंडिया गठबंधन को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है क्योंकि केंद्र से भाजपा के नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने को लेकर उनकी तरह ही सभी विपक्षी दल अत्यधिक चिंता में हैं।

नीतीश ने हाल के महीनों में हासिल की गई गति को बरकरार रखने में इंडिया गठबंधन में शिथिलता आने के लिए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की व्यस्तता को जिम्मेदार ठहराया। नए गठबंधन के गठन के प्रयास में सभी नेताओं से बात करने और उनसे व्यक्तिगत मुलाकात करने के बाद नीतीश ने जून में पटना में विपक्षी नेताओं की पहली बैठक की मेजबानी की थी। एक राजद नेता ने पायनियर को बताया कि नीतीश ने पहले कांग्रेस को मुख्य (शेष पेज 9)

# जल्द शुरू होगा नई फिल्म सिटी का निर्माण

## निर्माण की शर्तों में बदलाव के बाद 30 नवंबर तक टेंडर भरे जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




टेंडर भरने की इच्छुक कुछ कंपनियों के सुझाव के आधार पर नई फिल्म सिटी के निर्माण की शर्तों में बदलाव भी किए गए हैं। इन बदलावों के बाद जारी हुई नई टेंडर प्रक्रिया के तहत 30 नवंबर तक टेंडर भरा जा सकता है। इसके बाद पांच दिसंबर को टेक्नीकल बिड तथा 6 दिसंबर को फाइनेंसियल बिड को खोला जाएगा। इस प्रक्रिया को पूरा करते हुए 31 दिसंबर 2023 तक फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली कंपनी का चयन कर लिया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा शहर की बगल में जेवर एयरपोर्ट के पास नई फिल्म सिटी का निर्माण जल्दी ही शुरू होने वाला है। ग्रेटर नोएडा शहर की ठीक बगल में बनने वाली फिल्म सिटी भारत की सबसे बड़ी व दुनिया की सबसे आधुनिक फिल्म सिटी बनेगी। यूपी में से बड़ी फिल्म सिटी बनाना यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का सबसे बड़ा सपना है। आपको बता दें कि जेवर एयरपोर्ट की ठीक बगल में एक हजार एकड जमीन पर भारत की सबसे बड़ी फिल्म सिटी स्थापित की जाएगी। बेहद बड़ा प्रोजेक्ट होने के कारण कोई भी कंपनी इतने बड़े प्रोजेक्ट को हाथ में नहीं ले रही है। इस कारण यूपी सरकार ने फिल्म सिटी का विकास चरणबद्ध ढंग से करने का फैसला किया है। प्रथम चरण में 230 एकड़ पर ग्रेटर नोएडा शहर के पास फिल्म सिटी विकसित की जाएगी। इस फिल्म सिटी को बनाने वाली कंपनी की तलाश में टेंडर प्रक्रिया चल रही है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा ने फिल्म सिटी के निर्माण के लिए ग्लोबल टेंडर जारी किया हुआ है। इस टेंडर की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। टेंडर भरने की इच्छुक कुछ कंपनियों के सुझाव के आधार पर फिल्म सिटी के निर्माण की शर्तों में बदलाव भी किए गए हैं।

इन बदलावों के बाद जारी हुई नई टेंडर प्रक्रिया के तहत 30 नवंबर तक टेंडर भरा जा सकता है। इसके बाद पांच दिसंबर को टेक्नीकल बिड तथा 6 दिसंबर को फाइनेंसियल बिड को खोला जाएगा।

इस प्रक्रिया को पूरा करते हुए 31 दिसंबर 2023 तक फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली कंपनी का चयन कर लिया जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किए जा रहे यमुना सिटी शहर के सेक्टर-21 में फिल्म सिटी का निर्माण होगा। सेक्टर-21 ग्रेटर नोएडा शहर के पास स्थित है। सेक्टर 21 नवनिर्मित जेवर एयरपोर्ट की बिल्कुल बगल में स्थित है।

### तीन साल में बनकर होगा तैयारः अरुणवीर

*यीडा के डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी का निर्माण कार्य मार्च 2024 से पहले ही शुरू हो जाएगा। निर्माण शुरू होने के तीन साल के अंदर फिल्म सिटी पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगी। यीडा के डॉ. अरुणवीर सिंह ने यह भी बताया कि फिल्म सिटी का निर्माण समय से पूरा हो जाए, इसके लिए निर्माणकर्ता कंपनी पर जुर्माना लगाने का प्रावधान भी किया गया है। जो कंपनी फिल्म सिटी का निर्माण करेगी उसे तीन वर्ष का समय दिया जाएगा। तीन वर्ष में काम पूरा ना करने पर कंपनी पर प्रतिदिन 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।*

## सांसद को पांच लाख की बिजली बिल का चूना लगा गया किराएदार

**नोएडा।** सेक्टर बीटा-2 क्षेत्र के बी ब्लॉक में एक सांसद के मकान में रहने वाले एक किराएदार ने लाइनमैन से मिलीभगत कर बिल जमा नहीं किया। करीब 5 लाख रुपये की बिजली फूंकने के बाद किराएदार मकान खाली करके चला गया है। बताया जाता है कि यह मकान हरियाणा के एक संसद सदस्य का है।

आरोपी किराएदार के खिलाफ थाना बीट-2 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। तालकटोरा रोड नई दिल्ली पार्लियामेंट स्ट्रीट निवासी जसमीत सियाल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनके ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा 2 में बने मकान में ज्ञानेंद्र देवघर पुत्र महावीर देवघर पिछले 15 वर्षों से किराए पर रह रहा था। पिछले कुछ वर्षों के दौरान उसने लाइनमैन के माध्यम से घर का कनेक्शन कटवा लिया और घर के पास की स्ट्रीट लाइट से अवैध रूप से बिजली प्रयोग करने लगा। कुछ समय पूर्व वह मकान खाली कर चला गया।

## संक्षिप्त समाचार



सेमिनार के दौरान नोएडा के डिप्टी पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर व अन्य।

### अनैतिक काम करने वाले होटलों पर होगी कार्रवाई

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) पुलिस ने ओयो के साथ होटलों में अनैतिक कार्यों को रोकने के लिए एक संयुक्त मुहिम शुरू की है। पुलिस के साथ साझेदारी में ओयो ने एक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में मुख्य अतिथि नोएडा के डिप्टी पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने कहा, जो ओयो ब्रांड का इस्तेमाल गैर कानूनी ढंग से कर रहे हैं। ऐसी होटलों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर रजनीश वर्मा ने भी सेमिनार को संबोधित किया। ओयो के चीफ मर्चेंट ऑफिसर अनुज तेजपाल ने बताया, इस सेमिनार के माध्यम से हम होटलों में अनैतिक कार्यों के विरूद्ध एक अभियान की शुरुआत कर रहे हैं। होटल इंडस्ट्री और पुलिस के साथ हम एक मजबूत और जागरूक समाज बनाएंगे जो नोएडा में आने वाले मेहमानों को सुरक्षा का एहसास कराएगा।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित शातिर लुटेरा गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना दादरी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। थाना दादरी के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि लूटपाट और डकैती करके अवैध रूप से धन अर्जित करने वाले कुख्यात बदमाश विकास पुत्र महेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया इसके खिलाफ पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि यह गैंगस्टर एक्ट का आरोपी था।

### जिलाधिकारी ने सुनी महिलाओं के हक की बात

**गाजियाबाद।** मिशन शक्ति अभियान 4.0 के तहत महिलाओं के हक की बात कार्यक्रम का आयोजन जिला सभागार में किया गया। जहां महिलाओं के साथ डीएम आरके सिंह ने उनके हक की बात सुनी। इस दौरान महिलाओं ने जिले में बढ रहे अपराधों, चेन स्नेचिंग, घरेलू हिंसा को लेकर सवाल उठाया। महिलाओं ने जिले में बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए इस पर सख्ती से लगाम लगाने और शिक्षा को और अधिक बढावा देने की मांग रखी। महिलाओं ने अपने हक की आवाज उठाते हुए कहा कि उनके अधिकारों को भली-भांति लागू कराया जाए व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूती से काम किया जाएगा। इस मौके पर एसीएम निखिल चक्रवर्ती, सिटी मजिस्ट्रेट शुभांगी शुक्ला, महिला थाना प्रभारी प्रगति सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार, पूनम शर्मा आदि मौजूद रहीं।

### नोएडा से लापता लड़कियां मेरठ में मिली

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख पुलिस ने घरवालों से नाराज होकर बिना बताए घर से गई दो लड़कियों को तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। थाना बिसरख क्षेत्र से दो लडकियां जिनमें एक की उम्र 18 वर्ष व दूसरी लड़की की उम्र 14 वर्ष है। घरवालों के झगड़ों से तंग आकर बिना बताये घर से चली गई थी, जिसकी सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गयी। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये दोनों लड़कियों की तलाश के लिए टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से दोनों गुमशुदा लड़कियों की तलाश की जाने लगी। थाना बिसरख पुलिस द्वारा दोनों लड़कियों को 48 घंटे के अंदर जिला मेरठ के ग्राम गगोल से सकुशल ढूंढ़ लिया गया। दोनों लड़कियों को पुलिस द्वारा परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना दादरी क्षेत्र में आरओबी पुल के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का क्षत-विक्षत मिला। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन की चपेट में आने से उक्त युवक की मौत हुई है। जीआरपी दादरी ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली कि पुल के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थाना क्षेत्र की पुलिस को ट्रेन दुर्घटना में युवक की मौत होने की सूचना दे दी गई है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर चलती एंबुलेंस में लगी आग

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे पर एक निजी अस्पताल की एंबुलेंस में आग लग गई। एंबुलेंस चालक और अस्पताल कर्मी ने कूदकर किसी तरह से अपनी जान बचाई। देखते ही देखते एंबुलेंस यमुना एक्सप्रेसवे के बीचोंबीच जलकर खाक हो गई। गनीमत ये रही कि एंबुलेंस में कोई मरीज नहीं था। जानकारी के अनुसार ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में संचालित एक निजी अस्पताल की एंबुलेंस मंगलवार शाम जेवर में स्थित कैलाश अस्पताल में एक मरीज को भर्ती कराने के लिए गई थी। मरीज को भर्ती कराने के बाद एंबुलेंस करीब 8 बजे यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते रबूपुरा वापस लौट रही थी। एंबुलेंस में चालक सहित अस्पताल का एक कर्मचारी मौजूद था। जीरो प्वाइंट से लगभग 25 किलोमीटर दूर शार्ट सर्किट के कारण एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरी एबुलेंस में फैल गई और ऊंची ऊंची लपटें उठने लगीं।

## घर में घुसे चोर ने वृद्धा की उंगली काटी

- 20 फुट ऊंचे पाइप पर चढ़कर आया चोर, गला-मुंह दबाकर हत्या का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के शालीमार गार्डन इलाके में एक चोर 20 फुट ऊंचे पाइप पर चढ़कर घर में घुस आया। उसने बेडरूम में सो रही वृद्धा की गला-मुंह दबाकर जान से मारने की कोशिश की। वृद्धा के पति ने जब चोर को पकड़ा तो उसने मुंह से उंगली चबाकर अलग कर दी।

साहस दिखाते हुए परिवार ने चोर को धर दबोचा और पुलिस को सौंप दिया। आरोपी के तीन साथी फरार होने में कामयाब रहे। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 गुरदेव सिंह अपनी पत्नी अमृत वर्षा और पुत्र गुरप्रीत सिंह के साथ रहते हैं। 71 वर्षीय गुरदेव सिंह अमृत वर्षा फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से सेवानिवृत्त हैं, जबकि बेटा गुरप्रीत सिंह ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक बिल्डर कंपनी में जॉब करता है।

गुरप्रीत सिंह ने बताया, घर के बराबर में एक बिल्डिंग है। उसके पाइप के सहारे बुधवार रात साढ़े तीन बजे के आसपास चोर उनके घर के सेकेंड फ्लोर की बालकनी में आ गया। उस समय पिता गुरदेव सिंह बाथरूम में थे और मम्मी अपने रूम में सो रहीं थीं। चोर सीधा रूम में पहुंचे और मम्मी का एक हाथ से मुंह दबा लिया, जबकि दूसरे हाथ से गला दबाने का प्रयास किया। चीख पुकार सुनकर पिता बाथरूम से निकले और चोर को पकड़ लिया। चोर ने हमला करते हुए पिता के हाथ की एक अंगुली अपने मुंह में दबा ली। उसने इतनी तेज काटा कि उंगली का कुछ हिस्सा अलग होकर गिर गया। इसके बाद मोहल्ले के काफी लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस को बुलाकर चोर को उनके हवाले कर दिया गया। गुरप्रीत सिंह ने बताया, चोर अपना सही नाम-पता नहीं बता पा रहा था। वो हमें बार-बार बरगलाता रहा। उसने अपने मुंह से कुछ चीज फेंकी थी।

## कोलकाता गया परिवार चोरों ने किया घर साफ

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-72 में चोरों ने बंद पड़े एक मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद घर में खड़ी होंडा सिटी कार को भी चोरी कर ले गए। घटना के समय परिजन पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए कोलकाता गए हुए थे। सेक्टर-72ए ब्लॉक में रहने वाले सम्राट राय ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह बीते 29 अक्टूबर को अपने माता-पिता के साथ कोलकाता में पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गए थे। इस दौरान नोएडा वाला घर बंद पड़ा हुआ था। बीते दिनों जब है वापस लौटे तो उन्हें घर का ताला टूटा हुआ था।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत, पत्नी पर हत्या का शक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर स्थित मिग्शन सोसायटी के समीप एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं।

पुलिस के मुताबिक फैक्ट्री कर्मचारी की हत्या के मामले में मृतक के भाई ने उसकी पत्नी व उसके प्रेमी पर शक जताते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि आलोक ग्रेटर नोएडा के देवला गांव में किराये पर अपने परिवार के साथ रह रहा था। वह साइट-3 स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। आलोक बीते सोमवार से संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हो गया था। इस संबंध में उसके भाई रामवीर ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

आलोक कश्यप का शव मिग्शन सोसाइटी के पास पड़ा हुआ मिला। मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान आलोक के रूप में हुई।

## कार्यालय ग्राम पंचायत फरौली विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस।

पत्रांक मीमो/ग्राम पंचायत/मनरेगा/वित्त आयोग मद/टेन्डर/2023-24

दिनांक 02/11/2023

### अति अल्पकालीन निविदा

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग/15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग के अर्न्तगत वर्ष 2023 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले निम्नांकित कार्यो हेतु उनके सम्मुख अंकित विवरणानुसार सामग्री की कार्य स्थल पर आपूर्ति महुर बन्द निविदायें दिनांक 07.11.2023 को दिन के 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सांय 3.30 बजे उपरी निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके द्वारा प्राधिकत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। यदि निविदा प्राप्त करने एवं खोलने के दिन को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा प्राप्त एव खोलने की तिथि अगला कार्य होगा। निविदा खोलने के स्थल, समय एवं वैधता में कोई परिवर्तन नहीं होगा निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी। निविदा की निम्नवत निर्धारित की जाती है।

1- निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत फरौली से कार्यालय दिवस एवं समय में दिनांक 07.11.2023 तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है।
2- निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत की धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 नगद अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करनी होगी।
3- निविदा सशर्त अथवा निर्धारित समय के बाद प्रस्तुत निविदायें मान्य नहीं होगी तथा किसी भी निविदा को बिना कारण स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4- निविदा दरों की वैधता तीन माह अधिकतम होगी। इसके लिये निविदा प्रपत्र के साथ एक सौ रूपये का नॉन जुडीशियल स्टाम्प एक सौ रूपये का रिवेन्यू टिकट के साथ होना अनिवार्य है।
5- अनुबन्ध के समय धरोहर राशि को सम्मलित करते हुए 2 प्रतिशत जमानत धनराशि नगद जमा करनी होगी तथा कुल जमानत राशि नियमानुसार स्टाम्प डयूटी देनी होगी।
6- बिलों के भुगतान में नियमानुसार आयकर वैट एवं रॉयल्टी आदि की कटौती की जायेगी।
7- सामग्री की आपूर्ती उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिये।
8- कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि बार कौसिल में पंजीकृत हो निविदा देने से प्रतिबंधित होगे।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (सामग्री) रू0 में | धरोहर धनराशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अजब सिंह के घर से ध्यान पाल के घर तक इ0ला0 वं नाली निर्माण | 124364 | 2487 | 250+GST | 3 माह |

(अध्यक्ष/प्रधान)
ग्राम पंचायत, फरौली

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत फरौली
वि0खण्ड-सासनी (हाथरस)

## AXIS BANK LTD. स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई-नीलामी दिनांक 13-11-2023 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

### कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| क्र. सं. | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार | शुद्ध भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | बी.ओ. : अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 1 | प्रतीक क्वात्रा | XXXXXXXXXXX6927 | ₹ 1,06,751.36 | 29-09-2023 | 62.700 | 59.200 |
| 2 | प्रमोद कुमार | XXXXXXXXXXX3645 | ₹ 2,11,526.00 | 20-09-2023 | 61.000 | 55.600 |
| 3 | प्रिंस कुमार गोयल | XXXXXXXXXXX7519 | ₹ 2,47,332.00 | 10-10-2023 | 110.400 | 75.700 |
| | बी.ओ. : दरियागंज, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 4 | सचिन कुमार | XXXXXXXXXXX8291 | ₹ 1,53,920.00 | 10-10-2023 | 57.800 | 54.100 |
| | बी.ओ. : ज्योति नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 5 | राजीव कुमार | XXXXXXXXXXX6787 | ₹ 28,296.92 | 28-07-2023 | 9.800 | 9.400 |
| 6 | सलमा | XXXXXXXXXXX4354 | ₹ 1,38,469.00 | 20-09-2023 | 48.100 | 45.500 |
| | बी.ओ. : लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 7 | अनुज सरीन | XXXXXXXXXXX1460 | ₹ 2,28,223.93 | 20-09-2023 | 72.100 | 70.600 |
| 8 | अनुज सरीन | XXXXXXXXXXX0513 | ₹ 2,84,339.00 | 18-07-2023 | 85.500 | 82.100 |
| | बी.ओ. : नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 9 | संयोग कुमार भारती | XXXXXXXXXXX2764 | ₹ 25,200.00 | 20-09-2023 | 7.900 | 7.800 |
| | बी.ओ. : पालम, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 10 | अरविंद कुमार सिन्हा | XXXXXXXXXXX7234 | ₹ 31,110.00 | 30-05-2023 | 11.200 | 9.700 |
| 11 | शालीन जॉर्ज | XXXXXXXXXXX4136 | ₹ 60,903.00 | 20-09-2023 | 18.000 | 17.400 |
| 12 | सुधीश कुमार रॉय | XXXXXXXXXXX4791 | ₹ 1,40,653.00 | 29-09-2023 | 51.700 | 46.800 |
| | बी.ओ. : पंजाबी बाग, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 13 | धीरज | XXXXXXXXXXX1268 | ₹ 1,42,666.00 | 28-07-2023 | 40.500 | 39.000 |
| | बी.ओ. : पुष्प विहार, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 14 | सूरज | XXXXXXXXXXX4698 | ₹ 2,11,531.79 | 20-09-2023 | 77.300 | 60.800 |
| | बी.ओ. : सेक्टर-24, रोहिणी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 15 | अमित गर्ग | XXXXXXXXXXX4460 | ₹ 1,77,079.45 | 10-10-2023 | 50.200 | 46.700 |
| | बी.ओ. : साउथ पटेल नगर डीएल | | | | | |
| 16 | रोहित कुमार | XXXXXXXXXXX7180 | ₹ 31,853.36 | 20-09-2023 | 9.700 | 9.400 |
| | बी.ओ. : सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 17 | संदीप कुमार यादव | XXXXXXXXXXX0400 | ₹ 34,200.00 | 20-09-2023 | 11.900 | 11.500 |
| 18 | रवीन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX7920 | ₹ 56,027.00 | 20-09-2023 | 20.800 | 19.600 |
| 19 | अनूप कुमार जायसवाल | XXXXXXXXXXX8603 | ₹ 66,926.02 | 10-10-2023 | 27.600 | 25.100 |
| 20 | रवीन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX5530 | ₹ 2,14,748.00 | 20-09-2023 | 66.500 | 64.500 |
| | बी.ओ. : सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| 21 | प्रशांत कुमार | XXXXXXXXXXX6910 | ₹ 2,42,901.00 | 29-09-2023 | 64.100 | 60.900 |
| | बी.ओ. : ग्रेटर नोएडा (यूपी) | | | | | |
| 22 | जयराम मलिका | XXXXXXXXXXX3891 | ₹ 36,900.00 | 20-09-2023 | 12.510 | 12.270 |
| | बी.ओ. : नोएडा (यूपी) | | | | | |
| 23 | अन्नू श्रीवास्तव | XXXXXXXXXXX0855 | ₹ 1,01,472.00 | 05-09-2023 | 37.900 | 34.200 |
| | बी.ओ. : वैशाली, गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| 24 | सिद्धार्थ वर्मा | XXXXXXXXXXX3907 | ₹ 37,814.00 | 20-09-2023 | 13.000 | 10.900 |
| 25 | वर्षा | XXXXXXXXXXX1266 | ₹ 81,929.00 | 29-09-2023 | 28.200 | 26.000 |
| 26 | दिव्या शर्मा | XXXXXXXXXXX4854 | ₹ 3,87,261.01 | 20-09-2023 | 216.200 | 206.200 |
| 27 | सुशांत सिन्हा | XXXXXXXXXXX0695 | ₹ 6,29,065.70 | 20-09-2023 | 208.000 | 189.700 |
| | बी.ओ. : जेवर, जीबी नगर (यूपी) | | | | | |
| 28 | भूपेन्द्र सिंह | XXXXXXXXXXX3089 | ₹ 69,063.00 | 20-09-2023 | 18.900 | 18.200 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी https://gold.samil.in पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://gold.samil.in पर लॉगइन करें।

स्थान : दिल्ली,
तिथि : 03-11-2023

हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी,
एक्सिस बैंक लिमिटेड

## यथार्थ अस्पताल की लिफ्ट टूटी स्टाफ के चार लोग हुए चोटिल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-110 में स्थित यथार्थ अस्पताल में एक लिफ्ट टूटकर नीचे गिर गई। घटना के समय लिफ्ट के अंदर चार स्टाफमौजूद था। लिफ्ट के झटके टूटने से चारों को हल्की चोट आई हैं। मौके पर पुलिस बल मौजूद है। घायलों को बाहर निकालकर इमरजेंसी में भेजा गया।

वहां उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। फेस.टू थाना क्षेत्र के सेक्टर-110 स्थित यथार्थ अस्पताल में आज दोपहर लिफ्ट टूटकर गिर गई। इस लिफ्ट में सामान ले जाने का काम किया जाता है। घटना के दौरान अस्पताल में काम करने वाले चार लोग मौजूद थे। तार टूटने से लिफ्ट झटके से नीचे गिरी। जानकारी मिलने के बाद फेस-2 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को बाहर निकल गया है। लिफ्ट करीब आठ फीट की ऊंचाई से नीचे गिरी। जिससे लोगों को चोट लगी है। पुलिस के मुताबिक, घायलों में सिद्धनाथ, सृष्टि श्रीवास्तव, अर्जुन और सुखदेव माली लिफ्ट में थे। इन्हें चोटें आई हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बता दे इससे पहले आम्र पाली की निर्माणाधीन लिफ्ट गिरने से आठ मजदूरों की मौत हो चुकी है।

## 24 घंटे में आवारा कुत्तों ने 30 लोगों को काटा

- नगर पालिका के पास कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई टीम नहीं है

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर में आवारा कुत्तों का आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा है। नगर की गोविंदपुरी एसारा मार्ग व गांव रोरी में 24 घंटे के अंदर कुत्तों ने तीस लोगों को काटकर घायल कर दिया है।

नगर पालिका परिषद द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान अभी तक भी शुरू नहीं किया गया है। नगर पालिका परिषद व अन्य विभागों की अनदेखी के चलते आवारा कुत्तों का आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आवारा कुत्तें रोजाना किसी ना किसी को काटकर घायल कर देते है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार मोदीनगर की गोविन्दपुरी एसारा मार्ग एछोटी मार्केट कॉलोनी व गांव रोरी में 24 घंटे के अंदर आवारा कुत्तों ने 30 लोगों को काटकर घायल कर दिया है। बताया जा रहा है कि गोविन्दपुरी कॉलोनी में 10 एसारा मार्ग पर 5, छोटी मार्केट 5 में व गांव रोरी में 10 लोगों को कुत्ते ने काटा है। कुत्तों के आंतक के चलते लोगों ने अपने अपने घरों से बाहर निकलना भी बंद कर दिया है। कॉलोनी के लोगों ने इसकी सूचना नगर पालिका परिषद कार्यालय में लिखित रुप से दी है, लेकिन अभी तक कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया गया है। बता दें कि पांच दिन पहले भी एक कुत्तों ने बीस लोगों को काटकर घायल किया है।

कुत्तों द्वारा काटकर घायल किए गए सभी लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रैबिंज का इंजेक्शन लगाया गया है। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी नरेन्द्र मोहन मिश्र ने बताया कि कुत्तों को पकड़ने का काम पालिका परिषद नहीं है। पालिका के पास कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई टीम नहीं है।

राजकीय पशु चिकित्सालय के प्रभारी को पत्र लिखकर कुत्तें पकड़ने के लिए कहा गया है।

## औद्योगिक भूखंडों का ड्रॉ 17 नवंबर को

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के पास यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा के नए शहर से रोज रोज अच्छी खबर आ रही है। अब ताजा समाचार यह है कि यीडा के क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास फैक्ट्री लगाने की इच्छा रखने वाले उद्योगपतियों की लाइन लग गई है

आपको बता दें कि हाल ही में जेवर एयरपोर्ट के पास यमुना प्राधिकरण की आवासीय योजना सुपरहिट हुई थी। 1184 आवासीय प्लॉटों की योजना से यीडा ने 9 अरब रुपये से भी अधिक की कमाई की है। अब यीडा द्वारा घोषित औद्योगिक भूखंडों की योजना में यीडा के पास 2638 आवेदन आए हैं। 17 नवंबर 2023 को ड्रा करके आवेदकों को फैक्ट्री लगाने के लिए भूखंड आवंटित कर दिए जाएंगे।

## नौकरीपेशा महिलाओं के लिए बनेगा हॉस्टल

- 260 बेड वाले चार मंजिला इमारत के निर्माण पर 18 करोड़ खर्च आएगा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



एनसीआर का प्रमुख शहर गाजियाबाद है। यहां यूपी सहित कई राज्यों से अकेली महिलाएं जॉब करने के लिए आती हैं। कई दफा उन्हें घर ढूंढ़ने में तमाम परेशानियां आती हैं।

इस बात को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद में वर्किंग वूमेन के लिए हॉस्टल बनाने का फैसला नगर निगम ने लिया है। 260 बेड वाले चार मंजिला हॉस्टल के निर्माण पर करीब 18 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। ये काम राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना के तहत होगा। इसके तहत गाजियाबाद को सेफसिटी में पहले ही चुना जा चुका है। वूमेन वर्किंग हॉस्टल का निर्माण करेगी। पहले राजनगर एक्सटेंशन में 200 बेड के हॉस्टल का प्रस्ताव पास हुआ था। बाद में तय हुआ कि ये हॉस्टल अब 260 बेड का बनेगा। डबल बेडरूम का कमरा होगा। चार मंजिला इस हॉस्टल में हर फ्लोर पर सीसीटीवी कैमरे, दो-दो वॉटर कूलर होंगे। इसके अलावा मॉड्यूलर किचिन, फर्नीचर, लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं भी होंगी। वर्किंग वूमेन हॉस्टल के लिए नगर निगम ने मरियम नगर नंदग्राम में करीब चार हजार वर्ग मीटर जमीन को कब्जामुक्त कराया है। इस जमीन की कीमत करीब 20 करोड़ रुपए है। अभी तक इस जमीन पर सेंट फ्रांसिस आईटीआई संस्थान का कब्जा था। जब नगर निगम को ये बात पता चली तो इसकी पैमाइश कराई गई। पैमाइश में ये जमीन नगर निगम की पाई गई। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया, इस जमीन पर बाउंड्री कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दिवाली बाद इस काम में तेजी आ जाएगी।

नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया, दिल्ली.एनसीआर का प्रमुख शहर होने और यहां सबसे ज्यादा फैक्ट्रियां होने की वजह से दूरदराज के शहरों से तमाम महिलाएं जॉब करने आती हैं। उन्हें रहने में दिक्कत न हो और सुरक्षित वातावरण मिल सके, इसलिए स्पेशली वर्किंग वूमेन के लिए हॉस्टल बनाया जा रहा है। इसके अलावा कामकाजी महिलाओं के लिए हर जोन में पिंक टॉयलेट भी बनाने की तैयारी है।

# बेहद खराब हुई आबोहवा, राहत के आसार नहीं

## बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते ग्रेप तीन लागू, हल्के वाणिज्यिक वाहनों, ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सासों को संकट शुरू हो गया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 418 के पार पहुंच गया। कई इलाकों में गुरुवार सुबह से धुंध छाई रही। दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध तो लगा दिया गया है लेकिन दीवाली पर दिल्ली वालों का दम फिर भी घुटेगा। दिवाली से पहले ही गैस चैंबर वाले हालत बन जाए तो भी हैनानी नहीं। संभावना जताई जा रही है कि है कि धनतेरस के आसपास वायु गुणवत्ता सूचकांक साढ़े चार सौ के पार यानी गंभीर श्रेणी में पहुंच जाएगा।

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अर्ली वार्निंग सिस्टम ने भी अगने पांच-छह दिनों में एक्यूआई के स्तर में लगातार गिरावट का पूर्वानुमान जताया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक राजधानी के वायु गुणवत्ता सूचकांक में रोजाना वृद्धि हो रही है। दिल्ली के कई इलाके आनंद विहार 474, बवाना 466, बुराड़ी, डीटीयू 412, डॉ कर्ण सिंह शूटिंग रेंज 402, द्वारका सेक्टर-आठ 446, आईजीआई 422, जहांगीरपुरी 444, मंदिर मार्ग 401, मुंडका 475, नजफगढ़ 425, नरेला 448, नेहरू नगर 409, न्यू मोती बाग 440, नार्थ कैंपस 413, ओखला फेस-दो 425, पटपड़गंज 432, पंजाबी बाग 445, आकेपुरम 230, रोहिणी 472, शादीपुर 418, वजीरपुर 455 और विवेक विहार 420 गंभीर श्रेणी में पहुंच भी चुका है। जिस तरह से पराली जलाने की घटनाएं बढ़ रही हैं और हवा की गति मंद है।

पश्चिमी विक्षोभ के अभाव में बारिश होने की संभावना भी नहीं है। वाहनों का धुआं व धूल वातावरण में तेजी से प्रदूषण फैला रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने इसके लिए इस साल अल नीनो वर्ष होने की भी महत्वपूर्ण कारक बता रहे हैं। हवा में प्रदूषक कण पीएम10 का स्तर 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम 2.5 का स्तर 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है।



वायु गुणवत्ता 418 के पार

फोटो: रंजन डिमरी

### दिनभर छाई रही धुंध

**नई दिल्ली।** बृहस्पतिवार को बीते 24 घंटों के औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के 400 के पार यानी बेहद खराब श्रेणी में रहने से दिनभर धुंध छाई रही। इस बीच अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने दिल्ली में तीन दिनों तक हल्की धुंध छाए रहने का पूर्वानुमान लगाया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक बृहस्पतिवार शाम साढ़े पांच बजे सापेक्षिक आर्द्रता 70 फीसदी रही।




### धूल को काबू करने के लिए कदम उठा रहा एनएचएआई : सरकार

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनसीआर की वायु गुणवत्ता में सुधार के प्रयासों के तहत राजमार्ग निर्माण स्थलों पर धूल को काबू करने के लिए कदम उठा रहा है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एनएचएआई ने एक धूल एवं नियंत्रण प्रबंधन केंद्र स्थापित किया है। एनएचएआई राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में द्वारका एक्सप्रेसवे, यूईआर-दो, दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे जैसी परियोजनाओं पर काम कर रहा है।

# दिल्ली और एनसीआर में गैर-जरूरी निर्माण कार्यों पर रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केंद्र सरकार के प्रदूषण नियंत्रण आयोग ने दिल्ली की वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंचने के मद्देनजर बृहस्पतिवार को गैर-जरूरी निर्माण गतिविधियों और डीजल से चलने वाले ट्रकों के राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया।

चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तीसरे चरण के तहत यह निर्देश जारी किया गया है। केंद्र की वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना जीआरएपी सर्दी के मौसम के दौरान दिल्ली-एनसीआर में लागू की जाती है। देर शाम दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 418 रहा।

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा से संबंधित बैठक में, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने कहा कि प्रतिकूल मौसम और जलवायु परिस्थितियों के कारण प्रदूषण का स्तर अभी और बढ़ने की आशंका है। सीएक्यूएम क्षेत्र में प्रदूषण से निपटने के लिए रणनीति तैयार करने वाला एक वैधानिक निकाय है। वायु गुणवत्ता सूचकांक के आधार पर जीआरएपी को चार चरणों में वर्गीकृत किया गया है।

पहला चरण एक्यूआई 201 से 300 (खराब), दूसरा चरण एक्यूआई 301 से 400 (बहुत खराब), तीसरा चरण एक्यूआई 401 से 450 (गंभीर) और चौथा चरण एक्यूआई 450 (अति गंभीर) होने पर लागू किया जाता है। जीआरएपी के तीसरे चरण में आवश्यक सरकारी परियोजनाओं, खनन और पत्थर तोड़ने को छोड़कर निर्माण, तोड़फोड़ कार्यों पर पूरी तरह रोक लगा दी जाती है।

# पुलिस ने दो विधायकों को हिरासत में लिया, बाद में छोड़ा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि पार्टी के दो विधायकों जरनैल सिंह और हाजी यूनुस तथा कई स्वयंसेवकों को दिल्ली पुलिस ने उस समय हिरासत में ले लिया जब वे दिल्ली सरकार के रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान में हिस्सा ले रहे थे। दिल्ली के उत्तरपूर्व जिले के एक पुलिस अधिकारी ने यूनुस को हिरासत में लिए जाने की पुष्टि की है। हालांकि दोपहर बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि ऐसी आशंका थी कि वह (यूनुस) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जारी समन के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। आप ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में पार्टी विधायकों को हिरासत में लिए जाने की घटना को शर्मनाक करार दिया। पार्टी ने कहा, भाजपा के लोगों को प्रदूषण से इतना प्यार क्यों हैं। राजनीति में भाजपा हर दिन नए स्तर पर गिर जाती है। भाजपा प्रदूषण रोकने के आप के प्रयास को पुलिस की मदद से कुचल रही है। आप विधायक जनरैल सिंह और हाजी यूनुस को जागरुकता फैलाने के लिए भाजपा की पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इससे शर्मनाक और क्या होगा। पार्टी ने सिंह और यूनुस को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की तस्वीरें भी साझा कीं।

# केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा का धरना

- मुख्यमंत्री ईडी के सामने पेश नहीं होकर जांच से भाग रहे हैं : सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आबकारी नीति से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश नहीं होने पर भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। पार्टनेताओं का कहना है कि वह सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते। इस मुद्दे पर केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के प्रदेश वीरेंद्र सचदेवा की अगुवाई में राजघाट के बाहर धरने पर बैठे। प्रदर्शनरारियों ने केजरीवाल सच बोलो शराब घोटाले पर मुंह खोलो, केजरीवाल के खेल में सिसोदिया संजय जेल में और शराब का गंदे खेल में केजरीवाल के मंत्री जेल में जैसे नारे लगाए। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सचदेवा ने कहा कि पिछले दो सालों से वह संघर्ष कर रहे हैं ताकि शराब घोटाले का सच सामने आए और आज वे सभी माताएं बहने जिन्होंने शराब के ठेके खोलने के खिलाफ संघर्ष किया था, जिनके ऊपर मुकदमें किए गए, उन सबका संघर्ष अब रंग ला रहा है और इसलिए आज अरविंद केजरीवाल को जांच का डर सता रहा है। इस तरह से इस नीति के तहत आम आदमी पार्टी के नेताओं ने अपनी जेबे भरी। आज अरविंद केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं हुए क्योंकि वह जांच से भाग रहे हैं और आखिर कब तक भागेंगे। जैसे करोंगे वैसे ही भरना होगा और आज केजरीवाल अपने कर्मों की भरपाई कर रहे हैं।




धरने पर बैठे प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व अन्य भाजपा नेता।

### ईडी समन गिरफ्तार करने की साजिश : भारद्वाज



***नई दिल्ली।*** *मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजन पर आम आदमी पार्टी प्रर्वतन निदेशालय पर जमकर बरसी। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 30 अक्टूबर को उच्चतम न्यायालय में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज होने के बाद इस मामले पर बहुत अधिक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उच्चतम न्यायालय में हुई पिछली सभी सुनवाईयों पर जब गौर किया तो उन्हें याद है, कि उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश ने ईडी से इस संबंध में विभिन्न प्रश्न पूछे। न्यायाधीश ने ईडी से पूछा कि यदि घोटाला हुआ है तो इस रिश्वत के पैसे के लेनदेन की जानकारी कहां है, पैसा मनीष सिसोदिया के पास कब पहुँचा, कैसे पहुंचा और इन सब आरोपों के ईडी पास क्या सबूत है। ईडी के पास उच्चतम न्यायालय के इन सवालों का कोई जवाब नहीं था। शीर्ष अदालत ने इन सभी सबूत और जानकारी को इकट्ठा करने के लिए ईडी को लगभग 1 महीने का समय दिया था। इस 1 महीने की अवधि में भी ईडी ऐसा कोई भी तथ्य, कोई सबूत नहीं प्रस्तुत कर सकी।*

# स्कूल के बाहर छात्र पर धारदार हथियार से हमला, घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बुराड़ी में सरकारी स्कूल के बाहर कहासुनी में हस्तक्षेप करने पर 12वीं कक्षा के एक छात्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया।

पुलिस ने कहा कि छात्र के गले पर चोट आई और उसे एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को छात्र स्कूल से घर लौट रहा था और इस दौरान छात्रों के दो समूहों को एक दूसरे से झगड़ते हुए देखा। पुलिस ने कहा कि वह उन छात्रों में से कुछ को जानता था, इसलिए उसने मामले के बारे में पूछा। पुलिस ने बताया कि इस बीच, एक छात्र ने धारदार हथियार निकाला और कथित तौर पर उसकी गर्दन पर मार दिया, जिसके चलते उसका खून बहने लगा। इसके बाद छात्रों के दोनों समूह घटनास्थल से भाग गए। पुलिस के अनुसार संदेह है कि सर्जिकल ब्लेड से हमला किया गया। बुराड़ी थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# मंत्री राजकुमार आनंद पर ईडी का शिकंजा

- आम आदमी पार्टी के नेता के 9 ठिकानों पर छापेमारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय ने आप के एक और मंत्री राज कुमार आनंद के आवास समेत 9 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की इस कार्रवाई पर आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष के नेताओं को चुप कराने की भारतीय जनता पार्टी की कोशिश है।

सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन संबंधी एक मामले की जांच के तहत कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राज कुमार आनंद के परिसरों और कुछ अन्य स्थानों पर बृहस्पतिवार को छापा मारा। इस पर सौरभ भारद्वाज ने एक वीडियो संदेश में कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान भी पुलिस छापेमारी की अनुमति लेने के लिए अदालत जाया करती थी। लेकिन आज ईडी छापे मारने का खुद ही फैसला करती है। यह विपक्ष की आवाज को चुप कराने की साजिश है। यह तरीका अपना कर भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव जीत सकती है क्योंकि हालात देखते हुए यह तय है कि चुनाव के बाद उनकी वापसी नहीं होगी। भाजपा की दिल्ली इकाई के सचिव हरीश खुराना ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने कानून के तहत यह कार्रवाई की है।

# डीयू के अंग्रेजी विभाग की पीएचडी फीस में 1100 फीसदी की बढ़ोतरी

- शिक्षकों का दावा, 1,932 से बढ़कर कर 23,968 रुपये हुई फीस

**पीएनएस।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के अंग्रेजी विभाग ने अपने पीएचडी कार्यक्रम की फीस पिछले साल की तुलना में 1,100 फीसदी बढ़ाकर 1,932 रुपये से 23,968 रुपये कर दी है। शिक्षकों ने बृहस्पतिवार को यह दावा किया।

शिक्षकों के मुताबिक, डीयू के अन्य सभी विषयों में पीएचडी कार्यक्रम की फीस करीब 4,400 रुपये है। विश्विद्यालय के छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने इस कदम की निंदा करते हुए कहा कि इससे छात्रों की गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा तक पहुंचै प्रभावित होगी।

उसने एक बयान में कहा, हम डीयू में फीस वृद्धि का कड़ा विरोध करते हैं। यह सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित शिक्षा संस्थानों पर बड़ा हमला है... यह कदम अवसरों को सीमित करता है और छात्रों एवं उनके परिवारों पर वित्तीय तनाव बढ़ाता है। छात्र संगठन ने आरोप लगाया है कि प्रशासन ने छात्रों को फीस भरने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया।

# विस समिति के समक्ष पेश हुए विशेष सचिव राजशेखर

- सिविल सेवा की परीक्षा के दौरान फर्जी ओबीसी प्रमाणपत्र कराने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विशेष सचिव (राजस्व एवं सतर्कता) वाईवीवीजे राजशेखर दिल्ली विधानसभा की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कल्याण समिति के समक्ष पेश हुए।

यह समिति अधिकारी के खिलाफ एक शिकायत की जांच कर रही है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने सिविल सेवा की परीक्षा के दौरान फर्जी ओबीसी प्रमाणपत्र जमा कराया था। दिल्ली विधानसभा सचिव को भेजे पत्र में राजशेखर ने कहा कि वह मंगलवार को समिति के समक्ष उपस्थित हुए, लेकिन पूरा कोरम मौजूद नहीं था। ओबीसी कल्याण समिति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी के खिलाफ शिकायत की जांच के लिए तीन विधायक की एक उप-समिति का गठन किया था, जिसके अध्यक्ष मदन लाल और सदस्य सहीराम व नरेश कुमार हैं।

राजशेखर ने अपने पत्र में कहा कि वह उप-समिति के सदस्यों के सामने पेश हुए तथा कार्यवाही शामिल हुए और विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों द्वारा एक विस्तृत बयान दर्ज किया गया। उन्होंने विधानसभा सचिव से बैठक की कार्यवाही के विवरण की एक प्रति और एक ऑडियो क्लिप उपलब्ध कराने का अनुरोध किया ताकि दर्ज किए गए बयान के साथ कोई छेड़छाड़ न हो।

जून में, दानिक्स अधिकारी एवी प्रेमनाथ द्वारा राजशेखर के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी कि उन्होंने 1994 में अपनी सिविल सेवा परीक्षा के दौरान फर्जी ओबीसी प्रमाणपत्र जमा कराया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि राजशेखर आरक्षित श्रेणी से नहीं आते। राजशेखर ने समिति से अनुरोध किया कि प्रेमनाथ को फर्जी शिकायतकर्ता घोषित किया जाए। पिछले महीने गृह मंत्रालय ने प्रेमनाथ को उनके खिलाफ एक आपराधिक मामले के कारण समय से पहले सेवानिवृत्त कर दिया था। मदन लाल ने कहा कि उप-समिति आईएएस अधिकारी के बयान पर गौर कर रही है।

# नमो भारत: आरआरटीएस के पांच स्टेशनों के बदलेंगे नाम

## आनंद विहार, साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर और दुहाई के लिए सेमी-नेमिंग/को-ब्रांडिंग राइट्स देने की प्रक्रिया शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के पांच स्टेशनों के नाम बदलने की कवायत शुरू हो गई है। एनसीआरटीसी, यात्रियों को बेहतरीन अनुभव और यात्रा सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ, परियोजना की फाइनेंन्शियल सस्टेनेबिलिटी के लिए नॉन-फेयर बॉक्स रेवेन्यू के विकल्पों को भी तलाश कर रहा है।

इसके लिए एनसीआरटीसी ने पांच स्टेशनों, आनंद विहार, साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर और दुहाई के लिए सेमी-नेमिंग/को-ब्रांडिंग राइट्स देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रारंभिक चर्चा के बाद, बिड जमा करने की अवधि 1 से 8 नवंबर तक दी गई है। बिड के दस्तावेज एनसीआरटीसी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं और इसे केंद्र सरकार के सीपीपीपी (सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल) की ई-प्रोक्योरमेंट साइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। आरआरटीएस स्टेशनों के सेमी-नेमिंग/को-ब्रांडिंग राइट्स, स्थानीय ब्रांड्स के साथ-साथ राष्ट्रीय और वैश्विक ब्रांड्स के लिए भी विज्ञापन के एक प्रभावशाली अभियान के रूप में एक आदर्श मीडिया विकल्प हैं। इस टेंडर के अंतर्गत, ब्रांड्स को स्टेशन के नाम के पहले या बाद में अपना नाम लगाने के अधिकार के साथ-साथ, स्टेशन की दीवारों पर कथित ब्रांड के रंगों के उपयोग करने का अधिकार और प्रवेश/निकास द्वारों सहित स्टेशन में कई अन्य स्थानों पर होर्डिंग्स लगाने की अनुमति दी जाएगी।

साथ ही, एनसीआरटीसी नमो भारत ट्रेनों में अगले स्टेशन के लिए की जाने वाली घोषणा के साथ को-ब्रांडेड नाम की घोषणा करने की भी पहल कर रहा है। यह ब्रांड्स को एक अवसर प्रदान करता है कि वह एक ही समय में ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों की एक बहुत बड़ी संख्या को एक साथ संबोधित कर सकें। एनसीआरटीसी द्वारा दिए जा रहे इन सेमी-नेमिंग/को-ब्रांडिंग राइट्स से ब्रांड्स को सिविल स्ट्रक्चर्स तथा प्रवेश/निकास द्वार पर ब्रांडिंग और अन्य क्षेत्रों में व्यापक कवरेज की सुविधा उपलब्ध होगी। आनंद विहार और गाजियाबाद जैसे मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन की सुविधा प्रदान करने वाले स्टेशन अपनी अत्यधिक यात्री क्षमता के कारण एक महत्वपूर्ण ब्रांडिंग अवसर मुहैया कराते हैं।

एनसीआरटीसी जल्द ही, नॉन-फेयर बॉक्स रेवेन्यू के लिए कई अन्य नवोन्मेषी पेशकश जिनमें मीडिया राईट्स, स्टेशनों पर एफ एंड बी एवं रीटेल स्पेस, ऑफिसों और रीटेल के लिए फ्लोर्स, पोरिंग राइट्स, टेलिकॉम एक्सेस राइट्स, वर्चुअल स्टोर्स आदि भी शुरु करेगा।

नमो भारत ट्रेन सेवा भारत की सबसे तीव्र क्षेत्रीय परिवहन प्रणाली है जो गति के माध्यम से प्रगति करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसकी यह विशेषता एनसीआरटीसी के मूल्य प्रस्ताव को खास बनाती है और संभावित भागीदारों को आकर्षक लाभ प्रदान करती है। यह भागीदारी न सिर्फ एनसीआरटीसी के लिए नॉन-फेयर बॉक्स रेवेन्यू में वृद्धि के अवसर प्रदान करेगी बल्कि भागीदार ब्रांडों को एक बहुत बड़े क्षेत्र में काफी बड़ी संख्या में आबादी के लिए अपने उत्पादों को विज्ञापित करने का लाभ प्रदान करेगी।

# सिख समुदाय ने युद्ध पीड़ितों को सहायता की पेशकश की

- फलस्तीनी राजदूत से डीएसजीएमसी प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर जताई इच्छा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति (डीएसजीएमसी) के पूर्व अध्यक्ष मंजीत सिंह जीके के नेतृत्व में सिख समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में फलस्तीनी राजदूत अदनान अबू अल-हिजा से मुलाकात की और इजराइल-हमास युद्ध से प्रभावित लोगों को मदद की पेशकश की।

मंजीत सिंह जीके ने बताया, हमारा समुदाय हमेशा शांति और सद्भाव की वकालत करता है और हम उन लोगों की मदद करना चाहते हैं जो इजरायल-हमास युद्ध से प्रभावित हैं। प्रतिनिधिमंडल ने राजदूत को एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें मौजूदा संघर्ष के बारे में अपनी चिंताओं का उल्लेख किया गया और मदद की पेशकश की। ज्ञापन के अनुसार, हम समझते हैं कि फलस्तीन वर्तमान में मानवीय संकट से जूझ रहा है और हम खाद्य आपूर्ति की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सहायता की पेशकश करते हैं। दुनिया भर के सिख पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर काफी चिंतित हैं। इस युद्ध के चलते इजराइल और फलस्तीन दोनों में लोगों को जान गंवानी पड़ रही है।

# गोली लगने से जीआरपी के जवान की मौत, पत्नी बोली, मैंने मारा

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**सेक्टर**-10 थाना क्षेत्र में एक जीआरपी के जवान की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। इस मौत की जिम्मेदारी लेते हुए उनकी पत्नी ने कहा कि-मैंनें मारा है। घटना की सूचना पाकर क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना के समय घर में पति-पत्नी और उनका बेटा मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार गुरुग्राम के गांव शिकोहपुर निवासी राजबीर रेवाड़ी में जीआरपी में तैनात था। वह गुरुग्राम के सेक्टर-10 में अपने परिवार के साथ रहता था। परिवार में पत्नी व एक बेटा है। बुधवार की देर रात उसकी गोली लगने से मौत हो गई। घटना के समय भी घर में तीनों सदस्य ही मौजूद थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया गया। सूचना है कि इस घटना में राजवीर की पत्नी को भी गोली लगी है। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**जमीन विवाद को लेकर घटना का अंदेशा :** राजवीर के बड़े भाई सतबीर सिंह ने बताया कि वह गांव शिकोहपुर में ही रहते हैं। गुरुवार की सुबह उन्हें इस घटना की जानकारी मिली। वे सीधे अस्पताल पहुंचे।


राजवीर। फाइल फोटो।

सतबीर सिंह के मुताबिबक राजवीर का बेटा अनु उर्फ यश यादव राजबीर पर दबाव बनाता था कि गांव में परिवार की जो जमीन है, वह उसके नाम कराई जाए। सतबीर ने यह भी जानकारी दी है कि राजबीर की पत्नी उसे गोली मारने की बात कह रही है। सतबीर की मांग है कि पुलिस इस घटना की तह तक जाकर जांच करे, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

**पत्नी दिल्ली पुलिस में :** जीआरपी जवान मृतक राजवीर के बेटे अनु के साले ने जानकारी दी कि उनकी बहन की शादी अनु उर्फ यश यादव के साथ वर्ष 2022 में हुई थी। उनकी बहन दिल्ली पुलिस में तैनात है। अनु उनकी बहन से अलग रहता था। बुधवार को उनकी बहन सेक्टर-10 में अपनी वर्दी लेने आई थी और वापस घर आ गई। इसके बाद यह घटना घटी।

## पटौदी में हुआ कृत्रिम अंगों व सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण

**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल एवं उपायुक्त डा. निशांत कुमार यादव व जिला अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा के दिशा-निर्देशन व सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन में गुरुवार को दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों को कृत्रिम अंगों व सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण शिविर लगाया गया। पटौदी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (बाल) में यह शिविर लगाया गया।

जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि पटौदी के शिविर में काफी लोगों ने पंजीकरण कराया है। इसी प्रकार शुक्रवार 3 नवंबर को बाल भारती विद्या मंदिर, देवी मंदिर फव्वारा चौक, सोहना तथा 4 नवंबर को रेड क्रॉस सोसायटी गुरुग्राम परिसर चंदन


शिविर में जांच करते चिकित्सक।

नगर में पंजीकरण किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि ये शिविर आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड के सीएसआर योजना के सहयोग से लगाए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण लेने के लिए सभी दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिक अपने जरूरी कागजात पंजीकरण के लिए लेकर आएं, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो। कृत्रिम अंगों के लिए सभी दिव्यांगों की जांच भी बारीकी से की जाएगी, ताकि उपकरण सही दिए जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सोहना नगरपरिषद वार्ड 15 में होगी मतदाताओं की जीत



**सोहना।** सोहना नगर परिषद के वार्ड 15 पार्षद पद के उपचुनाव में प्रत्याशियों ने ऐढ़ी चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। प्रत्याशी कार्यकर्त्ताओं को लेकर प्रचार प्रसार में अपनी ताकत दिखाने रहे है। रविवार को होने वाला पार्षद पद के उपचुनाव में प्रत्याशियों ने पूरी ताकत लगाना शुरू कर दिया है। अपने साथ भारी संख्या में समर्थकों को लेकर घर-घर जा रहे है। प्रत्याशी संदीप सिंगला मतदाताओं को सामुहिक समस्याओं को जड़ से समाप्त करने का आश्वासन देकर समर्थन जुटा रहे है। संदीप सिगला इस बार मतदाताओं का भारी समर्थन मिलने का दावा कर रहे है। महिलाए मतदाताओं को चुनाव चिन्ह की याद रखने के लिए सर्दी में भी छत्तरी लेकर प्रचार प्रसार में जुटी है।

### कपड़े बेचने वाले को तीन युवकों ने पीटा

**सोहना।** भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी में कपड़ा बेचने वाले को तीन युवकों ने पहले गाली दी और फिर मिलकर पिटाई की। पीडित ने पिटाई करने के आरोपी युवकों पर मोबाइल फोन और नकदी लुटने का आरोप लगाया है। भोंडसी थाना पुलिस ने पीडित की शिकायत पर दो नामजद समेत तीन आरोपी युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। भोंडसी की देवनगर कॉलोनी में रहने वाले मानसिंह ने पुलिस को बताया कि वह फेरी लगाकर कपड़े बेचता है। मंगलवार की शाम करीब 6 बजे वह मारुति कुंज कॉलोनी में से होता हुआ अपने घर देव नगर कॉलोनी में जा रहा था। उसके साथ में से रिठौज ढाणी निवासी रविन्द्र और ललित ने निकलते हुए उसे गालियां दी। वह पीछे मुडा और रविन्द्र व ललित से बिना कारण उसे गाली देने का कारण पूछा। इतना पूछने पर दोनों युवक वापस उसके पास आए और मारना शुरु कर दिया। उन्होने उसे लात-घूसों से पिटाई की। उसी समय रिठौज निवासी राजू वहा आ गया। उसने रविन्द्र और ललित की शिकायत की। राजू से शिकायत करने के बाद ललित और रविन्द्र अपने साथ एक युवक को और ले आए और उसे बीच रास्ते में रोककर तीनों ने फिर से उसे पीटा। इस बार तो जमीन पर गिराकर मार लगाई। जाते समय तीनों युवक उसे जान से मार देने की धमकी देकर गए थे। पीडित मानसिक को सीएचसी सोहना में उपचार के लिए दाखिल कराया। उसके बाद डॉक्टरों ने उसे गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया।

### अवसाद के होते हैं कई लक्षण, इन पर ध्यान दें


राष्ट्रीय तनाव जागरुकता दिवस पर महिलाओं की जांच करती डा. नीतिका।

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय तनाव जागरुकता दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में होम्योपैथिक डिस्पेंसरी दौलताबाद में आयुष विभाग की तरफ से जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीतिका शर्मा ने बताया कि हर साल 2 नवंबर को राष्ट्रीय तनाव जागरुकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। शरीर और स्वास्थ्य पर तनाव और इसके हानिकारक प्रभाव के बारे में जागरूकता लाने के लिए इसका आयोजन किया जाता है। यह एक वैश्विक स्तर का अभियान है, जिसका उद्देश्य है लोगों को तनाव क्या है। इसको किस तरह से डील करें के बारे में जागरूक करना। आमतौर पर देखा जाता है कि हर व्यक्ति अवसाद से ग्रसित है चाहे वह किसी भी उम्र व लिंग से संबंधित है। किसी काम में मन ना लगा पाना, एक साथ कई चीजें दिमाग में चलना, छोटी-छोटी चीज भूलना, घबराहट होना, शरीर में कंपन होना, बार-बार सिर दर्द हो जाना जैसी चीज बताती हैं कि आप पर अवसाद हावी हो रहा है। इसके लिए योगा, मेडिटेशन व होम्योपैथी का सहारा लिया जा सकता है। होम्योपैथी मानसिक बीमारियों में बहुत अच्छा काम करती है। क्योंकि इसमें हम रोगी के बीमारी के नाम से नहीं बल्कि उसको संपूर्ण तरीके से को जानने की कोशिश करते हैं। जिससे हमें बीमारी की जड़ का पता लगता है। होम्योपैथिक दवाइयां शरीर पर किसी भी तरह का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालती हैं व इन दवाइयों की कोई आदत भी नहीं लगती है। यह पूरी तरह से सुरक्षित है। शिविर में डॉ. रेनू, हरगंगे व अन्य का सहयोग रहा।

### श्रीअन्न को भोजन मे शामिल करने से स्वस्थ जीवन प्राप्त होता है

**फिरोजपुर झिरका।** पीएम श्री विद्यालय पाठखोरी मे मोटे अनाज की उपयोगिता पर जागरुकता रैली का कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग फिरोजपुर झिरका के सौजन्य से किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। युसुफ खान, पंकज सैनी ने मोटे अनाज के फायदे बताते हुए कहा कि हमे भोजन की थाली में बाजरा, ज्वार, रांगी आदि के व्यजन जरूर शामिल करें, जिससे आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति हो सके। स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस एम्बसडर डॉ पवन कुमार ने कहा कि श्रीअन्न अच्छे स्वास्थ के लिए एक वरदान है क्योंकि मोटे अनाज मे प्रोटीन, जरूरी खनिज तत्व, एंटीओक्सिडंट, विटामिन, फाईबर आदि प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

## गुरुग्राम पुलिस ने साइबर ठगी के 43.60 लाख वापस दिलवाए

**पुलिस ने ठगों के खिलाफ की प्रभावी कार्रवाई**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस द्वारा साईबर ठगों के खिलाफ तत्पर व प्रभावी कार्रवाई करते हुए ठगी गई लगभग 43.60 लाख रुपए की राशि वापस दिलवाई। पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपियों की धरपकड़ की कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार 2 अक्टूबर 2023 को वाइस प्रेसिडेंट वरुणा लोजिस्टिक सेक्टर-37 गुरुग्राम संजीव कुकरेजा ने थाना साईबर अपराध पश्चिम में शिकायत दी। शिकायत में कहा कि उनकी कंपनी के पुल अकाउंट में 5 फर्जी हैप्पी कार्ड जोड़कर बैंक खाते से करीब 45 लाख रुपयों की ठगी हो गई है। साइबर थाना पश्चिम के निरीक्षक सवित कुमार की टीम ने इस शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते फ्रॉड की राशि के सम्बन्ध में एचडीएफसी बैंक को नोटिस देकर खाते से ट्रांसफर हुए/लेन-देन सम्बन्धित विवरण प्राप्त किया गया। जिसमें राशि एमपीएल लाइव गेम में ट्रांसफर मिली। एमपीएल लाइव गेम को नोटिस देकर लाभार्थी का रिकॉर्ड लिया गया। रकम की ट्रांजेक्शन का मिलान करवाकर अमाउन्ट को तुरंत होल्ड करवाया गया। अमाउंट होल्ड कराने के बाद 43.60 लाख रुपये को रिफन्ड प्रोसेस के जरिए शिकायतकर्ता के बैंक खाते में रिफन्ड करवाई गई।




साथ ही पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम में केस भी दर्ज किया गया है। वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पहचान के लिए जानकारी एकत्रित करके उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। गुरुग्राम पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अपराधों के प्रति सतर्क रहें। किसी भी प्रकार की साईबर ठगी होने पर तुरंत नजदीकी थाना/साईबर थाना में सूचित करें और 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

## कैब बुक कर चालक से लूट करने के दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**आरोपियों के पास से चांदी का कड़ा, मोबाइल व लूटा गया क्रेडिट कार्ड बरामद**

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**कैब** बुक करके कैब चालक से लूट व मारपीट के दो आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने गुरुवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि आरोपियों के कब्जे से लूटा गया चांदी का कड़ा, मोबाइल फोन, क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड से खरीदे गए कपड़े भी बरामद हुए हैं।

जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर 2023 को एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि वह कैब चालक है और 29 अक्टूबर को उबर के माध्यम से एक व्यक्ति ने उसकी टैक्सी सेक्टर-99 क्षेत्र में गांव धनकोट से दौलताबाद के लिए बुक की थी।


पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए कैब चालक से लूट के आरोपियों के बारे में जानकारी देते एसीपी क्राइम वरुण दहिया।

जब वह सवारी को पिक करने के लिए लोकेशन पर पहुंचा तो वहां पर टैक्सी बुक करने वाले व्यक्ति के साथ एक अन्य व्यक्ति भी था। उसने इसके सिर पर रोड मारी तथा पिछली सीट पर डाल लिया। दूसरा व्यक्ति गाड़ी चलाने लगा। उन व्यक्तियों ने उसका मोबाईल फोन, चांदी का कड़ा, एटीएम पिन कोड पता करके एटीएम से 15 हजार रुपए निकाल लिए। उसके क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग कर ली।

इस शिकायत पर पुलिस थाना राजेंद्रा पार्क में केस दर्ज किया गया। धनकोट पुलिस चौकी प्रभारी उप-निरीक्षक प्रदीप कुमार की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मारपीट व लूट करने की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है।

## उपचुनाव के लिए प्रशिक्षण बूथ पर कल रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**नगर** परिषद के वार्ड-15 में होने वाला पार्षद पद के उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों को शनिवार को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी दिन पोलिंग टीम को बूथ के लिए रवाना किया जाएगा। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को भी शनिवार को ईवीएम मशीन समेत चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

रविवार को नगर के वार्ड-15 में पार्षद का उपचुनाव होगा। चुनाव में बनाई गई पोलिंग पार्टियों को एक दिन पहले शनिवार को एसडीएम कार्यालय में प्रशिक्षण देने के साथ चुनाव सामग्री के साथ रवाना किया जाएगा। चुनाव ईवीएम मशीन से कराया जाएगा। पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण देने के साथ ही तुरंत शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में बना मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। यहा पर बूथ नंबर 30 और 31 में मतदान होगा। अभी तक वार्ड में कुल वोटों की संख्या 1500 के लगभग है। चुनाव में ड्यूटियां लगा दी गई है।

**प्रत्याशियों का दी जाएगी जानकारी :** शनिवार को ही प्रत्याशियों को ईवीएम मशीन के द्वारा कराया जाने वाला चुनाव की जानकारी दी जाएगी। ईवीएम मशीन की जांच कराई जाएगी। शनिवार को मतदान केन्द्र पर प्रत्याशियों के एजेंटों के नाम लेने के साथ उनका प्रवेश कार्ड बनाया जाएगा।



**कड़ी सुरक्षा में होगा मतदान :** रविवार को होने वाला पार्षद पद के उपचुनाव के दौरान मतदान केन्द्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होगी। मतदान केन्द्र के आस पास धारा 144 लागू रहेगी। किसी भी व्यक्ति को मतदान केन्द्र के आस पास से आने व जाने की अनुमति नहीं होगी। मतदान पूरी सुविधा और सुरक्षा के बीच कराया जाएगा।

> **मतदान** को किसी भी सूरत में हल्के में नहीं लिया जाएगा। मतदान को उसके नियमानुसार किया जाएगा। चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरतने दी जाएगी। चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने वालों पर चुनाव आयोग के निर्देशों की पालना करते हुए दोषी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।
>
> **( प्रदीप सिंह-एसडीएम सोहना )**

## एनसीआर रियल एस्टेट क्षेत्र में वोमेकी – दृष्टि, विश्वास और नवाचार के साथ भारत के व्यापार परिदृश्य में क्रांतिकारी बदलाव लाने को तैयार

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

**भारत** के उभरते व्यापारिक परिदृश्य के केंद्र में, एक उल्लेखनीय नाम 2021 से प्रमुखता प्राप्त कर रहा है – वोमेकी। दिल्ली एनसीआर और प्रमुख शहरों में ऑफिस और रिटेल स्पेस सहित प्रमुख कामर्शियल प्रॉपर्टीज़ में विशेषज्ञता, वोमेकी न केवल निवेश की सुविधा बल्कि सपनों को पूरा करने और विश्वास को फिर से जगाने के लिए प्रतिबद्ध है।

चुनौतियों से भरी दुनिया में, वोमेकी की नवाचार, विश्वास और उत्कृष्टता के प्रति स्थायी प्रतिबद्धता इसे भारत के व्यापार परिदृश्य में एक अग्रणी शक्ति के रूप में अलग करती है। जैसे-जैसे व्यवसाय लगातार बदलते परिवेश के अनुकूल हो रहे हैं, वोमेकी एक दृढ़ भागीदार बनी हुई है, जो जीवन को बदलने और सफलता को फिर से परिभाषित करने के लिए समर्पित है।

जैसा कि भारतीय रियल एस्टेट बाजार में मांग में वृद्धि का अनुभव हो रहा है, वोमेकी परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 2023 की तीसरी तिमाही ने सामान्य मानसून सीजन की मंदी को खारिज कर दिया है, जिसमें वार्षिक बिक्री में पर्याप्त वृद्धि देखी गई है, जिसमें भारत के शीर्ष सात शहरों में 1,20,280 आवास इकाईयां बेची गईं।

वोमेकी का प्रभाव इस संपन्न बाजार तक फैला हुआ है, विशेष रूप से 40 लाख रुपये से 80 लाख रुपये के बीच की कीमत वाले मिड हाउसिंग सेगमेंट में, जो खरीदारों के बीच सबसे लोकप्रिय विकल्प बना हुआ है, जो कुल नई आपूर्ति का 28 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, लक्जरी सेगमेंट (1.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले घर) और प्रीमियम सेगमेंट (80 लाख रुपये से 1.5 करोड़ रुपये) का बाजार में 27 प्रतिशत हिस्सा है।

वोमेकी ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री गौरव टोंगर ने कहा कि हमें इस परिवर्तनकारी अवधि के दौरान भारत के रियल एस्टेट परिदृश्य का हिस्सा होने पर गर्व है। वोमेकी ग्रुप दिल्ली एनसीआर में अग्रणी रियल एस्टेट विकास के लिए समर्पित है, जो हमारे ग्राहकों को नवीन, टिकाऊ और अत्यधिक मूल्यवान संपत्तियां प्रदान करता है।

वोमेकी के पंख शिक्षा, रियल एस्टेट, परियोजना विकास, आतिथ्य और आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं। उनकी यात्रा उत्कृष्टता, नवीनता और पारदर्शिता की दृष्टि से प्रेरित है। वे ऐसे परिणाम देने के लिए समर्पित हैं जो उनके ग्राहकों के जीवन को आसान और अधिक कुशल बनाते हैं।

## ओम इंफ्रा लिमटेड को दूसरी तिमाही में 22.23 करोड़ रुपए का मुनाफा

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**कंपनी के शेयर में पिछले 6 महीने में 116 फीसदी की शानदार तेजी देखने को मिली**

**विजय** केडिया के इंवेस्टमेंट वाली ओम इंफ्रा लिमिटेड ने इस वित्त वर्ष के दूसरी तिमाही के नतीजे जारी कर दिया हैं। कंपनी की ओर से दूसरी तिमाही में शानदार मुनाफा दर्ज किया गया है। कंपनी ने इस बार 22.23 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया है। वहीं एक साल पहले की तिमाही में इस दौरान कंपनी को 6.12 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। वहीं कंपनी का Profit before Ta& (PBT) इस तिमाही के लिए 42 करोड़ आया है। इसके साथ ही कंपनी के शेयर में पिछले 6 महीने में 116 फीसदी की शानदार तेजी देखने को मिली है।

हाल ही में ओम इंफ्रा में विजय केडिया ने भी इंवेस्ट किया था। केडिया सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड ने ओम इंफ्रा में 24,65,912 इक्विटी शेयर (2.56 फीसदी) हिस्सेदारी खरीदी थी। इंजीनियरिंग कंपनियों में से एक कंपनी ओम इंफ्रा के संचालन से राजस्व में साल-दर-साल 250 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में परिचालन राजस्व 258.91 करोड़ रहा। एक साल पहले की अवधि में यह 73.30 करोड़ था। वहीं 30 जून, 2023 को समाप्त पिछली तिमाही में परिचालन से राजस्व 262.82 करोड़ रुपए के साथ ओम इंफ्रा ने 15.97 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था. कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 41 करोड़ रुपए हो गया है, साथ ही ऑपरेटिंग प्रॉफिट मार्जिन 15 प्रतिशत पर आ गया है, जिसमें Earnings-per-Share (EPS) सुधरकर 2.26 रुपए हो गया है। इस दौरान कंपनी के सेगमेंट में इंजीनियरिंग ने इस तिमाही के राजस्व में 255.29 करोड़ रुपए का योगदान दिया, जबकि रियल एस्टेट ने 3.62 करोड़ रुपये के राजस्व में योगदान दिया. इंजीनियरिंग सेगमेंट ने 49.29 करोड़ रुपये का कर पूर्व लाभ (पीबीटी) दर्ज किया, जबकि रियल एस्टेट सेगमेंट ने दी गई तिमाही के लिए पीबीटी में 0.81 करोड़ का योगदान दिया।

ओम इंफ्रा लिमिटेड के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर एसके जैन ने कहा कि हमने वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 12 प्रतिशत से अधिक EBITDA और 7 प्रतिशत के शुद्ध लाभ के साथ 546 करोड़ रुपए की टॉप लाइन हासिल की है। इसमें प्रमुख योगदानकर्ता जल जीवन मिशन परियोजनाएं, इसरदा बांध और शाहपुर कंडी पंजाब परियोजना शामिल हैं। हम हाइड्रो और अन्य जल संबंधी परियोजनाओं में और अधिक ऑर्डर बुक जुड़ने की संभावना के साथ लगातार विकास के लिए तैयार हैं।

कंपनी का 6 महीने में 34 गुना प्रॉफिट बढ़ा है। वहीं ओम इंफ्रा का नेट प्रॉफिट 30 सितंबर, 2023 को समाप्त पहले छह महीनों में 34 गुना से अधिक बढ़कर 38.20 करोड़ रुपए हो गया, जबकि एक साल पहले की अवधि में शुद्ध लाभ 1.08 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन अवधि के दौरान परिचालन से राजस्व 190.15 करोड़ से 175 फीसदी बढ़कर 521.72 करोड़ हो गया।

## बीबेट्टा एप ने दर्ज किया शानदार विकास एक महीने में जुड़े 5.5 लाख यूजर

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**फ्री-टू-प्ले** स्पोर्ट्स प्रेडिक्शन प्लेटफॉर्म बीबेट्टा के यूजर्स और डाउनलोड्स की संख्या में शानदार उछाल देखने को मिला है। इससे नॉन-आरएमजी गेमिंग सेक्टर में एक प्रीमियर प्लेयर के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। मात्र एक महीने में इससे 5.5 लाख यूजर्स जुड़े हैं और यह एप गूगल प्ले पर भारत की गेमिंग कैटेगरी में छठे स्थान पर पहुंच गया है। 40 प्रतिशत के शानदार यूजर एंगेजमेंट के साथ इस प्लेटफॉर्म पर 5,00,000 प्रेडिक्शन और 1,50,000 कम्युनिटी पोस्ट देखने को मिली हैं।

बीबेट्टा एप का शानदार विकास इसकी अनूठी ऑफरिंग और इससे जुड़ी डेडिकेटिड कम्युनिटी का प्रमाण है। इसकी सफलता में योगदान देने वाले शीर्ष शहरों में मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद और बेंगलुरु शामिल हैं। इसके यूजर्स में 82 प्रतिशत पुरुष और 18 प्रतिशत महिलाएं हैं। इस सफलता पर बीबेट्टा के सीईओ एवं संस्थापक मीत शाह ने कहा, इतने कम समय में इस अप्रत्याशित विकास से हम रोमांचित हैं। यह स्पोर्ट्स के दीवानों को एंगेजिंग और रिवार्डिंग प्लेटफॉर्म प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को



दिखाता है। बीबेट्टा केवल बेटिंग से जुड़ा प्लेटफॉर्म नहीं है, बल्कि हम एक ऐसी कम्युनिटी बनाना चाह रहे हैं जहां यूजर्स खेलों को लेकर अपने उत्साह को साझा कर सकें।

इस शानदार विकास के साथ-साथ बीबेट्टा ने बीबेट्टा रिवार्ड्स बोनांजा (बीआरबी) की पेशकश का भी एलान किया है। यह दो हफ्ते चलने वाला रिवार्ड्स फेस्टिवल है, जो 5 नवंबर से शुरू हो रहा है। यह फेस्टिवल ऐसे समय में पेश किया गया है, जबकि दिवाली आने वाली है। बीबेट्टा रिवार्ड्स बोनांजा (बीआरबी) का उद्देश्य नॉन-आरएमजी सेक्टर में यूजर एंगेजमेंट एवं रिवार्ड्स को रीडिफाइन करना है। इसमें ट्रेंडिंग गैजेट्स से लेकर लक्जरी आइटम और यूनीक एक्सपीरियंस जैसे 50 से ज्यादा रिवार्ड्स पाने का मौका मिलेगा। बीबेट्टा एक ऐसा यूजर-सेंट्रिक प्लेटफॉर्म बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए।

## ओप्पो इंडिया की सेंड-इन रिपेयर सेवा का विस्तार 25,000 पिन कोड्स तक हुआ, रिपेयर के लिए 24 घंटे के टर्नअराउंड टाइम की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**ओप्पो** इंडिया ने अपने सर्विस सेंटर 3.0 के साथ आफ्टर-सेल्स सेवा के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। ओपो की पिक-अप और ड्रॉप सेवा के साथ सर्विस सेंटर 3.0 भारत में 25,000 पिन कोड्स तक पहुँच चुका है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ओप्पो ने सॉफ्टवेयर समस्याओं, स्क्रीन और बैटरी के रिप्लेसमेंट, स्पीकर डैमेज और टचस्क्रीन ख़राब होने सहित स्मार्टफ़ोन रिपेयर के 80त्न मामलों के लिए त्वरित 24-घंटे टीएटी (टर्नअराउंड टाइम) की गारंटी देने के लिए अपनी कार्यक्षमता को मजबूत किया है।

पिछले साल शुरू की गई ओप्पो की कस्टमर सर्विस 3.0 सेवा पहले से ही ग्राहकों को ख़ास डिवाइसेज़ के लिए एक घंटे में ऑनसाइट रिपेयरिंग, नए उत्पादों का प्रदर्शन, मुफ्त पिक-अप एवं ड्रॉप और रिपेयर के लिए डेबिट/क्रेडिट कार्ड द्वारा बैंक ईएमआई के विकल्प जैसे कई फ़ायदे प्रदान करती है। ग्राहक ओप्पो के तकनीशियनों को अपनी आंखों के



सामने डिवाइस ठीक करते हुए देख सकते हैं, इसलिए ओप्पो इंडिया की इस सेवा द्वारा पारदर्शी और रियल-टाइम में रिपेयरिंग की सुविधा मिलती है। ग्राहक ओप्पो इंडिया की वेबसाइट पर जाकर 24 घंटे में सेंड-इन रिपेयर सेवा का लाभ लेने के लिए सेंड-इन रिपेयर फॉर्म जमा करके अपने स्मार्टफोन के लिए मुफ्त पिक-अप और ड्रॉप की सेवा प्राप्त कर सकते हैं; इस फॉर्म में उन्हें पिक-अप के पते के साथ डिवाइस का IMEI नंबर और अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर डालना होता है। यह डिवाइस सर्विस सेंटर में पहुंचते ही ओप्पो इंडिया का 24 घंटे में रिपेयर का टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) शुरू हो जाता है। रिपेयर के अपडेट्स लगातार ग्राहकों को एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से मिलते रहते हैं। यदि रिपेयर होने वाली डिवाइस किसी दूर-दराज के इलाक़े से आई है, तो पिक-अप से लेकर रिपेयर और डिलीवरी तक की प्रक्रिया 5 से 7 दिनों में पूरी हो जाती है। ओप्पो इंडिया के ग्राहक ट्विटर या फेसबुक पर @OPPOCareIN से संपर्क करके भी सेंड-इन रिपेयर सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

सर्विस सेंटर के विस्तार के बारे में ओप्पो इंडिया के सीएमओ, दमयंत सिंह खनोरिया ने कहा कि हमारा हर काम ग्राहक पर केंद्रित होता है। देश में 25,000 पिन कोड्स तक हमारी स्मार्टफोन रिपेयर पिक-अप एवं ड्रॉप सेवा का विस्तार देश के कोने-कोने में सुगम ग्राहक सेवा प्रदान करने की ओप्पो की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। ओप्पो इंडिया ने अपने सर्विस सेंटर्स पर फ़ेस्टिव ऑफर* की घोषणा भी की है। यह ऑफर 6 नवंबर से 10 नवंबर तक जारी रहेगा और इसमें डिस्प्ले, मेनबोर्ड, और बैटरी की रिपेयरिंग पर 25 प्रतिशत की छूट तथा फोन एक्सेसरीज पर 10प्रतिशत की छूट के साथ फ्री प्रोटेक्टिव कवर, बैक कवर और फ़ोन डिसइन्फेक्शन सर्विस का लाभ मिलेगा।

# करोड़ों खर्च करने के बाद भी इंडोर स्टेडियम सफेद हाथी साबित

**पलवल के खिलाड़ी अभी भी दूसरे शहरों में जाने को मजबूर**



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**लगभग** 18 करोड़ की लागत से बना पलवल का इंडोर स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए सफेद हाथी साबित हुआ है। बनने के बाद भी इसको अभी तक खेल विभाग को समर्पित नहीं किया गया है। जिसकी वजह से आज भी पलवल क्षेत्र के खिलाड़ी दूसरे शहरों में खेलने को मजबूर हैं। इससे खिलाड़ियों का समय और धन बर्बाद होता है और वे अपने खेल को पूरा समय नहीं दे पाते हैं। खिलाड़ियों ने तुरंत ही इंडोर स्टेडियम को खेल विभाग को सौंपने की मांग की है। जिससे खिलाड़ियों को शहर में ही इंडोर खेल की सभी प्रकार की सुविधा मिल सके।

पलवल में करोड़ों की लागत से बना इंडोर स्टेडियम क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए व्यर्थ साबित हुआ है। इंडोर गेम खेलने वाले खिलाड़ी फरीदाबाद, गुडगांव, दिल्ली आदि शहर जाने को मजबूर हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि लगभग सात साल पहले पलवल में शिक्षा विभाग के कार्यालय को तोड़कर इस खेल स्टेडियम का निर्माण शुरू किया गया था। इस स्टेडियम को बने छह माह हो गए हैं। परंतु पीडब्ल्यूडी विभाग ने आज तक इसको खेल विभाग को समर्पीत नहीं किया है। जिसकी वजह से आज भी पलवल, होडल, हथीन, हसनपुर क्षेत्र के खिलाड़ी बैडमिंटन, लॉन टेनिस, टेनिस, जिमनास्टिक और दूसरे इंडोर खेलों को दूसरे शहरों में ही जाकर खेलने को मजबूर हैं। पलवल से दूसरे शहर खेलने के लिए आने-जाने में कई घंटे बर्बाद होते हैं। जिससे खिलाड़ी अपने खेल को पूरा समय नहीं दे पाते। वहीं बाहर जाने में खिलाड़ियों का हर रोज सैकड़ों रुपये भी खर्च हो जाते हैं। गरीबों के पास हर रोज खर्च करने के लिए पैसे नहीं होने से वे दूसरी जगह खेलने को नहीं जा पाते हैं। महिला खिलाड़ियों को उनके परिजन दूसरे शहरों में खेलने जाने की मंजूरी नहीं देते हैं। जिससे वह इंडोर खेल में पिछडती जा रही हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि करोड़ों खर्च करके इस स्टेडियम को बनाने की जरूरत ही क्या थी, जब इसको खेल विभाग को खेलने के लिए सौंपना ही नहीं था। उन्होंने जल्द से जल्द इंडोर स्टेडियम को खिलाड़ियों को सौंपने की मांग की है, जिससे पलवल जिले के खिलाडियों को शहर में ही इंडोर गेम खेलने की सुविधा मिल सके।

> **पलवल** इंडोर स्टेडियम को बनने के बाद भी खेल विभाग को नहीं सौंपा गया है। जिसकी वजह से आज भी पलवल के इंडोर गेम खेलने वाले खिलाड़ी खेलने के लिए बाहर जाने को मजबूर हैं।
>
> **-चाहत सिंह, बैडमिंटन खिलाड़ी**
>
> **सात** साल पहले पलवल में इंडोर स्टेडियम बनाने का कार्य शुरू हुआ था। जो बन तो गया है, परंतु अभी इसको खिलाड़ियों के लिए नहीं खोला गया है। जिससे आज भी पलवल के खिलाड़ी इंडोर गेम खेलने के लिए दूसरे शहरों को जाने को मजबजूर हैं।
>
> **-लक्ष्य गहलौत, लॉन टेनिस खिलाड़ी**
>
> **पलवल** में बने इंडोर स्टेडियम को अभी तक खेल विभाग को समर्पित नहीं किया गया। जैसे ही स्टेडियम को खेल विभाग को समर्पित किया जाएगा, इसको खिलाड़ियों के खेलने के लिए खोल दिया जाएगा।
>
> **-अनिल कुमार, जिला खेल अधिकारी**

# चैंबर के सामने जमीन पर दावे को लेकर वकीलों ने शुरू की हड़ताल

**पुलिस ने बुधवार को रुकवाया था काम**



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर**-12 में वकीलों के चैंबर के सामने खाली पड़ी जमीन पर कब्जे को लेकर गुरुवार को वकीलों ने हड़ताल शुरू कर दी। इस अवसर पर उन्होंने वकील एकता जिंदाबाद व प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। बुधवार को वकील और पुलिस के बीच विवाद हो गया था। बार एसोसिएशन की ओर से बुधवार सुबह इस जमीन के एक हिस्से पर चारदीवारी का काम शुरू करा दिया गया था। एसोसिएशन यहां वकीलों की सीटों के लिए प्लेटफॉर्म बनवाना चाह रही है। इसकी सूचना मिलने पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की सर्वे शाखा के जेई पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए।

काफी देर तक पुलिस और वकीलों के बीच नोंकझोंक हुई। इसके बाद काम रुकवा दिया गया। मौके पर काफी पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। अब गुरुवार से वकीलों ने बैठक के बाद हड़ताल शुरू कर दी है। वहीं हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के जेई प्रेम प्रकाश का कहना है कि वकीलों के चैंबर के सामने प्राधिकरण की करीब साढ़े चार एकड़ जमीन है। इस जमीन को जिला प्रशासन को अलॉट किया हुआ है। इस पर बिना अनुमति के कोई काम नहीं किया जा सकता।

उन्हें जब पता चला कि इस जमीन के एक हिस्से में वकील बैठने के लिए चरीदीवारी करा रहे हैं। इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। इसके बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में जिला नगर योजनाकार इंफोर्समेंट राजेंद्र शर्मा को नियुक्त किया गया।

एसीपी सेंट्रल राजीव कुमार की अगुवाई में काफी पुलिसबल काम रुकवाने पहुंच गया। बार के प्रधान राजेश बैसला, महासचिव ओमदत्त कौशिक, ओपी शर्मा, जयप्रकाश भाटी, कपिल पाराशर ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया और कहा कि जमीन पर उनका हक है। वकील कंवर राकेश, दीपक शर्मा, श्योराज बैसला, महेंद्र गर्ग, ज्ञानेंद्र खटाना, एलएन पाराशर ने भी पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान वकीलों ने जिला नगर योजनाकार इंफोर्समेंट राजेंद्र शर्मा के खिलाफ नारेबाजी की और तरह-तरह के आरोप लगाए। प्रधन राजेश बैसला ने बताया कि वह यहां वकीलों के बैठने की जगह जरूर बनवाएंगे। वकीलों के बैठने के लिए जगह नहीं बची है। उधर सेंट्रल थाना प्रभारी रणबीर सिंह का कहना है कि उनके पास इस जमीन पर कब्जे की शिकायत आई है। इसलिए काम रुकवाया है।




# केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में मनाया हरियाणा दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**रसूलपुर** रोड पर स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में हरियाणा दिवस की धूम रही। विद्यार्थियों को हरियाणा की उपलब्धियों, ऐतिहासिक, धार्मिक धरोहरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया कि हरियाणा की संस्कृति निराली है। यहां की सभ्यता व संस्कृति भाईचारे का प्रतीक है।

हरियाणा संस्कृति की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि हरियाणा संस्कृति की विश्व में अलग ही पहचान है। पंजाब से हरियाणा के अलग होने के बाद यह केवल कृषि प्रदेश था। आज यह न केवल कृषि प्रदेश है, बल्कि औद्योगिक सहित कई क्षेत्रों में अपनी विशेष पहचान बना चुका है। विद्यालय में विभिन्न हरियाणवीं संस्कृति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। कक्षा पांचवीं की छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुति में हरियाणवी संस्कृति की झलक देखने को मिली। हरियाणवी वेशभूषा लहंगा चुन्नी व कुर्ता पजामा पहनकर कक्षा केजी1 व केजी2 के विद्यार्थियों ने हरियाणा की संस्कृति को दर्शाया व कक्षा एक व दो के छात्रों ने भाषण व कविता द्वारा सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा-6 की छात्रा ने सभी को हरियाणा से जुड़े खान-पान, व्यवहार व विभिन्न तथ्यों से अवगत कराया। हरियाणा दिवस मनाते समय हरियाणा से जुड़ी प्रत्येक खबर को हरियाणवीं भाषा में प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नम्रता कुंडू ने हरियाणा राज्य के गठन के समय की राजनीतिक स्थिति, गठन का समय व वर्तमान समय में राज्य की प्रगति के विषय में बताया और सभी को हरियाणा दिवस की बधाई दी।

# नवप्रसुता सुहागिनों के साथ मनाया करवाचौथ

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल




**पलवल** डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज की टीम ने नागरिक अस्पताल पलवल में नवप्रसुता सुहागिनों के बीच करवाचौथ का पावन पर्व मनाया। क्लब के संयोजक विकास मित्तल ने सभी को करवाचौथ की बधाई देते हुए कहा कि खुश रहने की पहली शर्त यह है कि आप खुशियां बांटें, क्योंकि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं।

हर पल खुश रहने के लिए छोटी-छोटी खुशियां बांटते रहना चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए नागरिक अस्पताल में नवप्रसुता सुहागिनों के साथ करवाचौथ मनायी गयी। क्लब की सह संयोजक अल्पना मित्तल ने भी सभी को त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैं हर वर्ष करवा चौथ मनाती हूं और हर वर्ष की तरह ही इस बार भी उन नवप्रसुता सुहागिनों के साथ करवा चौथ मनाया।

जो इस समय अपने नवजात शिशुओं के साथ अस्पताल में हैं और अस्पताल की कर्मचारियों के साथ, जोकि हर वक्त दूसरों की सेवा में लगी रहती हैं। हमारी संस्था बच्चों व परिवार की सलामती की मंगलकामना के साथ यह पर्व मना रही है। क्लब द्वारा उपस्थित सुहागिनों को सुहाग के प्रतीक सामान वितरित किये गये। दर्द और परेशानी के माहौल में भी नव प्रसुताओं के चेहरे पर फैली मुसकुराट देखकर उनके परिजनों ने भी संस्था के सदस्यों को ढेरों शुभाषीश और मंगलकामना के साथ धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में डॉ. ज्योति, जगदीश प्रसाद, उर्मिला, विकल्प, रुद्र, सोनिया, कांता, रेश्मा, करिश्मा, तनु, सावित्री, सोनी, ऊषा, ज्योति, ममता, प्रीति, संगीता, सरोज, कंचन, पूनम आदि उपस्थित थे।

# एडोर उत्सव : फरीदाबाद में मनोरंजन और उत्सव का एक भव्य आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**हम** वर्ष के सबसे बड़े कार्यक्रम ''एडोरे उत्सव'' की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं, जो मनोरंजन और संस्कृति का एक मेगा उत्सव है। यह आयोजन 3 नवंबर 2023 को एडोर प्रेसिडेंशियल वर्ल्ड, सेक्टर 84, फ़रीदाबाद में होने वाला है। एडोर उत्सव सभी आयु के लिए मंत्रमुग्ध कर देने वाली परफॉरमेंस और ऐक्टिविटीज से भरी एक शानदार शाम होने का वादा करता है, जिससे यह हर किसी के लिए वास्तव में एक यादगार अनुभव बन जाएगा।

एडोर ग्रुप के को-फाउंडर और डायरेक्टर जितेश गुप्ता ने कहा, ''एडोर उत्सव 2023 संस्कृति का जश्न मनाने, परिवारों में खुशी लाने और स्थायी यादें बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। मस्तीभरे एक दिन के लिए 3 नवंबर को एडोर प्रेसिडेंशियल वर्ल्ड में हमसे जुड़ें।''

**स्टार-स्टडेड लाइनअप :** हुसैन कुवाजेरवाला- करिश्माई मेजबान और कलाकार : करिश्माई हुसैन कुवाजेरवाला से मंत्रमुग्ध होने के लिए तैयार रहें, जो एडोर उत्सव में मेजबानी और प्रदर्शन करेंगे। अपनी मनमोहक ऊर्जा और शानदार प्रतिभा के साथ, प्रसिद्ध भारतीय टेलीविजन अभिनेता, होस्ट और मॉडल, हुसैन कुवाजेरवाला, मंच पर धूम मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

**सलमान अली** - मनमोहक आवाज : इंडियन आइडल सीजन 10 के विजेता सलमान अली के साथ एक भावपूर्ण शाम के लिए हमारे साथ जुड़ें। अपनी मधुर आवाज के साथ, वह निश्चित रूप से हमें एक ऐसे प्रदर्शन से सम्मानित करेंगे जो दिलों को छू जाएगा।

**रामायण एक्ट** - रामायण एक्ट की भव्यता का गवाह बनें।

**डांडिया नाइट** - हमारी डांडिया नाइट में घूमने और नृत्य करने के लिए तैयार हो जाइए।

# मंडी में एकाएक कपास की फसल की आवक में हुई बढ़ोतरी

**प्रतिदिन 500 से 700 क्विंटल कपास की फसल बिक्री के लिए मंडी पहुंच रही है**



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**अनाज** मंडी पलवल में एकाएक कपास की आवक में बढ़ोतरी हुई है। मंडी में लगभग 20 हजार क्विंटल कपास की फसल आ चुकी है। मंडी में हर रोज 500 से 700 क्विंटल कपास की फसल बिक्री के लिए आ रही है। आवक बढ़ने से आढ़तियों के चेहरों पर रौनक आई है। वहीं इस बार पैदावार बेहतर होने व अच्छा दाम मिलने से किसान भी खुश हैं।

पलवल अनाज मंडी में पिछले कुछ दिनों से कपास की फसल की आवक बढ़ी है। प्रतिदिन सैकड़ों क्विंटल फसल बिक्री के लिए मंडी में आ रही है। इस साल फसल की बिक्री न्यूनतम मूल्य से अधिक होने से किसान और आढ़तियों और मंडी अधिकारियों में खुशी देखी जा सकती है। सुबह से किसान अपनी कपास की फसल को लेकर मंडी में पहुंचना शुरू हो जाते हैं। इस समय कपास का न्यूनतम मूल्य 6650 रुपये प्रति क्विंटल है, परंतु मंडी में अच्छी कपास 7400 रुपये तक बिक रही है। किसानों का कहना है कि न्यूनतम मूल्य से अधिक दाम पर फसल के बिकने से सरकारी एजेंसियों की जगह निजी खरीद एजेंसियां कपास की फसल की खरीद कर रही हैं। किसानों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ होने से किसानों को अपनी फसल को चुनने में आसानी हुई है। वहीं साफ मौसम होने से कपास की फसल भी साफ और स्वच्छ है। इस बार कपास के डोडों के अच्छा पकने से इसमें बिनौला मोटा और अधिक भी है। जिससे किसानों को फसल का अच्छा भाव मिल रहा है। मंडी में कपास का न्यूनतम मूल्य सरकार ने 6650 रुपये घोषित किया है, परंतु न्यूनतम मूल्य से 600 से 700 रुपये प्रति क्विंटल अधिक भाव किसानों को मिल रहा है। मंडी में अब तक लगभग 20 हजार क्विंटल कपास की फसल की आवक हुई है। कपास के दाम बेहतर होने से किसानों को चार से पांच हजार रुपये प्रति एकड़ अधिक आय हो रही है।

वहीं इससे आढ़तियों को भी अधिक कमीशन मिल रहा है। जिससे किसान और आढतियों के चेहरों पर खुशी है। इससे मार्केट कमेटी की फीस में भी बढ़ोतरी हुई है। फसल को साफ और सुखाकर लाने से फसल की बिक्री तुरंत हो जाती है। वहीं फसल में नमी होने की हालत पर कई बार किसान को फसल के सूखने का इंतजार करना पड़ता है। किसानों की फसल की आवक को देखते हुए मंडी मैनजमेंट ने मंडी में साफ सफाई और पीने के पानी और नहाने की व्यवस्था की है। जिससे किसानों को सहूलियत रहे।

> **साफ** मौसम होने से एकाएक मंडी में कपास की फसल की आवक बढ़ गई है। इस बार अच्छी फसल होने से किसानों को उनकी फसल के अच्छे दाम मिल रहे हैं।
>
> **-सतबीर, आढ़ती**
>
> **अनाज** मंडी पलवल में कपास की फसल की आवक में तेजी आई है। हर रोज सैकड़ों किसान अपनी कपास को बेचने के लिए ला रहे हैं। फसल का भाव न्यूनतम मूल्य से अधिक मिल रहा है। इसकी वजह से निजी एजेंसियां ही कपास की खरीद कर रहीं हैं।
>
> **-पवन कुमार, आढ़ती**
>
> **अनाज** मंडी में अब तक लगभग 20 हजार क्विंटल कपास की फसल की आवक हो चुकी है। कपास की आवक आगे और बढ़ेगी, क्योंकि इस समय किसानों को फसल के बेहतर दाम मिल रहे हैं। जिससे सभी किसान अपनी फसल को जल्द से जल्द बेचना चाहेंगे।
>
> **-विजय गहोत, मंडी सुपरवाइजर**

# डिस्कवरी फाउंडेशन ने हरियाणा रत्न अवार्ड सम्मान समारोह आयोजित किया



**फरीदाबाद।** हरियाणा दिवस के अवसर पर डिस्कवरी फाउंडेशन के बैनरतले हरियाणा रत्न अवार्ड से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों एवं संस्थाओं के प्रमुखों को नवाजा गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बड़खल क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा, एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री मनोहरलाल के मीडिया एडवाइजर राजीव जेटली, नंगला मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा नेता कविंद्र चौधरी मौजूद रहे। इस अवसर पर डिस्कवरी फाउंडेशन के चेयरमैन मामेंद्र कुमार व विशेष सहयोगी राकेश भाटिया ने आए हुए सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर, बुक्के व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस समारोह की अध्यक्षता जीवा स्कूल के चेयरमैन डॉ. ऋषिपाल चौहान ने की। मंच संचालन शिवानी भारद्वाज व संजू सांवरिया ने किया। वहीं जीवा स्कूल, सोनी स्कूल, जैन स्कूल तथा जागृति कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए। फाउंडेशन के चेयरमैन मामेंद्र कुमार, विशेष सहयोगी राकेश भाटिया ने बताया कि अतिथियों ने 157 विभूतियों को सम्मानित किया। जिनमें उद्योगपति एवं समाजसेवी प्रदीप मोहंती, शिक्षाविद अमित जैन, शिक्षाविद पवन गुप्ता, निशा के अध्यक्ष कुलभूषण आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### महाविद्यालय में दिलाई गई भ्रष्टाचार विरोधी शपथ




**पलवल।** गुरुवार को सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल की वाणिज्य विभाग द्वारा कॉमर्स स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अंतर्गत सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक पलवल के शाखा प्रबंधक अनूपम शर्मा व सहयोगी हरीश तथा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी के निर्देशन में विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के बारे में बताया गया और शपथ दिलवाई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के लगभग 200 छात्राओं ने शपथ ली और भ्रष्टाचार को रोकने व इमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. प्रोमिला भारद्वाज, डॉ. लक्ष्मी गुप्ता, डॉ. आरती दीवान द्वारा किया गया।

### सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन ने प्रदर्शन कर शांति मार्च निकाला

**फरीदाबाद।** इजराइल और फिलीस्तीन के बीच में जारी युद्ध को बंद करने और निर्दोष नागरिकों व मासूम बच्चों की हो रही मौतों को रोकने की मांग को लेकर सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन जिला कमेटी फरीदाबाद ने बीके नगर निगम चौक पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और शांति मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व जिला प्रधान निरंतर पाराशर ने किया। लोगों को संबोधित करते हुए जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि युद्ध से किसी का भला नहीं होता है, इससे केवल विनाश होता है। इजराइल ने फिलिस्तीन के लोगों पर जनसंहारक हमला किया है। इजराइल द्वारा किए गए हमलों से अब तक आठ हजार से अधिक लोग मारे गए। जिसमें आधे से अधिक बच्चे हैं, एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हर 15 मिनट में एक बच्चा मर रहा है। इजराइल के द्वारा अस्पतालों, संयुक्त राष्ट्र आश्रयों, स्कूलों, पूजा स्थलों पर बमबारी की जा रही है। नौ अक्टूबर से गाजा को भोजन, पानी, तेल, ईंधन, बिजली और दावाएं नहीं मिल रही हैं। 27 अक्टूबर के बाद से इंटरनेट और अन्य संचार माध्यम को भी काट दिए गया हैं। इसकी वजह से जो लोग बमबारी में घायल हुए हैं। उन्हें मदद भी नहीं मिल रही है, गाजा के लोग कई वर्षों से इजरायली नाकाबंदी का सामना कर रहे हैं। जिसने गाजा पट्टी से फिलिस्तीनी नागरिकों को अपनी सरजमीं से बेदखल करने की योजना बना रखी है। फिलिस्तीनी जनता आज भी अपनी स्वतंत्रता की जंग लड़ रही है। इसराइल उन्हें ही अपने देश से बेदखल करने पर आमादा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 27 अक्टूबर को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें तत्काल मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान किया गया। इस प्रस्ताव के समर्थन में 120 देशों ने मतदान किया। जबकि अमेरिका समेत 14 साम्राज्यवादी देशों ने इसके विरोध में मत दिया। जबकि भारत सरकार तटस्थ रही। हम भारत सरकार से भी मांग करते हैं कि वह अमरीका की पिछलग्गू बनने की बजाय संयुक्त राष्ट्र संघ के युद्ध रोकने के प्रस्ताव व फिलिस्तीनी जनता के मुक्ति संघर्ष के साथ खड़ी हो। प्रदर्शन को विजय झा, वीरेंद्र पाल, केपी सिंह, अनिल, संदीप, दिनेश आदि ने भी संबोधित किया।

### एमवीएन में कल होगा दिवाली मिलन समारोह



**पलवल।** एमवीएन विश्वविद्यालय में चार नवंबर को दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रदेशों हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड इत्यादि के स्कूलों, विद्यालयों, महाविद्यालयों के शिक्षक, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और विभिन्न एनजीओ के लोग आ रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग ने कहा कि इस मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य सभी लोगों को दिवाली की शुभकामनाएं देना है। उन्होंने कहा कि दिवाली पर प्राचीन समय से हमारे पूर्वज एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर आपसी भाईचारे को बढ़ाते थे, उसी परंपरा को हम आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने अपील की है कि इस दिवाली मिलन समारोह में पहुंचकर इसकी शोभा बढ़ाएं।

### पंजाब नेशनल बैंक द्वारा लोन मेला आयोजित



**फरीदाबाद।** त्योहार के सीजन में ग्राहकों को सहूलियत एवं बाजार की मांग को देखते हुए पंजाब नैशनल बैंक ने नेहरू ग्राउंड स्थित शाखा के प्रांगण में लोन मेला आयोजित किया। इस लोन मेले में ग्राहकों को कारें व मकान अथवा फ्लैट, शिक्षा लोन व पर्सनल लोन की सुविधा दी गई तथा विक्रेता भी इस लोन मेले में आए। बैंक अधिकारी नवीन वोहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राहकों को लोन सुविधा देते हुए प्रॉसेस फीस व डॉक्युमेंट फीस भी माफ की गई। लोन लेने के लिए बड़ी मात्रा में ग्राहकों की भीड़ जुटी, जिसमें उन्होंने लोन लेने के लिए पूछताछ भी की। लोन मेला बैंक के गुरुग्राम सर्कल द्वारा आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता सर्कल अधिकारी परविंदर कुमार ने की।

### एक नया प्रोजेक्ट निशुल्क आई चेकअप कैंप

**पलवल।** मानव सेवा समिति पलवल शाखा द्वारा पिछले 13 सालों में पहली बार एक नया प्रोजेक्ट निशुल्क आई चेकअप कैंप, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बामनीखेड़ा में आयोजित किया गया। जिसमें पलवल से सीएमओ डॉक्टर नरेश कुमार गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पलवल सरकारी अस्पताल की तरफ से डॉक्टर की टीम में शामिल डॉक्टर संजय कुमार, डॉक्टर नेहा, डॉक्टर रूप कुमार एवं ऋषिपाल द्वारा 80 बच्चों का आई चेकअप किया गया। जिसमें लगभग 35 बच्चे ऐसे निकले, जिन्हें चश्मे की आवश्यकता है। इन सभी बच्चों को बहुत जल्द ही संस्था की ओर से निशुल्क चश्मे प्रदान किए जाएंगे।

### फुटबॉल जूनियर चैंपियनशिप पांच नवंबर को पानीपत में



**फरीदाबाद।** हरियाणा रग्बी फुटबॉल संघ के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि पानीपत के उग्राखेड़ी स्टेडियम में पांच नवंबर को रग्बी जूनियर चैंपियनशिप ट्रॉफी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 18 साल से कम उम्र के लड़कों और लड़कियों के मैच आयोजित करवाए जायेंगे। हरियाणा रग्बी फुटबॉल संघ के महासचिव नरेंद्र मोर ने बताया कि लड़कियों के मैच टच रग्बी और लड़कों के मैच कांटेक्ट रग्बी फॉर्मेट पर करवाए जायेंगे। प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन निशुल्क है तथा लड़कों व लड़कियों की विजेता टीमों को पहले स्थान को 11000 रुपये, दूसरे स्थान को 5100 रुपये और तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 3100 रुपये का इनाम दिया जाएगा। पहले स्थान पर रहने वाली टीमों को चैंपियंस ट्रॉफी दी जाएगी और पहले तीनों स्थानों पर रहने वाली टीमों को पदक दिए जायेंगे। खिलाड़ियों की भोजन की व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष सरविंद्र डबास ने बताया कि यह प्रतियोगिता प्रदेश में पहली बार हरियाणा राज्य रग्बी फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित की जा रही है। चैंपियनशिप ट्रॉफी में केवल हरियाणा के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। एंट्री जमा करवाने की अंतिम तारीख तीन नवंबर है। भारतीय अंडर 18 लड़कियों की टीम के कोच और हरियाणा टीम के राष्ट्रीय चैंपियन तिलकराज की देखरेख में प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

## इज़राइल-हमास टकराव

### विवादास्पद योजना

**इज़राइल-हमास टकराव** के बाद इज़राइली मंत्रालय ने गाजा के नागरिकों को मिस्र में विस्थापित करने की एकपक्षीय योजना बनाई है। 'ओल्ड टेस्टामेंट' में कहा गया है कि मोजेज़ ने यहूदियों को फारोआ के शिकंजे से आजाद कर इज़राइल भेजा, ताकि वे वहां अपना जीवन शांति से बिता सकें। लेकिन लगता है कि अब इज़राइलवादी अपने प्राचीन ग्रंथों को भूल गए हैं। अब वे फारोआ की तरह काम कर सिविलियन फिलिस्तीनियों को गाजा से मिस्र भेजने की योजना बना रहे हैं। इज़राइली खुफिया मंत्रालय ने प्रस्ताव किया है कि गाजा पट्टी के 2.3 मिलियन निवासियों को मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप में बसाया जाए। यह प्रस्ताव आश्चर्यजनक है क्योंकि इसमें स्थाई शहर और एक मानवीय गलियारा बनाने के पहले अस्थाई टेंट सिटी बनाने का सुझाव है। इज़राइल का उद्देश्य स्पष्ट है। वह चाहता है कि फिलिस्तीनी अपने घर छोड़ कर भयानक जाड़े में टेंटों में रहें और इज़राइल उसके निवासियों को बाहर निकाल कर गाजा पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित कर ले। उसका दावा है कि इस प्रकार गाजा में तनाव कम हो जाएगा। लेकिन अनेक लोगों ने इसे एक जटिल भू-राजनीतिक समस्या का अनुचित समाधान बता कर मानवाधिकार उल्लंघन कहा है। गाजा पट्टी दुनिया के सर्वाधिक घनी बस्ती वाले इलाकों में से एक है और इसके नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं की भयानक कमी का सामना करना पड़ता है जिनमें पानी, बिजली, ईंधन व स्वास्थ्यरक्षा शामिल हैं। वर्तमान टकराव ने पहले से ही गंभीर स्थिति को और खराब किया है। हालांकि, यह प्रस्ताव अभी आधिकारिक रूप से नहीं जारी हुआ है और इसके विस्तृत विवरण स्पष्ट



नहीं हैं, लेकिन इज़राइल सरकार का मानना है कि इससे फिलिस्तीनी नागरिकों को गाजा में सक्रिय हमास जैसे चरमपंथी गुटों से अलग रखा जा सकेगा। प्रस्ताव के पैरोकारों का तर्क है कि इससे सुरक्षा स्थिति मजबूत होगी तथा गाजा में अधिक मानवीय सहायता व विकास का रास्ता खुलेगा। इससे क्षेत्र का भविष्य ज्यादा शांतिपूर्ण व स्थिर होगा।

लेकिन सिविलियनों को उनके घरों से जबरन विस्थापित करना मूल मानवाधिकारों का उल्लंघन तथा सामूहिक दंड है। संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा अन्य मानवाधिकार संगठनों ने गाजा की सिविलियन जनसंख्या की रक्षा का आह्वान किया है। उनका तर्क है कि कोई समाधान बातचीत, अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान तथा मानवाधिकारों के सम्मान के आधार पर होना चाहिए। विस्थापित गाजावासियों के प्रस्तावित आतिथेय मिस्र ने इज़राइली प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया है। हालांकि, मिस्र की सरकार ऐतिहासिक रूप से इज़राइल-फिलिस्तीन मध्यस्थता प्रयासों में शामिल रही है और उसने गाजा में चुनौतियों का सामना करने में सहायता व सहयोग का प्रस्ताव किया है। लेकिन गाजा की जनसंख्या को जबरन मिस्र में विस्थापित करने का प्रभाव असंदिग्ध रूप से दोनों देशों तथा पूरे क्षेत्र पर पड़ेगा। मिस्र की प्रतिक्रिया इस मामले में महत्वपूर्ण होगी। स्पष्ट होता जा रहा है कि इज़राइल गाजा में रह रहे 2.3 मिलियन फिलिस्तीनियों से मुक्ति पाना चाहता है। वह हमास हमले के बहाने अपनी दीर्घकालीन योजनाओं पर काम तेज कर रहा है। लेकिन यह करने की तुलना में कहना आसान है। हमास के हमले के बाद दुनिया का दृष्टिकोण इज़राइल के पक्ष में था और उसे हवाई हमलों के लिए भी व्यापक समर्थन मिला था। लेकिन हमास को समाप्त करने के नाम पर अस्पतालों में निरपराध फिलिस्तीनियों पर बम बरसाने के बाद उसकी नैतिक स्थिति कमजोर हुई है और पश्चिमी दुनिया में भी उसका मुखर समर्थन घट रहा है।

# हमास आतंकी हमले से सबक

**इज़राइल पर हमास के आतंकी हमले और उसके कारण पैदा भयानक मानवीय संकट हमारे सामने है। इससे भारत तथा सारी दुनिया को सबक लेने चाहिए। आतंकी प्रवृत्ति वाले संगठनों की पहचान जरूरी हो गई है।**



**राघव चंद्रा**
(लेखक, भारत सरकार के पूर्व सचिव हैं)



इज़राइल पर हमास के आतंकी हमले का इतिहासकार और राजनीति विज्ञानी व्यापक विश्लेषण कर एक या दूसरे को इसके लिए दोषारोपित कर सकते हैं, पर इस बात में कोई संदेह नहीं कि शांतिपूर्ण दुनिया के लिए ऐसे आतंकी हमलों और उनकी संभावना को उभरने से पहले ही समाप्त करना जरूरी हो गया है। भारत और सारी दुनिया को हमास के इस भयानक आतंकी हमले से समुचित सबक लेने चाहिए। कहा जा रहा है कि इस हमले से इज़राइली आश्चर्यचकित हो गए और यह इज़राइली खुफिया विभाग तथा उसके 'आयरन डोम' प्रतिरक्षा प्रणाली की विफलता है जिनको अजेय बताया जा रहा था। लेकिन यह समस्या का केवल एक पक्ष है।

कोई भी इज़राइलियों के प्रति इतनी भयानक घृणा की गंभीरता और उसके प्रभावों का पूर्वानुमान नहीं कर सकता था। उनके प्रति चरमपंथियों के मन में भयानक और गहराई तक जमी घृणा एक और समस्या तथा गंभीर चिन्ता का विषय है। मध्य पूर्व में परिवर्तन की हवाओं से संभवत: इज़राइल और सारी दुनिया एक प्रकार से लापरवाह हो गए थे। इसमें प्रमुख अरब देशों में हाल ही में आई 'आधुनिकता' की हवा और पश्चिमी दुनिया के प्रति आई उनके दृष्टिकोण में नरमी शामिल है। लेकिन यह अपने आप में एक अलग विषय है। वर्तमान प्रकरण में प्रमुख चिन्ता का विषय यह समझदारी है कि आतंकी घटनायें अलग-अलग होती हैं और इनके बीच काफी अंतराल हो सकता है। लेकिन इज़राइल पर हमास के हालिया भयानक आतंकी हमले ने इस सोच की निरर्थकता उजागर कर दी है। इससे सिद्ध होता है कि आतंकवाद लगातार पैदा होता है, फलता-फूलता रहता है और उसे समय-समय पर नष्ट करना जरूरी है। राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर पैदा यह दुविधा और ज्यादा चिन्ताजनक है कि हमास को स्पष्ट रूप से एक आतंकी संगठन माना जाए या नहीं।

भारत जैसे देश में जहां हमने आतंकी हमलों में बड़ी संख्या में लोगों का जीवन खोया है, वहां भी लोगों की राय हमास के बारे में अलग-अलग है। इस दृष्टिकोण से हमें आतंकवाद की समस्या से निपटने के लिए दीर्घकालीन समाधान तलाशने होंगे। यह तलाश राजनयिक, सामाजिक व सांस्कृतिक स्तरों तक विस्तृत है।

इस प्रकरण से एक प्रमुख यथार्थ यह उभर कर सामने आया है कि अवैध व गैर-राज्य कारक उन वैध राज्य कारकों का शोषण कर उनसे पैसा प्राप्त कर सकते हैं जो आतंकियों का समर्थन और सहायता दूसरे तरीकों से युद्ध में करते हैं। हमास के प्रकरण ने सिद्ध किया है कि इस गठजोड़ को समाप्त करने या कमजोर करने के प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हुए हैं। हजारों मिसाइलों, हैवी-ड्यूटी सैनिक वाहनों, गोला-बारूद तथा मानवशक्ति के लिए बहुत बड़ी मात्रा में फंडिंग की जरूरत होती है। अच्छी तरह उपकरणों व हथियारों से लैस एक सक्षम ऐसे राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ना आसान नहीं है जो लगातार युद्धों के लिए तैयार रहता हो। इसके लिए भारी मात्रा में संसाधनों, क्षमता तथा अमीर संरक्षकों की आवश्यकता है। उच्च क्षमता वाले हथियारों से निपटने की विफलता भी सामने आई है क्योंकि सुपर-पावर हथियार निर्माता कंपनियां लगातार अपनी खोजों का व्यापक विस्तार कर रही हैं और वे गोपनीय तरीकों से भी इनके प्रसार को प्रोत्साहित करती हैं।

सर्वव्यापी इंटरनेट भी एक ऐसा मंच है जो सूचनाओं का साझा करने तथा स्वयं अपनी क्षमताओं के संवर्धन में काम आता है। यह सारी दुनिया में सैनिक-रणनीतिकारों की चिन्ता का विषय होना चाहिए क्योंकि तकनीक ने हाशियाकृत समूहों द्वारा आतंकी युद्ध छेड़ना लगातार आसान बनाया है। इसे एक प्रकार से व्यापार में बदलने में भी सहायता मिली है। इस प्रकार दुनिया भर के आतंकी समूह अपनी क्षमताओं में लगातार सुधार कर उनको एक-दूसरे के स्तर पर लाते हैं। आश्चर्यजनक रूप से अभी हमास जैसे संगठनों को संयुक्त राष्ट्रसंघ ने आतंकी समूह नहीं घोषित किया है। इस्राइल पर आतंकी हमले के फौरन बाद भी इस मामले पर राजनीतिक दुविधा रही है कि हमास को आतंकी समूह घोषित किया जाए या नहीं। एक वरिष्ठ भारतीय राजनेता ने कहा है कि अब तक भारत ने हमास को औपचारिक रूप से आतंकी संगठन नहीं घोषित किया है। यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ में प्रस्तावों को सुरक्षा परिषद में आसानी से राजनीतिक आधार पर वीटो किया जा सकता है।

अतीत में भारत के ऐसे प्रस्तावों को अस्वीकार किया गया है क्योंकि भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण वाले देशों ने इनको वीटो कर दिया। इस प्रकार अतिवादियों व आतंकवादियों के बीच एक नई श्रेणी उन समूहों के लिए बनाई जानी चाहिए जो स्वयं को हथियारों से लैस करते हैं, अवैध रास्तों से पैसा एकत्र करते हैं और संप्रभु राज्यों के खिलाफ लगातार मुखर होकर लोगों की राय बनाते रहते हैं। इनको ऐसे समूहों के रूप में परिभाषित किया जाना चाहिए जो आतंकवाद की प्रवृत्ति प्रदर्शित करते हैं। हमास के हमले और इस खुलासे के बाद कि इसकी तैयारी में एक साल या उससे ज्यादा समय लगा, यह स्पष्ट है कि आतंकी हमले अचानक किसी पीड़ा के कारण किए कृत्य नहीं हैं, बल्कि उनकी पहले से सावधानीपूर्वक योजना बनाई जाती है। इसी कारण किसी अतिवादी समूह द्वारा पूरी तरह आतंकी हमले की प्रतीक्षा करना खतरनाक हो सकता है। इसलिए हथियार खरीदने तथा अवैध रूप से फंड प्राप्त करने पर उनको आतंकी प्रवृत्ति वाले संगठन घोषित करना जरूरी हो गया है। सरकारों के लिए उन समूहों को आतंकवादी प्रवृत्ति का घोषित करना वैध है जिन्होंने अतीत में आतंकी गतिविधियां की हों या उनमें आतंकी प्रवृत्तियां दिखाई देती हों।

आतंकवाद की ऐसी प्रवृत्तियां कौन सी हैं जिनके भविष्य में आतंकी बनने की संभावनायें प्रबल हों? उनके साथ कठोर व सटीक व्यवहार जरूरी है। दुनिया को समझना चाहिए कि ऐसे समूहों को स्पष्ट रूप से सीमित कर उन पर नजर रखी जानी चाहिए। निश्चित रूप से दुनिया भर में सरकारों को उनके खिलाफ सटीक मामले बनाने होंगे। यदि कोई दूसरा देश इन प्रयासों में बाधा डालता हो तो उनसे यह गारंटी मांगी जानी चाहिए कि ये संगठन विदेशी धरती पर कोई आतंकी कार्रवाई नहीं करेंगे। इस दृष्टिकोण से भारत को चीन द्वारा मसूद अजहर के मामले में वीटो पर खामोश नहीं रहना चाहिए। हमें स्पष्ट रूप से कहना चाहिए कि चीन आतंकवादी प्रवृत्तियों को प्रोत्साहित कर रहा है। वर्तमान समय में आतंकवाद के खिलाफ जनमत तैयार करने के लिए हम हर साल 21 मई को आतंकवादियों के हाथों राजीव गांधी की शहादत की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी दिवस पर शपथ लेते हैं। इसके बजाय सरकार को स्पष्ट रूप से आतंकी प्रवृत्ति वाले संगठनों को लक्षित करना चाहिए।

ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित होने की व्यथा के बावजूद, हत्या केवल हत्या तथा आतंकी हमला केवल आतंकी हमला है। हमें याद रखना चाहिए कि अतिवादी समूहों के खिलाफ राज्य की सक्रियता के लिए जरूरी है कि वह छुद्र बहुसंख्यकवाद से बाहर निकले तथा बिना भेदभाव के कानून का शासन कठोरता से लागू करे। इसी प्रकार विभिन्न समुदायों और समूहों के बीच संवाद व विश्वास बहाली उपायों को प्रोत्साहित करना तथा उनके लिए सुविधा प्रदान करना समय की आवश्यकता है। राज्य को विनम्रता तथा नियंत्रण की भावनायें प्रदर्शित करते हुए घरेलू विवादों को इस सीमा तक बढ़ने की अनुमति नहीं देनी चाहिए कि वे एक राष्ट्रीय मुद्दा बन जाएं अथवा देश के नागरिकों को विरोधी समूहों में बांट दें। आतंकवादी व आतंकवादी प्रवृत्ति प्रदर्शित करने वाले संगठनों, समूहों या व्यक्तियों के खिलाफ समय रहते कठोर कार्रवाई, उनको अलग-थलग करने तथा उन पर गहरी नजर रखने के साथ ही देश में सद्भावना का माहौल बनाए रखना भी जरूरी है।

इस सद्भावनापूर्ण माहौल में ही आतंकवाद के खिलाफ कठोरतम कदम उठाना सुनिश्चित होगा और उनको जनता का व्यापक समर्थन मिलेगा।

# विवाह विच्छेदः बदलती प्रवृत्तियां और रूढ़ियां

**"रूढ़िवादी समाज लोगों को बेकार या यहां तक कि अपमानजनक रिश्तों में बने रहने के लिए मजबूर करने के विचार को पसंद करते हैं।"**

**तरुणा ए. प्रसाद**
(लेखिका, सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं)

औसत व्यक्ति शादी करने से पहले शादी के लिए पर्याप्त रूप से तैयार महसूस करता है। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, उन्हें पता चला कि शादी अप्रत्याशित है। हालांकि कोई व्यक्ति कक्षा में विमान उड़ाना सीख सकता है, लेकिन क्या यह उन्हें तब तक पायलट के रूप में योग्य बनाता है जब तक वे हवा में नहीं उड़ जाते? शादी करने में बहुत सारी समानताएं शामिल होती हैं। दो लोगों के बीच एक औपचारिक और सामाजिक अनुबंध होता है, जो उनके जीवन को भावनात्मक, वित्तीय और कानूनी स्तर पर एकजुट करता है। इसे सफल बनाना पूरी तरह से उनका संयुक्त कर्तव्य है।

शादी के पहले तीन वर्षों के दौरान, समायोजन के कुछ सामान्य पैटर्न देखे गए हैं। शादी के पहले छह महीनों को हनीमून चरण माना जाता है, जिसमें कुछ गंभीर समस्याएं और संतुष्टि की सामान्य भावना होती है। विवाह में रिश्ता धीरे-धीरे दिन-ब-दिन मजबूत होता जाता है क्योंकि यह रोमांस, मोहभंग, शक्ति संघर्ष, स्थिरता और स्थायी प्रतिबद्धता के चरण तक विभिन्न चरणों से गुजरता है।

विवाह का विचार और हम विवाह को कैसे परिभाषित करते हैं, समय के साथ काफी बदलाव आया है, शुरुआत में इसे केवल एक पुरुष और एक महिला के एक साथ आने, उन्हें एक-दूसरे के लिए प्यार और समर्थन के रिश्ते में बांधने के रूप में परिभाषित किया गया है। हर शादी अलग होती है और जोड़े को अपने वैवाहिक जीवन में जिन मुद्दों का सामना करना पड़ता है वे भी अलग होते हैं।

आपसी सम्मान, समझ और करुणा एक मजबूत विवाह के आवश्यक तत्व हैं। हम अधिक महत्वपूर्ण बड़े और ठोस मुद्दों के लिए कम महत्वपूर्ण मुद्दों को छोड़ देते हैं, जो रिश्ते की नींव के निर्माण खंड हैं। विवाह और रिश्तों में त्याग अक्सर दूसरे व्यक्ति के गुणों को बढ़ाने के प्रयासों के बारे में होता है। एक स्वस्थ समझौता एक सफल रिश्ते की कुंजी है। यदि आप ऐसा करना नहीं सीख सकते तो मुझे यह कहते हुए खेद है कि आपका रिश्ता कभी टिक नहीं पाएगा। प्यार व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियों के संबंध में देने और लेने के बारे में है। ये केवल दयालु शब्द नहीं हैं, बल्कि और भी बहुत कुछ हैं।

भारतीय समाज रीति-रिवाजों, संस्कृति और क्षेत्रों के बीच, वर्गों के बीच, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच और अंतत: विभिन्न जातीय, धार्मिक और जाति समूहों के बीच विवाह के अर्थ में काफी भिन्नता प्रदर्शित करता है। एकल सदस्यीय परिवारों की संख्या में वृद्धि, परंपराओं का टूटना, संयुक्त परिवार प्रणाली, व्यक्तिगत पुरुष का काम के शहरों की ओर पलायन, पितृसत्ता के अधिकार का क्षरण, पारंपरिक पारिवारिक मूल्यों का क्षरण, कामकाजी माताओं की संख्या में वृद्धि शहरों में, घरेलू हिंसा और दहेज की प्रथा में वृद्धि, बच्चों और बुजुर्गों की उपेक्षा और पारिवारिक संहिता के प्रति कम सम्मान उस खतरे के पर्याप्त संकेत हैं जिसका सामना परिवार और अंतत: समाज उत्तरोत्तर कर रहा है।

ऐसे बहुत से कारक हैं जो जीवन में तनाव को जन्म दे रहे हैं और जिसके कारण जोड़े अपने विवाह में समझौता करने और त्याग करने में विफल हो रहे हैं। और फिर संघर्ष शुरू होता है, और दर्द की यात्रा भी शुरू होती है।

हालांकि आजकल युवा लोग ज्यादातर अपनी पसंद से शादी करते हैं और यहां तक कि शादी से पहले अपनी यौन अनुकूलता की भी जांच करते हैं क्योंकि लोग समझते हैं कि रिश्ते जेल नहीं हैं, आपका जीवनसाथी आपका जेलर नहीं है, और ऐसे रिश्ते को खत्म करना ठीक है जो काम नहीं कर रहा है। तलाक कोई समस्या नहीं है. तलाक ख़राब रिश्ते की समस्या का समाधान है।

रूढ़िवादी समाज लोगों को बेकार या यहां तक कि अपमानजनक रिश्तों में बने रहने के लिए मजबूर करने के विचार को पसंद करते हैं। मुझे लगता है कि यह नैतिक रूप से गलत है, और एक तरह से बीमार है। तलाक ठीक है, ब्रेकअप करना ठीक है, दोबारा शुरुआत करना ठीक है, आगे बढ़ना ठीक है, और अकेले रहना ठीक है, जो ठीक नहीं है वह ऐसी जगह रहना है जहां आपको महत्व नहीं दिया जाता और सराहना नहीं की जाती।

खराब विवाह में रहना सुरक्षा प्रदान कर सकता है क्योंकि कम से कम आप जानते हैं कि आपका जीवन कैसे गुजरेगा। लेकिन तलाक लेने से आपको आशा मिलती है – जो आप बनना चाहते हैं वह बनने की आशा, खुश रहने की आशा और प्यार करने के लिए किसी और को पाने की आशा। यदि आपने शादी को बेहतर बनाने के लिए सभी प्रयास किए हैं और कुछ भी नहीं बदल रहा है, तो छोड़ने और आगे बढ़ने का साहस ढूंढना लंबे समय में फायदेमंद साबित होगा। आप अपनी सारी ऊर्जा उस रिश्ते में लगाना बंद कर दें जो अब काम नहीं करता है और अपने और अपने बच्चों में अधिक ऊर्जा लगाएं।

बिना प्रेम के विवाह से तलाक बेहतर है। हम सभी प्यार पाने के पात्र हैं। मैं कभी भी ऐसी शादी में नहीं रहना चाहता जहां साझेदारी पवित्र और प्राथमिकता न हो। जीवन बहुत छोटा है इसे अस्वस्थ रिश्ते में डूबकर बिताने के लिए। तलाक एक कठिन प्रक्रिया हो सकती है जो भावनात्मक घाव छोड़ जाती है जिसे ठीक होने में कुछ समय लग सकता है।

तलाक के गंभीर दुष्परिणाम हो सकते हैं जब अदालती मामला खत्म होने के बाद भी अपराधबोध, आक्रोश और घबराहट जैसी भावनाएं लंबे समय तक बनी रह सकती हैं। संज्ञानात्मक वैज्ञानिकों ने पाया है कि तलाक की प्रक्रिया में साफ और गंदा दर्द शामिल हैं, इस प्रकार यदि कोई तलाक शुरू भी करता है, तो इसकी एक बड़ी भावनात्मक कीमत हो सकती है। लेकिन कभी-कभी, किसी को शांति के लिए संघर्ष करना पड़ता है, और जब वह जीत जाती है, तो एक बुरे रिश्ते को खत्म करने और एक शांत अस्तित्व में रहने से बेहतर कुछ नहीं है। परिणामस्वरूप, लंबे समय में तलाक एक अच्छी बात साबित हो सकती है।

## आप की बात

### भारत-बांग्लादेश संबंध

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने एक साथ तीन परियोजनाओं की शुरुआत की है। इसमें पूर्वोत्तर भारत का बांग्लादेश से सीधे रेल जुड़ाव पर अहम चर्चा हुई है। यह एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है जिससे भारत-बांग्लादेश संबंधों को नई ऊंचाई मिलेगी। पिछले नौ वर्षों में दोनों देशों के बीच तीन नई बस सेवाएं और इतनी ही रेल सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। बांग्लादेश आज दक्षिण एशिया का एक उभरता हुआ देश है ऐसे में उसका भारत के साथ जुड़ा होना बहुत महत्वपूर्ण है। भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए उसे एशिया में अपने कदम मजबूत करने होंगे। ऐसे में पड़ोसी देशों से आर्थिक विकास में भागीदारी बहुत आवश्यक है। भारत की-पड़ोसी पहले की नीति बांग्लादेश का प्रमुख स्थान है। शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा व्यापार, पर्यटन व सामाजिक जुड़ाव के क्षेत्र द्विपक्षीय रिश्ते मजबूत हुए हैं। बांग्लादेश ने भी विकसित देश बनने का लक्ष्य सामने रखा है। शेख हसीना ने अपने देश को कट्टरपंथी व जिहादी इस्लाम से बचाए रखने में काफी सीमा तक सफलता पाई है तथा भारत-विरोधी तत्वों को कठोर सजा दी है। यह भारत-बांग्लादेश संबंधों का एक प्रमुख आयाम है।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता

### एआई पर नियंत्रण

**इंग्लैंड** में हुए दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एआई की सुरक्षा पर विचार-विमर्श हुआ जिसमें 27 देश के नेता और वैज्ञानिक शामिल हुए। अब तो यह मान लेना चाहिए कि इस तकनीक से मानव जाति जितना लाभान्वित होने जा रहा है, उससे अधिक उसके अस्तित्व को बचाये रखने का जोखिम साफ़-साफ़ दिखाई पड़ रहा है। इसीलिए जो उधोगपति इससे मुनाफा कमा सकते हैं, वे भी इस तकनीक पर नियंत्रण का न केवल स्वागत कर रहे हैं बल्कि अपनी ओर से सरकार से इस पर नियंत्रण की मांग भी कर रहे हैं। कुछ लोग मिथ्या प्रचार कर रहे हैं कि एआई से कोई भी देश प्रौद्योगिकी महाशक्ति बन जायेगा। लेकिन हकीकत यह है कि एआई के पितामह समझे जाने वाले जेफ्री हिंटन ने गूगल से इस्तीफा देते हुए कहा था कि वे जिस खुफिया तकनीक का निर्माण कर रहे थे, वह एक दिन मानवता के लिए अस्तित्व संबंधी खतरा पैदा कर सकती है और इसे महामारी और परमाणु युद्धों के बराबर एक सामाजिक खतरा माना जाना चाहिए। इंग्लैंड के इस सम्मेलन में एलोन मस्क और चैटजीपीटी-निर्माता सैम ऑल्टमैन जैसे लोग उपस्थित थे।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### क्रिकेट की लोकप्रियता

**देश** के विभिन्न स्टेडियम में हो रहे वर्ल्ड कप के मैचो में सिर्फ भारत के साथ हो रहे मैचों के टिकट ही न सिर्फ शत-प्रतिशत बिक रहे हैं, बल्कि लोगों ने ब्लैक में खरीद कर भी मैच देखे हैं। अन्य देशों के साथ होने वाले मैचो में स्टेडियम खाली दिखाई दे रहे हैं। इसकी वजह है कि ये कार्यदिवसों में हो रहे हैं और दूसरे, अधिकांश भारतीय दर्शक सिर्फ भारत से होने वाले मैचो में ही गहन दिलचस्पी रखते हैं। शायद वे अन्य मैचों के लिए टिकट खरीद कर पैसे और समय की बर्बादी करना उचित नहीं समझते हैं। बेहतर यही है कि भारतीय क्रिकेट संघ को भारत के अलावा होने वाले अन्य मैचों में छात्रों को रियायती दरों पर टिकट देने के बारे में विचार करना चाहिए। वैसे भी अब एआई युक्त कैमरों के आ जाने के बाद मैदान से अधिक स्पष्ट और सुविधापूर्ण ढंग से घर पर ही बड़ी स्क्रीन वाले व सामान्य टीवी पर मैच आराम से देखे जा सकते हैं। इस कारण भी बहुत से लोग टिकट लेकर स्टेडियम जा कर मैच देखने से यथासंभव बचते हैं। वैसे भारत में क्रिकेट बहुत लोकप्रिय है, पर स्टेडियमों तक दर्शक लाने के लिए कुछ और कदम उठाने होंगे।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### चुनाव आयोग का फैसला

**विभिन्न राज्यों** में मतदान की शुरुआत 7 नवम्बर सुबह 7 बजे से होगी और आखिरी मतदान 30 नवम्बर की शाम 6 बजे तक चलेगा। इस बीच एग्जिट पोल के सर्वे के अनुसार विचार-विमर्श व संभावनाएं प्रसारित और प्रकाशित करने का सीधा असर मतदाता के विचारों पर भी पड़ना निश्चित है। अत: चुनाव आयोग का एग्जिट पोल के प्रसारण व प्रकाशन पर 7 नवम्बर सुबह 7 बजे से 30 नवम्बर शाम 6 बजे तक रोक लगाने का निर्णय सही है। क्योंकि ऐसा न करना आदर्श आचार संहिता का भी उललंघन होगा। आचार संहिता के अनुसार उम्मीदवार व राजनीतिक पार्टियां अपना बाकी प्रचार पूर्ववत कर सकेंगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया व अफवाहों पर रोक लगाने के प्रभावी उपाय अवश्य किए जाने चाहिए। विधानसभा चुनावों में एक बार फिर चुनाव आयोग की निष्पक्षता व प्रभावशीलता का परीक्षण होगा। यह उसके लिए भी राजनीतिक पार्टियों की तरह अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के सेमीफाइनल की तरह होगा। आशा है कि वह इस परीक्षा में भी सफल होगा।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

### स्वनिधि से समृद्ध हुआ उत्तर प्रदेश

# आठ केंद्रीय योजनाओं का लाभ उठाने में यूपी पहले स्थान पर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**आमजन** तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशीलता का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। प्रदेश से लेकर केंद्र की योजनाओं को बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचाने में योगी सरकार ने उपलब्धि दर्ज की है। कोरोना काल में बेरोजगार हुए पटरी व्यवसायियों (स्ट्रीट वेंडर्स) की आर्थिक मदद के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम स्वनिधि योजना का लाभ देने में उत्तर प्रदेश का कोई सानी नहीं है। वहीं केंद्र सरकार की कुल 8 योजनाओं का लाभ जनमानस तक पहुंचाने में उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर वन पर है।

यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉनिटरिंग का ही असर है कि समृद्धि से स्वनिधि के तहत स्ट्रीट वेंडर्स और उनके परिवार के 22 लाख से अधिक लोगों ने आठ केंद्रीय योजनाओं का अब तक लाभ उठाया है। केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश में तीन चरणों में नगर निगमए नगर पालिका और नगर पंचायतों में आठ केंद्रीय योजनाओं का लाभ दिया गया थाए जिसका पूरे देश में सबसे अधिक लाभ उत्तर प्रदेश के लाभार्थियों ने उठाया है।

स्टेट अर्बन डेवलपमेंट एजेंसी (सूडा) के डायरेक्टर डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि सीएम योगी प्रदेश और केंद्र की योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर तबके के नागरिक को देने के लिए प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी विभागों को बिना किसी भेदभाव, मजहब और जाति के योजनाओं को लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के स्पष्ट निर्देश दे रखे हैं। सीएम योगी इसकी खुद मॉनीटरिंग और समय-समय पर समीक्षा बैठक करते हैं। इसी का नतीजा है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश ने पीएम स्वनिधि से जुड़ी 8 केंद्रीय योजनाओं को लाभ देने में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं पीएम स्वनिधि योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रथम ऋण 1208605 लाभार्थियों, द्वितीय ऋण 384487 लाभार्थियों तथा तृतीय ऋण 29908 लाभार्थियों को बांटे गये। प्रदेश में कुल 1623000 लाभार्थियों को ऋण वितरित किए गए, जिसकी कुल धनराशि 2127.11 करोड़ है, जिसका रेश्यो 85.64 प्रतिशत है। वहीं अब तक प्रदेश में 604566 स्ट्रीट वेंडर्स पीएम स्वनिधि का लाभ उठाकर अपना ऋण समाप्त कर चुके हैं। मालूम हो कि पीएम स्वनिधि के तहत तीन चरणों में ऋण दिया जाता है, जिसकी पहली किश्त 10 हजार, दूसरी 20 हजार और तीसरी 50 हजार रुपए है। सूडा डायरेक्टर ने बताया कि पीएम स्वनिधि के तहत स्वनिधि से समृद्धि योजना में वेंडर्स और उनके परिवार को 8 केंद्रीय योजना पीएम जीवन ज्योति, पीएम सुरक्षा बीमा, जनधन अकाउंटए वन नेशन वन राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, पीएम श्रमयोगी मानधन और रजिस्ट्रेशन अंडर बीओसीडब्ल्यू योजना का लाभ दिया जा रहा है।

इस योजना का लाभ प्रदेश में स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत दिया जा रहा है, जिसमें पहले फेस में 1765975, दूसरे फेस में 362313 और तीसरे फेस में 87503 लोगों को योजना का लाभ दिया गया। प्रदेश में अब तक 8 केंद्रीय योजनाओं का लाभ 2215791 लोगों को दिया जा चुका है, जिसका रेश्यो 76.86 प्रतिशत है। वहीं वेंडर्स द्वारा किए जा रहे डिजिटल ट्रांजेक्शन में भी उत्तर प्रदेश देश में अव्वल है।

# हॉट कुक्ड फूड के लिए मिड डे मील के मेन्यू को ही मिल सकती है मंजूरी

### ● आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3-6 वर्ष के बच्चों को गर्म पका भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से हो रहा काम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आंगनबाड़ी** केन्द्रों पर 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही योगी सरकार योजना के सुचारू संचालन के लिए मिड डे मील योजना की तर्ज पर एक समान मेन्यू रखने का निर्णय ले सकती है। प्रस्ताव के अनुसार सप्ताह में बच्चों को वही भोजन परोसा जाएगा जो मिड डे मील में बेसिक विद्यालयों में बच्चों को परोसा जाता है। यह प्रस्ताव हाल ही में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में हॉट कुक्ड मील योजना संबंधी राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में रखा गया। टास्क फोर्स द्वारा इस पर निर्णय लिया जाएगा, जिसे सीएम का अनुमोदन मिल सकता है।

प्रस्ताव में कहा गया है की प्रदेश में लगभग 65 प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के परिसर में (को लोकेटेड) स्थित हैं। ऐसे में इन्ही विद्यालयों की रसोई में ही भोजन पकाया जाना है। इसलिए पीएम पोषण योजना (मिड डे मील) के समरूप ही मेन्यू रखे जाने का प्रस्ताव है। मेन्यू में सोमवार कोरोटी, सोयाबीन की बड़ी युक्त मौसमी सब्जी एवं ताजा मौसमी फल होंगे। मंगलवार को चावल सब्जी युक्त दाल, बुधवार को मौसमी सब्जी एवं सोयाबीन की बड़ी युक्त तहरी, गुरुवार को रोटी एवं सब्जी युक्त दाल, शुक्रवार को मौसमी सब्जी एवं सोयाबीन की बड़ी युक्त तहरी और शनिवार को चावल एवं सब्जी युक्त दाल परोसी जाएगी। हॉट कुक्ड फूड में मिलेट्स को प्राथमिकता दी जाएगी। इस बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों में पीएम पोषण के अन्तर्गत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के निकट स्थित किचन में रसोईये द्वारा हॉट कुक्ड फूड तैयार कर बच्चों को उपलब्ध कराया जाए। 200 मीटर की परिधि में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों को समीपस्थ प्राथमिक विद्यालय से सम्बद्ध किया जाए। तैयार कुक्ड मील को आंगनबाड़ी केन्द्र तक पहुंचाने व बच्चों को वितरित व परोसने का दायित्व आंगनवाड़ी सहायिकाओं को दिया जाए।

# निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाए: धर्मपाल सिंह

### ● पशुधन मंत्री ने लखनऊ से वर्चुअली किया इटावा में प्रदेश के पहले भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पशुधन** मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को पशुपालन निदेशालय में वर्चुअली रूप से प्रदेश के प्रथम भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केन्द्र, इटावा का लोकार्पण एवं प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि भेड़/बकरी जैसे लघु पशुओं के पालन की प्रदेश में बेहतर संभावनायें हैं, जो किसानों और पशुपालकों की आय दोगुनी करने में सहायक है। इस केन्द्र में भेड़/बकरी पालकों या इच्छुक व्यक्तियों को वैज्ञानिक तरीके से व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर पशुधन मंत्री ने कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम से जुड़े प्रदेश के लगभग 500 'मैत्रियों' के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि पशुपालकों के द्वार पर गुणवत्तायुक्त पशु प्रजनन सुविधायें समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने एवं कृत्रिम गर्भाधान आच्छादन बढ़ाने में कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं पैरावेट/ मैत्री, आदि की अहम भूमिका और योगदान है। इससे पशुपालकों की आय दोगुनी करने के प्रयासों को बल मिल रहा है। पशुधन मंत्री ने पैरावेट्स की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिएअधिकारियों को निर्देशित भी किया।

पशुधन मंत्री ने बैठक में ऑनलाइन रूप से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोवंश संरक्षण मुख्यमंत्री की प्राथमिकता का कार्यक्रम है और 1 नवम्बर से प्रारम्भ निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान में कोई भी ढिलाई न बरती जाए। गोआश्रय स्थलों के सुदृढ़ीकरण, विस्तारीकरण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सम्बन्धी कार्य तय समय में पूर्ण किया जाए। अपर मुख्य सचिव, पशुधन एवं दुग्ध विकास, डॉ रजनीश दुबे ने कहा कि मैत्री के प्रोत्साहन एवं उनकी कौशल क्षमता वृद्धि के लिए सतत् प्रयास किया जा रहा है। पैरावेट्स की सभी समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण किया जाएगा। कृत्रिम गर्भाधान द्वारा अधिक उत्पादक एवं उन्नतिशील प्रजाति के पशुओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे किसानों एवं पशुपालकों की आय में त्वरित वृद्धि संभव है। उल्लेखनीय है कि उप्र पशुधन विकास परिषद द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में 6000 से अधिक मैत्री के बैंक खाते में सीधे लगभग 18 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन धनराशि हस्तान्तरित की जा चुकी है। वर्तमान वर्ष में 2500 मैत्री का चयन किया जाना है। प्रदेश में लगभग 10 हजार कार्यकर्ता सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम में विशेष सचिव, पशुधन देवेन्द्र पाण्डेय, विशेष सचिव अमरनाथ उपाध्याय, निदेशक पशुपालन डॉ. एके जादौन, एलडीबी के कार्यकारी अधिकारी नीरज गुप्ता उपस्थित थे।

# 277 सड़कों का कायाकल्प करेगी उत्तर प्रदेश सरकार

### ● 319.73 करोड़ रुपए की लागत से विशेष मरम्मत कार्यों को किया जाएगा पूरा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नागरिक** सुविधाओं में इजाफा व आर्थिक तरक्की को लक्षित कर प्रदेश के मार्गों के मेकओवर की वृहद प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीएम योगी की मंशा अनुरूप एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार गई है जिसके अंतर्गत प्रदेश के 63 से ज्यादा जिलों की कुल 277 सड़कों के मेकओवर की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आंकड़ों के अनुसारए इस वृहद लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 319.73 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत स्वीकृत की गई है जिसके जरिए प्रत्येक मार्ग पर 40 लाख रुपए के औसत व्यय होने का अनुमान है। इसी क्रम में योगी सरकार के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने इन विशेष मरम्मत कार्यों को पूर्ण करने के प्रक्रिया शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि मार्गों के मेकओवर व विशेष मरम्मत के लिए प्रावधानित 319.73 करोड़ रुपए के सापेक्ष पहली किस्त के तौर पर प्रदेश सरकार द्वारा 63.94 करोड़ रुपए की धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए जारी कर दिया गया है। इस स्वीकृति से मरम्मत कार्यों की पूर्ति में तेजी आएगी और निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रदेश के जिन 63 जिलों के चिह्नित मार्गों के दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया की शुरुआत हुई है इनमें से कई मार्ग ऐसे हैं जिन पर काफी समय से रिपेयर वर्क्स नहीं हुए थे। साथ ही, ग्रामीण इलाकों को जिलों के मुख्य मार्गों से जोड़ने वाली कई सड़कों को रिपेयर वर्क्स की इस प्रक्रिया के जरिए मूर्त रूप दिया जाएगा। इसके अलावाए राष्ट्रीय मार्ग, संपर्क मार्ग, बॉर्डर मार्ग व राजमार्गों को भी इन विशेष मरम्मत कार्यों के लिए चिह्नित मार्गों में सम्मिलित करते हुए उनके भी दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के 63 जिलों में इन मरम्मत कार्यों को पूर्ण किया जाएगा और लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता (विकास) व विभागाध्यक्ष इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और उत्तर प्रदेश शासन के रूलबुक मुताबिक पूर्ण किए जाएंगे।

# अब संविदा कार्मिकों के परिवार को भी मिलेगा निगम की बसों में मुफ्त यात्रा का पास



### ● परिवहन मंत्री ने दिया संविदा कर्मियों को दीवाली का तोहफा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम के संविदा कर्मियों को दीवाली का तोहफा दिया है। परिवहन निगम में कार्यरत संविदा कर्मियों को भी नियमित कर्मियों की भांति ही उनके परिवार को निगम की बसों में मुफ्त यात्रा पास दिया जाएगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि निदेशक मण्डल की 246वीं बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया था कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में सीधे अनुबंध के आधार पर संविदा पर कार्यरत चालकों/परिचालकों एवं कार्यशाला में सीधे निगम से आबद्ध कार्यरत कार्मिकों को नियमित कार्मिकों की भांति उनके परिवार को एक वर्ष में निगम बसों में निशुल्क यात्रा किए जाने के लिए कुल पांच पारिवारिक यात्रा पास दिए जाएंगे। इसमें से दो निशुल्क पारिवारिक यात्रा पास एवं 3 पीटीओ पारिवारिक यात्रा पास की सुविधा रहेगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन निगम में कार्यरत सभी कर्मी पूरे मनोयोग से एवं कर्मठता के साथ अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम की छवि को बेहतर बनाने में हमारे सभी कर्मियों का योगदान है। इस फ्री यात्रा पास से संविदा पर कार्यरत कार्मिकों का मनोबल और बढ़ेगा तथा परिवहन निगम की कार्यशैली एवं दक्षता में और वृद्धि होगी।

# माटीकला से जुड़े उत्पादों को लगातार प्रोत्साहन दे रही प्रदेश सरकार: सचान



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● खादी मंत्री ने माटीकला मेला का किया उद्घाटन, 5 कारीगरों को वितरित किए विद्युत चालित चाक

**खादी** एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि प्रदेश सरकार माटीकला के उत्पादों को लगातार प्रोत्साहन दे रही है। इस उद्योग से जुड़े हुए लोगों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के चलते इन उत्पादों की बिक्री बढ़ रही है, लोगों को रोजगार मिल रहा है और उनकी आय भी बढ़ रही है।

सचान गुरुवार को उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ के परिसर में आयोजित माटीकला मेला 2023 का उद्घाटन करने के बाद समारोह का संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में माटी का प्रयोग कर मूर्तियां, खिलौने, बर्तन इत्यादि गृह उपयोगी एवं कलात्मक वस्तुएं बनाने का प्रचलन सदियों से रहा है। आज भी उत्तर प्रदेश में पर्याप्त संख्या में माटी कला शिल्पकार इस परंपरागत उद्योग में लगे हुए हैं। माटी कला के अंतर्गत निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देने एवं परंपरागत उद्योगों को नवाचार के माध्यम से संरक्षित व संवर्धित करते हुए आधिकाधिक कारीगरों को रोजगार से जोड़ने का काम उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड कर रहा है।

खादी मंत्री ने इस अवसर पर उत्कृष्ट शिल्पकारों द्वारा निर्मित माटीकला उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी के साथ-साथ माटीकला उद्योग के क्रियात्मक प्रदर्शन का अवलोकन भी किया। उप्र माटी कला बोर्डए लखनऊ द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर 2 नवम्बर से 11 नवम्बर 2023 तक 10 दिवसीय माटीकला मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए शिल्पकारों एवं कारीगरों द्वारा 50 स्टॉल लगाकर मिट्टी से निर्मित अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

खादी मंत्री ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में विभिन्न जनपदों से आए एवं प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर रहे शिल्पकारों एवं कारीगरों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा माटीकला बोर्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के माध्यम से प्रदेश में अब तक 47630 माटी कला कारीगर परिवारों को चिन्हित करते हुए 10592 विद्युत चालित चाक का वितरण किया जा चुका है। वर्ष 2023-24 में 3000 विद्युत चालित चाक वितरित करने का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त लक्ष्मी गणेश की मूर्ति निर्माण हेतु 603 जोड़ी डाई, 31 पेंटिंग मशीनए 81 दिया मेकिंग मशीन के साथ ही प्रदेश में मिट्टी खोदने हेतु कुल 30634 माटी कला कारीगरों, परिवारों को पट्टों का वितरण किया जा चुका है।

सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजागार योजना के अन्तर्गत विगत 4 वर्षों में 644 लाभार्थियों को बैंको के माध्यम से ऋण स्वीकृत कर इकाईयां स्थापित करायी जा चुकी है। वर्तमान वर्ष में 300 इकाईयों की स्थापना का लक्ष्य है। माटीकला कारीगरों के उत्साहवर्धन हेतु प्रदेश में विगत 4 वर्षों में मण्डल स्तर पर 216 एवं राज्य स्तर पर 12 कारीगरों को पुरस्कृत किया जा चुका है। इस वर्ष भी उत्कृष्ट कारीगरों को उनकी कलाकृतियों के लिए पुरस्कृत किया जायेगा।

# उप्र में अब तक हुई 87635.52 मीट्रिक टन धान की खरीद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023.24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2183 रुपए प्रति कुंतल और धान ग्रेड-ए 2203 रुपए प्रति कुंतल की निर्धारित दर से खरीद की जा रही है। विभिन्न धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 87635.52 मीट्रिक टन धान किसानों से क्रय किया गया है। इस योजना से अब तक लगभग 13959 किसानों को लाभान्वित किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 10355 मीट्रिक टन खरीद हुई है। किसानों की सुविधा के दृष्टिगत स्थायी धान क्रय केन्द्र/स्थल बनाए जाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोटे अनाज के तहत 50538.11 मीट्रिक टन बाजरा, 3678 मीट्रिक टन मक्का और 320.25 ज्वार की खरीद कर ली है। इस वर्ष समर्थन मूल्य 2500 रुपए प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से बाजरा, 2090 रुपए प्रति कुन्तल की दर से मक्का और 3180 रुपए प्रति कुन्तल की दर से हाइब्रिड ज्वार और 3225 रुपए प्रति कुन्तल की दर से ज्वार मालदाण्डी की खरीद की जा रही है।

# चित्रगुप्त नगर-भोलाखेड़ा में बिजली, पानी संबंधी शिकायतों का वित्त मंत्री ने लिया संज्ञान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● डीएम व नगर आयुक्त को पत्र भेजकर तत्काल समाधन किए जाने के दिए निर्देश

**वित्त** एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने लखनऊ के चित्रगुप्तनगर-भोलाखेड़ा में बिजली, पानी की समस्या सम्बंधी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी लखनऊ एवं नगर आयुक्त लखनऊ को पत्र भेजकर तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए हैं। खन्ना ने बदबूदार एवं मटमैला पानी की आपूर्ति एवं बिजली की समस्या तथा साफ-सफाई संबंधित समस्या का स्थाई समाधान किए जाने की हिदायत दी है। खन्ना ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया की राजधानी के चित्रगुप्त नगर-भोला खेड़ा में बिगत 10 दिनों से गंदे पानी की आपूर्ति तथा बिजली की समस्या के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। यह जनता की बुनियादी सुविधाओं से सीधे जुड़ा विषय है। अशुद्ध पानी के सेवन से जल जनित बीमारियों के फैलने की संभावना होती है, इसलिए बिजली, पानी एवं साफ -सफ ाई से जुड़े अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर इसका निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इस आशय के निर्देश जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त को दिए गए हैं। खन्ना जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री भी हैं। इसलिए समय-समय पर राजधानी के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण करके विकास कार्यों को गति देने तथा स्थानीय समस्याओं का समाधान के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि उनका पूरा प्रयास है कि राजधानी वासियों को शुद्ध पेयजल एवं निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो। इसके लिए उन्होंने जनपद लखनऊ में बिजली, पानी, सड़क व साफ-सफाई के संबंध में 6 नवंबर 2023 को जिलाधिकारी, नगर आयुक्त एवं संबंधित अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक आहूत की है।

# ग्रेटर नोएडा में होटलों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए नई स्कीम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● सेक्टर 28 में तीन केटेगरी के होटल प्लॉट्स के आवंटन का होगा रास्ता साफ

**यमुना** एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 28 में तीन केटेगरी के होटल प्लॉट्स की ईऑक्शन प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। जेवर एयरपोर्ट से नजदीकी के चलते प्राइम लोकेशन पर बेस्ड इन प्लॉट्स पर होटेलियर्स बजट व प्रीमियम होटल्स का विकास कर सकेंगे। यीडा ने इस नई स्कीम को बुधवार को लॉन्च किया है और इसमें प्लॉट पाने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर निर्धारित की गई है। इस स्कीम के जरिए आवंटन में प्राप्त प्लॉट 90 वर्षों की लीज पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाएगा। ई-ऑक्शन के जरिए भूमि प्राप्त करने वाले होटल निर्माणकर्ताओं को प्रथम चरण के कार्यों को तीन वर्ष जबकि पूरी परियोजना को 5 वर्षों के भीतर पूरा करना होगा।

उल्लेखनीय है कि 3400, 5000 व 10000 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफ ल वाले इन प्लॉट्स की रिजर्व प्रीमियम प्राइस 20.10 से 62.06 करोड़ रुपए के बीच रखी गई है जबकि 2 से 6.3 करोड़ रुपए के बीच इन प्लॉट्स की ईएमडी वैल्यू निर्धारित की गई है।

इस स्कीम के जरिए जिन तीन प्रकार की प्लॉटिंग्स के लिए ई-ऑक्शन प्रक्रिया पूरी की जाएगी उसका ब्रोशर यीडा की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। स्कीम ब्रोशर डाउनलोड की प्राइसिंग 50000 प्लस 18 प्रतिशत जीएसटी रखी गई है। इस स्कीम के जरिए जिन आवेदनकर्ताओं को प्लॉट्स आवंटित किए जाएंगे उन्हें पोजेशन प्राप्त करने के लिए संबंधित प्लॉट केटेगरी की रिजर्व प्रीमियम प्राइस का 40 प्रतिशत देना होगा। बाकी के 60 प्रतिशत को 5 वर्षों में 10 इंस्टॉलमेंट्स के जरिए चुकाया जा सकता है। वहींए 3400 स्क्वेयर मीटर के प्लॉट के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति या संस्था की मिनिमम नेटवर्थ 15 करोड़ होनी चाहिए। साथ ही, पिछले तीन वर्षों व मौजूदा वर्ष के हिसाब से मिनिमम टोटल टर्नओवर 30 करोड़ रुपए होना चाहिए। इसी प्रकार 5000 स्क्वेयर मीटर के प्लॉट्स के लिए मिनिमम नेटवर्थ 20 करोड़ तथा मिनिमम टोटल टर्नओवर 50 करोड़ होना चाहिए। इसी प्रकार, 10000 स्क्वेयर मीटर के प्लॉट के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति या संस्था की मिनिमम नेटवर्थ 50 करोड़ तथा मिनिमम टोटल टर्नओवर 100 करोड़ रुपए होना चाहिए। इसके अतिरिक्तए ई-ऑक्शन में भाग लेने के लिए आवेदनकर्ताओं को यीडा ऑक्शन टाइगर ऑनलाइन गेटवे पर रजिस्टर करना होगा जिसकी कीमत 1000 रुपए निर्धारित की गई है। वहीं, आवेदनकर्ताओं को होटल निर्माण के क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव होना चाहिए और उन्हें यह भी दिखाना होगा कि उनके द्वारा देश या विदेश में किस स्टार केटेगरीज के होटलों का निर्माण, विकास व संचालन किया गया है।

## दीपोत्सव 2023

# अयोध्या में विदेशी कलाकारों की रामलीला रहेगी प्रमुख आकर्षण

### ● रूस, सिंगापुर, नेपाल व श्रीलंका सहित देश के कई प्रांतों के कलाकार रामलीला में होंगे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ अयोध्या



**सातवें** दीपोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए अयोध्या शोध संस्थान भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। अयोध्या शोध संस्थान इन कार्यक्रमों का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से कर रहा है। संस्थान की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की एक लंबी रूपरेखा तैयार की गई है। इस मौके पर अयोध्या में तीन दिवसीय भव्य रामलीला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश से ही नहीं विदेश के भी कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक लवकुश द्विवेदी ने बताया कार्यक्रम में भव्य शोभायात्रा, रामलीला झांकी, स्थानीय, प्रादेशिक, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय राम लीलाएं आयोजित की जाएगी। इसके अलावा रामायण मेले का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यक्रम अयोध्या शोध संस्थान की ओर से आयोजित किए जाएंगे। अयोध्या में दीपोत्सव से आयोजित होने वाली रामलीला में चार देश रूस, श्रीलंका, सिंगापुर एवं नेपाल के कलाकारों की ओर से रामलीलाओं का मंचन किया जाएगा। इसके अलावा देश के 21 प्रदेशों की रामलीला, रामायण परंपरा पर आधारित लोक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए लगभग ढाई हजार कलाकार अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह कार्यक्रम राम कथा पार्क के मुख्य मंच पर सायंकालीन विदेशी रामलीला से प्रारंभ होगा। इसके अलावा अन्य विशेष मंचों में रामघाट, बिरला धर्मशाला, बड़ी देवकाली, गुप्तार घाट तथा भरत कुंड में तीन दिवसीय भजन कीर्तन एवं रामलीलाओं का आयोजन किया। देश-विदेश के लगभग ढाई हजार कलाकारों का इसमें संगम होने जा रहा है। अयोध्या में दीपोत्सव से पूर्व आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में इसके अलावा वैश्विक राम विषयक रामायण प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। राम सीता स्वरूप प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाना है। अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक लवकुश द्विवेदी ने बताया स्कूली बच्चों द्वारा राम कथा के विभिन्न प्रसंगों पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 125 फीट लम्बे कैनवास पर अवध के राम का चित्रांकन भी किया जाएगा। राम कथा पार्क के मुख्य मंच पर ग्लोबल इन्साइक्लोपीडिया आफ द रामायण परियोजना अंतर्गत अयोध्या शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित विभिन्न ग्रन्थों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विमोचन करेंगे।

# आयुष विद्या का अधिक से अधिक लाभ लेः डीएम

**● अच्छा काम करने वाली महिला डॉक्टर को मिशन शक्ति के तहत पुरस्कृत किया जाएः डीएम**


अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें जिला आयुष समिति की बैठक संपन्न हुई। डीएम के निर्देशानुसार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, शाहजहांपुर द्वारा उप्र राज्य आयुष सोसायटी, लखनऊ द्वारा जनपद में संचालित योजनाओं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन किए जाने एवं आवंटित धनराशि के व्यय के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया द्य क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ राजीव कुमार ने अवगत कराया कि जिले में कल 55 आयुर्वेदिक एवं छह यूनानी अस्पताल संचालित है। डीएम ने दवाओं के उपलब्ध स्टॉक की जानकारी ली द्य उन्होंने डॉक्टरों के सेवा भाव की भी सराहना की तथा अच्छा कार्य करने वाली डॉक्टर को मिशन शक्ति के तहत पुरस्कृत किए जाने हेतु निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा की बहुत पुरानी पद्धति है। योग तथा आयुर्वेद का महत्व कोरोना काल के बाद बढ़ गया है। चिकित्सा अधिकारियों स्थल पर होने वाली कठिनाइयों के संबंध में अवगत कराया। डीएम ने जनपद में प्रस्तावित 50 सैया के आयुष चिकित्सालय के भवन निर्माण के लिए एक एकड़ भूमि की उपलब्धता के निर्देश एसडीएम सदर को दिएद्य इसके साथ ही जो आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय जो जर्जर भवनों में संचालित हैं, तथा जिनमे शौचालय, बिजली एवं पानी की व्यवस्था नहीं है वहां पर संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया द्य जिन आयुष चिकित्सालय में हेल्थ वेलनेस सेंटर संचालित है उनमें हर्बल गार्डन तथा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चांदपुर एवं कटेली की बाउंड्री वॉल की व्यवस्था हेतु जिला विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया द्य अंत में समस्त आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि चिकित्सालय संचालन में आप लोगों को जो कठिनाई आ रही हो वह लिखित रूप से अपने अधिकारी को दें इसके निराकरण हेतु क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। जिन योजनाओं के सापेक्ष उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी लखनऊ ने धनराशि आवंटित की उसका नियमानुसार ससमय व्यय किए जाने के निर्देश हैं। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि आयुष विद्या का अधिक से अधिक लाभ आम जनमानस में पहुंचाने का कार्य किया जाए।

## झोलाछाप डॉक्टर करता रहा पत्नी का इलाज, हो गई मौत

**बरेली।** पत्नी के बीमार होने पर झोलाछाप पति उसका घर पर ही इलाज करता रहा जिसके चलते पत्नी की मौत हो गई मृतका के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जाच शुरू कर दी। थाना सुभाष नगर के करेली निवासी सोमपाल ने अपनी 23 वर्षीय बेटी सोनम का 4 साल पहले फरीदपुर के लाइन पर रहने वाले सुरजीत से विवाह किया था। परिजनों का आरोप है सुरजीत गांव में झोलाछाप डॉक्टर है कुछ दिन पहले उसकी बेटी सोनम बीमार हुई थी डॉक्टर के पास में ले जाकर घर पर इलाज करता रहा जिस कारण उसकी मौत हो गई। परिजनों का यह भी आरोप है कि ससुराल वाले अपाचे गाड़ी की मांग करते थे और आए दिन सोनम को प्रताड़ित करते रहते थे।

## निर्माणाधीन स्मार्ट रोड व शहीद पार्क का निरीक्षण किया


निरीक्षण करते नगर आयुक्त

**शाहजहाँपुर।** नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के सुभाशनगर से नगरिया मोड़ तक निमार्णाधीन स्माट ेरोड के निमार्ण काय ेका निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय निमार्णाधीन स्मार्ट रोड के मध्य रेलवे अंडरपास के पास चल रहें निमार्ण कार्य की स्थिति को देखा एवं निदेर्षित किया कि गुणवत्ता पूवर्क निमार्ण कार्य कराते हुये निमार्ण कार्य में तेजी लाये एवं शीध्र ही निमार्ण कार्य को पूर्ण करायें। जिससे नगरवासियों को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर नव वर्ष पर स्मार्ट रोड की सौगात प्राप्त हो सके। इसके उपरान्त नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के न्यू सिटी ककरा स्थित शहीद पार्क ;जैव.विविधता पार्कद्ध का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय पाक ेकी स्थिति एवं पार्क में नगर निगम ने पूर्व में रोपित किये गये पेड़.पौधों की स्थिति को देखा गया। संबन्धित को निदेर्षित किया कि वातावरण को शुद्व रखने हेतु पौधों की उचित देखभाल व नियमित पानी दिया जायें। साथ ही निर्देशित किया कि जो पौधें सूख गये अथवा नष्ट हो गये हैए उनके स्थान पर उसी प्रजाति के पौधें को रोपित किया जायें। पार्क में विषेश साफसफाई रखने हेतु भी निर्देशित किया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त एसण्केण् सिंह एवं अन्य कमर्चारीगण उपस्थित रहें।

## खनन माफिया ने खनन निरीक्षक और चालक को बनाया बंधक

**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)

**दबंग** खनन माफिया ने छापा मारने पहुंचे खनन निरीक्षक को ही उनके चालक समेत बंधन बना लिया। लगभग दो घंटे बंधन बनने के बाद पुलिस के पहुचने पर किसी प्रकार उनकी जान बची। प्राप्त जानकारी के अनुसार खनन निरीक्षक सुभाष सिंह को किसी ने फोन पर जानकारी दी कि ग्राम हरदलमऊ में मिट्टी का खनन किया जा रहा है। इस पर वे देर रात हरदलमऊ पहुंचे। वहां उन्हें खनन करती हुई एक जेसीबी और मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली मिली। उन्होंनें जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली को सीज़ करने के बाद उनको थाने में दाखिल करने के लिए सुपदर्गी नामा बनाना शुरू किया। तभी खनन करा रहे जहूरए शराफ्तए अशरफ समेत कई लोगा वहां पहुंच गए और खनन निरीक्षक और चालक को धक्का मुक्की करते हुए उन्हें बंधन बना लिया। सूत्रों का कथन है कि इन दबंगों ने उनके साथ मारपीट भी की तथा सुपदीर्गी के लिए तैयार किए जा रहे कागज फ़ाड़ डाले। इस प्रकरण की किसी प्रकार जानकारी मिलने पर थाना कासिमपुर की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को आता देख दबंग जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली मौके से लेकर भाग गए। बाद में खनन निरीक्षक की तहरीर पर तीनों नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध एफ्आईआर दर्ज की गयी है तथा इनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**● पुलिस के पहुंचने पर दोनों की बची जान**

## बच्चे से दवा की पुड़िया बता कर कराती थी स्मैक तस्करी

**संवाददाता।** बरेली

**मकान** मालकिन ने किराएदार के नाबालिग बेटे से यह कहकर स्मैक तस्करी करवाना शुरू कर दी कि पुड़िया में दवाई है पता चलने पर किराएदार ने विरोध किया तो मकान मालकिन ने चोरी के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी तब पीड़ित ने मामले की एसएसपी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। इज्जतनगर के वीर सावरकर नगर में तीन माह से किराए के कमरे में अपने पति और 10 साल के बेटे के साथ किराए के मकान में रहने वाली गरिमा अरोड़ा ने बताया कि वह कॉस्मेटिक की दुकान चलाती है,जबकि उनके पति कमल सीसीटीवी कैमरे की मरम्मत का काम करते है उसका नाबालिग बेटा दिन में कमरे में अकेला रहता है गरिमा ने आरोप लगाया कि मकान मालकिन स्मैक तस्करी करती है वह उनके बेटे से स्मैक सप्लाई करवा रही थी,बदले में वह लालच देकर 100 से 50 रुपये दे देती थी। जब उनके बेटे ने पुड़िया के बारे में पूछा तो आरोपी महिला महिला ने उसे बताया कि पुड़िया में दवाई है बच्चा उसके द्वारा बताए व्यक्ति को पुड़िया पकड़ाने लगा किशोर को वह अपने साथ बिना सूचना दिए ले जाती थी बच्चे ने जब यह जानकारी अपनी मां गरिमा को दी तो उन्होंने मकान खाली करने की बात कह दी मकान मालकिन ने किराएदार पर जेवर चोरी का आरोप लगा दिया और धमकी दी कि यदि उसने अपने बेटे को उसके साथ जाने से रोका या पुलिस में शिकायत की वह स्मैक तस्करी में तुम्हारा नाम भी ले लेगी गरिमा ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई मांग की।

### भारतीय बजरंगदल गोला ने पांच सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम गोला को सौंपा

**गोला गोकर्णनाथ ( खीरी )।** भारतीय बजरंग दल गोला की बैठक प्रदेश महामंत्री अशोक जोशी की अध्यक्षता में पहले तहसील के पास हनुमान मंदिर में बैठक के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम गोला को सौंपा। नगर के अंदर मंगलवार को मीठए मछली अंडा आदि की बिक्री व डेंगू मलेरिया व रहस्यमय बुखार को देखते हुए दवा का छिड़काव सभी वार्डों में बराबर करानेए आवारा पशुओं को गौशाला में बंद करानेए पकड़े गए आवारा पशुओं में खाने व चारा की व्यवस्था नगर पालिका के चुने हुए सभासदों से दस दस पशुओं को कराने व तीन तीन गौशाला होने के बाद सड़कों पर खुलेआम पशु घूम रहे हैं इसकी समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। हस्ताक्षर करने वालों में भारतीय बजरंगदल के प्रदेश महामंत्री अशोक जोशी जिला अध्यक्ष आकाश जायसवाल, जिला प्रभारी अशोक कुमार मुन्ना, महामंत्री अमित मिश्रा एड व की दर्जन पदाधिकारी व सदस्य थे।

## अगस्त मुनि आश्रम से नकदी और लाखों के जेवर हो गए चोरी

**बरेली।** चोरों ने अगस्त मुनि आश्रम को निशाना बनाया और आश्रम के सभी कमरे खंगालकर नकदी और लाखों के जेवर पर हाथ साफकर फरार हो गए घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटस्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी ।सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ स्थित अगस्त मुनि आश्रम के महंत केके शंखधार ने बताया कि बुधवार देर रात चोर आश्रम के मुख्य गेट का ताला तोड़कर आश्रम के अंदर आ गए इसके बाद चोरों ने एक-एक करके सभी कमरों के दरवाजों के ताले तोड़ दिए और 26 हजार की नकदी और सोना-चांदी के जेवर पर हाथ साफकर दिया सभी कमरे खंगाले के बाद चोर फरार हो गए गुरुवार सुबह जब उन्होंने सभी कमरों के दरवाजे टूटे देखे तो आश्रम में चोरी का पता चला उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी पुजारी ने देर रात लगभगदो से ढाई बजे के आसपास घटना होने की आशंका जताई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस चोरों की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी खंगालने मे जुट गई महंत केके शंखधार ने लाखों में चोरी होने की तहरीर दी दी पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही।

## क्विक न्यूज

### सीबीआई के रिटायर्ड इंस्पेक्टर के बेटे ने की आत्महत्या

**बरेली।** एक रिटायर्ड सीबीआई इंस्पेक्टर के बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी ।इज्जतनगर थाना क्षेत्र की सनसिटी विस्तार कॉलोनी में रहने वाले सीबीआई से रिटायर इंस्पेक्टर मानसिंह शाहजहांपुर में सिक्योरिटी एजेंसी में अधिकारी के पद पर तैनात है उनके इकलौते बेटे 31वर्षीय बेटे स्पर्श ने कुछ दिन पहले गीत नाम की युवती से प्रेमविवाह किया था मानसिंह ने दोनों को लव मैरिज के बाद अरेंज मैरिज करने के बाद घर मे रख लिया ।मानसिंग व उनकी पत्नी अंजान सिंह बुधवार को शाहजहांपुर में थे इस दौरान शाम करीब 5 बजे के समय स्पर्श ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब इसका पता परिवार को चला तो कोहराम मच गया परिजनों इस बारे में बताने से इनकार कर दिया कि आखिर स्पर्श ने आत्महत्या क्योंकि घटना की सूचना सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### करवा चौथ पर पत्नी के ना आने पर पति ने दी जान

**बरेली ।** युवक की सास ने उसकी पत्नी को करवा चौथ पर विदा नहीं किया तब युवक का फोन पर पत्नी और सास से विवाद हो गया और युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी । भुता थाना क्षेत्र के ग्राम गूगा निवासी प्रमोद कुमार की शादी 2 वर्ष पूर्व प्रीति देवी पुत्री हेतराम अमर गंज पीलीभीत से हुई थी मृतक प्रमोद कुमार के बाबा बाबूराम ने बताया की प्रमोद की पत्नी प्रीति देवी 2 महीने पर पूर्व अपने मायके चली गई जब प्रमोद ससुराल अपनी बहू प्रीति की विदा करने गया तो सास ने झगड़ा किया और विदा नहीं की करवा चौथ के त्यौहार पर भी पत्नी को ना भेजने पर पत्नी व सास वीरा देवी से दिन में भी काफी कहासुनी हुई बुधवार शाम प्रमोद व उसकी सास से फोन पर काफी बातचीत व झगड़ा हुआ इसी सदमे में आकर प्रमोद ने रात्रि में कमरे में बंद होकर गले में रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली सुबह होने पर जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तब परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो उसका शव छत के कुंडे में रस्सी के फंदे पर लटक रहा था परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर थाना अध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा में फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की शव को फांसी के फंदे से उतारकर शव को सील कर पोस्टमार्टम हेतु बरेली भेजा मृतक दो भाई थे।

## टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी।** गला घोटू (डिप्थीरिया) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ प्रमोद वर्मा द्वारा सीएससी बेहजम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया गया। इस दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ अनिल कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ प्रमोद वर्मा ने बताया कि गलाघोंटू (डिप्थीरिया) टीकाकरण अभियान 10 नवंबर तक चलाया जाना है। जिले में इस अभियान को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विद्यालयों में कक्षा एकए कक्षा 5 और कक्षा 10 के बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित किया जाएगा। इसका लक्ष्य 85570 बच्चों का है। इसे लेकर वैक्सीन की समुचित व्यवस्था जिले में है और टीम बनाकर विद्यालयों में जाकर बच्चों को टीकाकरण किया जाएगा। विकासखंड बेहजम से इस अभियान की शुरुआत से हो गया है। सीएससी पर इसे लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बीपीएम इफ्तिखार खान, बीसीपीएम संदीप मिश्रा, विद्यालय अध्यापक, एएनएमए आशा व आंगनबाड़ी आदि शामिल हुए।

## आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर खाक

**सिंगाही . खीरी।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत भेड़ौरा के मसुरहा गांव में अज्ञात कारणों से आग लग जाने के चलते घरों की गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भेड़ौरा के मजरा मसुरहा में गुरूवार को करीब ग्यारह बजे के आस पास नबीन खां के छप्पर ने अज्ञात कारणों आग पकड़ ली जिससे उसकी गृहस्थी का सामान धू . धू कर जलने लगा। घटना के समय कोई भी घर पर नहीं था जिसके चलते आग ने उसके चचेरे भाई जावेद का घर भी चपेट में ले लिया। मोहल्ले के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब .तक इस अग्निकांड में दोनो की गृहस्थी का सामान खटियाए बिस्तर ए आटा चावल आदि जलकर राख हो गया। ग्रामीणों आनन फानन मे आग पर काबू पा लिया जिससे अन्य घर जलने से बच गए। अग्निकांड की सूचना के बाद क्षेत्रीय लेखपाल जगदीश प्रसाद ने मौके का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट तहसील अधिकारियों को सौंप दी है।

## जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने पकड़ी नकली खाद, एक गिरफ्तार,दूसरा फरार

**बरेली।** रवि की फसल की बुवाई शुरू होते ही नकली खाद की बिक्री शुरू हो गई है। इसका खुलासा जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने सिरोली इलाके के संग्रामपुर गांव में नकली खाद पकड़कर किया। डीएम के आदेश पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। जिला कृषि रक्षा अधिकारी धीरेंद्र चौधरी ने बताया, कि कालाबाजारी न हो इसलिए वह जिला अधिकारी के निर्देश पर क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। सूचना मिलने पर उन्होंने थाना सिरौली के संग्रामपुर गांव के एक मकान पर छापा मारा तो वहां



पर ब्रांडेड बोरे में नकली खाद भरकर विक्री की जा रही थी। इस बाबत आरोपी के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज करवाई । साथ ही उन्होंने किसानों से अपील की वह पंजीकृत दुकानों से ही हाथ खरीदें जिससे उनकी जमीन उसर न हो क्योंकि नकली खाद जमीन की उर्वरा शक्ति को नष्ट कर देता है। उन्होंने नैनो यूरिया के इस्तेमाल करने पर भी जोर दिया।

## राष्ट्रीय बौद्ध महासभा 26 नवम्बर को जंतर मंतर पर करेगी धरना, प्रदर्शन



**बरेली।** राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के प्रदेश महासचिव, प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड जगदीश प्रसाद बाबू, प्रदेश महासचिव प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश सुशील कुमार निगम, जिलाध्यक्ष एडवोकेट हरीश कुमार सत्यार्थी, सामाजिक न्याय परिषद के जिलाध्यक्ष हरेन्द्र पटेल, धम्म सेवक संघ के जिला संयोजक अमर सिंह ने ऊपजा प्रेस क्लब निकट प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि दिनांक 26 नवम्बर को राष्ट्रीय बौद्ध महासभा व सामाजिक न्याय परिषद के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन जंतर मंतर भवन नई दिल्ली पर राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक धर्म प्रकाश भारतीय बौद्ध की अध्यक्षता में किया जायेगा। धरना एवं प्रदर्शन में मुख्य मांगे है संगोल राजदण्ड को नये संसद भवन से हटाया जाय।

बौद्धो का पर्सनल लॉ बोर्ड बनाया जाय। समान नागरिक संहिता यू सी सी को समाप्त किया जाय। शिक्षा का राष्ट्रीयकरण किया जाय, ओबीसी/एससीएसटी का आरक्षण कोटा पूरा किया जाए, निजीकरण को बन्द किया जाय, सम्पूर्ण भारत में जातीय जनगणना कराई जाय, आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन संविधान विरोधी विवेक देवराय को वर्खास्त करके देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाय, ईवीएम वोटिंग मशीन को बन्द किया जाय और बैलट पेपर से चुनाव कराया जाय। धरना प्रदर्शन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया जायेगा। प्रेसवार्ता में हरीश कुमार सत्यार्थी जिला अध्यक्ष, सुशील कुमार, ब्रजलाल बाबू आदि मौजूद रहे।

## क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत फ्रंटलाइन वर्कर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामु0स्वास्थ्य केन्द्र खमरिया पर फ्रंटलाइन वर्कर्स को एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में सीएचओ, एएनएम, संगिनी व आशा शामिल थीं। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने फ्रंटलाइन वर्कर को बताया कि टीबी क्या हैए कैसे फैलता है और इसके लक्षण क्या.क्या हैं। साथ ही बताया कि सरकार द्वारा टीबी रोगियों की निशुल्क जांच और इलाज की सुविधा जिला टीबी अस्पताल सहित प्रत्येक ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध है। टीबी मरीजों को सरकार द्वारा निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 500 रुपए डीबीटी के माध्यम से सीधा रोगियों के खाते में ट्रांसफर किया जाता है। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सभी



प्रशिक्षुओं को अपने.अपने क्षेत्र में टीबी रोगियों को लक्षण के अनुसार पहचानने के साथ.साथ उसका पोर्टल पर अंकन करनेए जांच करवाने और फॉलो अप सहित सरकारी योजना का लाभ देने के लिए भी प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि जन जागरूकता ही टीबी के प्रसार को रोक सकता है। प्रधानमंत्री की टीबी मुक्त भारत की सलकल्पना सबके सहयोग से ही 2025 में पूरा हो पाएगी।

सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज कुमार ने बताया कि जन जागरण, टीबी रोगियों को गोद लेकर, हेल्थ कैंप में संभावित टीबी रोगियों की जांच करवाकर तथा त्योहारों पे शुभकामना संदेश के साथ टीबी के लक्षणों का बैनर पोस्टर बना कर लोगों को जागृत किया जा सकता है। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज कुमार सहित राहुल कुमार, कमल किशोर राव, सुभाष पाल, ममता श्रीवास्तव, डॉ एसके गुप्ता, सर्वेश कुमार प्रजापती, दीपक कुमार व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। जिले में 39 टीबी डायग्नोस्टिक सेंटर हैं, जहां माइक्रोस्कोप से टीबी की जांच की जाती है। इसके अलावा 14 जगहों पर तुरंत तथा तीन जगहों पर सीबीनांट की सुविधा उपलब्ध है।

## प्रतियोगिताओं में छात्र, छात्राओं ने किया प्रतिभाग

**बरेली।** अष्टम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस-2023 समारोह के अन्तर्गत एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक कालेज बरेली द्वारा आयुष- प्रमोद-2023 के अन्तर्गत आयोजित कार्यकमों की श्रंखला में गुरुवार को डिबेट प्रतियोगिता , टी-शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में 68 छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिथरी चौनपुर के विधायक माननीय डॉ राघवेन्द्र शर्मा एवं प्राचार्य एवं अधीक्षक प्रो डी के मौर्य ने सर्वप्रथम धन्वतरि भगवान को माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। प्राचार्य एवं अधीक्षक प्रो डी मौर्य द्वारा विधायक महोदय को पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया गया । मुख्य अतिथि डॉ राघवेन्द्र शर्मा ने कहा कि सर्जरी के जनक सुश्रुत और प्लास्टिक सर्जरी के जनक भी सुश्रुत हैं, जो चिकित्सा विधा हमारी संस्कृति है उसमें आज जरूरत है तो प्रचार प्रसार की, हमें उसके उत्थान के लिये अग्रसर होना होगा। उन्होने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयुर्वेद के उत्थान के लिये एवं प्रचार प्रसार के लिये अथक प्रयास किये जा रहें हैं। उसी कडी में विगत आठ वर्ष से राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया जा रहा है, हर व्यक्ति तक आयुर्वेद विधा का ज्ञान पहुँचे, प्रतिदिन आयुर्वेद के अनुसार रहन सहन हो। जिससे स्वस्थ एवं सुखी समाज हो। उसी कडी में आयुष



मंत्रालय द्वारा इस वर्ष का विषय भी 'हर दिन हर किसी के लिये आयुर्वेद' रखा गया है। आज आयोजित कराई गयी डिबेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बैच 2022 के सुमित एवं द्वितीय स्थान पर बैच 2020 के अनुराग पाठक रहे। निर्णायक मण्डल में प्रो प्रीति शर्मा , डा संदीप द्विवेदी, डा निनित शर्मा रहे। टी-शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में बैच 2022 के हेमन्त एवं द्वितीय स्थान पर बैच 2021 के आकाश यादव रहे। निर्णायक मण्डल में पूर्णिमा राव एवं उज्मा फात्मी रहे। माननीय विधायक महोदय द्वारा विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यकम का संचालन डॉ शान्तुल गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रमों में प्रो रीता गुप्ता, प्रो देवकी नन्दन शर्मा, डा आभा द्विवेदी, डॉ संतोष कुमार, डॉ अतुल कुमार, डा रिंकी, डॉ अरूणेन्द्र कुमार, डा मधु, डा अनिल कुमार, डा दीपक कुमार, डा जितेन्द्र आदि एवं संस्था के समस्त छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## घायल को पहले अस्पताल पहुंचाएं बाद में वीडियो बनाएं



गुरसहायगंज (कन्नौज)। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन पर यातायात जागरूकता माह के दूसरे दिन यातायात प्रभारी आफाक खॉन के नेतृत्व में बारसी पब्लिक इण्टर कॉलेज हम्मालीपुरा में प्रधानाचार्य जुबैर खॉन व प्रबन्धक मोहसिन रजा के सहयोग से आयोजित गोष्ठी में यातायात नियमों का पाठ पढाकर पालन करनें की अपील की। गुरूवार को गुरसहायगंज में तैनात यातायात टी एस आई अरशद अली ने वाहन चालकों को एकत्रित कर यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि देश के हर व्यक्ति की जान अनमोल है। इसलिए सड़क पर चलते समय नियमों का पालन करना हर एक चालक का दायित्व है। यदि इसी बीच अगर कोई सड़क दुर्घटना में आपको घायल अवस्था में मिल रहा है। तो उसको पहले अस्पताल पहुंचाएं ना की फोटो खींचे। अधिकतर देखने को मिलता है कि सड़क पर घायल की फोटो बनाने के लिए भीड़ इकट्ठी रहती है लेकिन कोई भी घायल को अस्पताल नहीं पहुंचता तो इसलिए फोटो खींचने से बचें और घायल को अस्पताल ले जाने में मदद करें ऐसा करने पर प्रशासन की ओर से उसे व्यक्ति को प्रशंसा पत्र और पुरस्कार भी दिया जाएगा। इसके साथ ही साथ नगर के मुख्य चौराहो से लेकर तिराहे पर टी एस आई द्वारा जागरूकता बैनर भी लगवाए गए। इस मौके पर आरक्षी यातायात संदीप कुमार ने भी मौजूद रहे।

### व्यापार की सफलता के लिये कठिन परिश्रम जरूरी है-अशोक गुप्ता

गुरसहायगंज (कन्नौज)। व्यापार को सफलता की ऊचांईयों तक पहुंचानें के लिये कडी मेहनत व मृदुभाषिता बेहद जरूरी है। कोई भी व्यापार छोटा या बडा नही होता है अपनें कार्य के प्रति सिर्फसंकल्पित एवं लगन की जरूरत होती है। ग्राहकों को गुणवत्ता परक बस्तुयें प्रदान करके व्यापार को आगे बढाया जा सकता है। यह बात गुरूवार को नगर के तिर्वारोड स्थित बरमदेव मंदिर के निकट ध्रुब फायर बर्क्स प्रतिष्ठान का फीता काटकर उदघाटन करनें के उपरान्त वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता नें कही। कहा कि व्यापारियों का देश की अर्थ व्यवस्था महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिये हम सभी को ऑनलाईन खरीददारी बंद करके अपनें व्यापारी भाईयों से खरीददारी करनी चाहिये। जिससे हमारे बाजारों मे पहले जैसी रौनक आ सके। कहा कि भाजपा सरकार व्यापारियों के हितों में लाभकारी योजनाओं के माध्यम से कार्य कर रही है। जिसका व्यापारियों को लाभ भी मिल रहा है। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक नीलेश गुप्ता नें वरिष्ठ समाजसेवी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 3 नवंबर, 2023



# बच्चों को डिप्थीरिया से बचाने को चलाएं सघन टीकाकरण अभियानः जिलाधिकारी

- जिलाधिकारी ने शासन मंशानुसार कार्य के स्वास्थ्य कर्मियों को दिए निर्देश



**संवाददाता।** चित्रकूट

**एक** से दस नवम्बर के बीच डिप्थीरिया (गलाघोटू) बीमारी की रोकथाम को डीपीटी एवं टीडी टीकाकरण को स्कूल आधारित अभियान शुभारम्भ बाबत नियमित टीकाकरण के तहत बुधवार-शनिवार छोड़कर स्कूल बेस्ड डिप्थीरिया/टीडी वैक्सीनेशन अभियान चलाने के शासन से निर्देश मिले हैं।

गुरुवार को शासन से मिले निर्देशों के तहत चित्रकूट इण्टर कालेज कर्वी में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, ड्रिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी की मौजूदगी में टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ फीता काटकर किया। सीआईसी में 25 बच्चों का टीकाकरण एएनएम प्रियंका, आशा कार्यकत्री शमीम बेगम ने किया।

डिप्थीरिया (गलाघोंटू) बीमारी की रोकथाम को डीपीटी एवं टीडी टीकाकरण को स्कूल अभियान के शुभारम्भ में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि प्रत्येक स्कूल के रोस्टर अनुसार कक्षा एक से पांच एवं कक्षा दस के छात्र-छात्राओं के स्कूल पंजीयन अनुसार शत-प्रतिशत टीकाकरण कराना है, ताकि शासन की मंशानुसार बीमारी की रोकथाम को अभियान सफल हो सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस से भी तालमेल करें। प्रत्येक स्कूल/विद्यालय में टीकाकरण दौरान एक अध्यापक को नोडल अधिकारी नामित करायें, ताकि संचालन ठीक से हो सके।

# गुलशन-ए-रज़ा मुस्तफ़ा कमेटी ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**चित्रकूट।** सामाजिक सौहार्द की प्रतीक गुलशन ए रजा मुस्तफा कमेटी ने गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मुख्यालय स्थित नूरानी मस्जिद ग्राउंड में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों लोगों का निःशुल्क परीक्षण के उपरांत इलाज किया गया। कमेटी के अध्यक्ष हाजी रज्जन अली का कहना है कि चिकित्सा शिविर से इलाके के गरीबों एवं जरूरतमंदों को खासा लाभ मिला है।

उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि कमेटी लगातार सभी धर्म और जाति के जरूरतमंदो की सेवा जारी रखेंगी। कमेटी के अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ने बताया कि अनियमित दिनचर्या और खान-पान के कारण मौजूदा समय रक्तचाप,शुगर,हार्ट आदि घातक बीमारियां अमीरों के साथ-साथ गरीबों को भी अपनी चपेट में ले रहीं है। सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता के अभाव एवं आर्थिक तंगी के चलते गरीब परिवारों के लोग अपने मरीज का सही ढंग से इलाज नही करा पाते। जिसके कारण मरीजों की असमय मौत तक हो जाती है। इन सभी समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कमेटी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नूरानी मस्जिद ग्राउंड में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

# उरई में भारत विकास परिषद के अंतर्गत भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन

- प्रांत के 6 जिलों की आठ टीमों ने किया प्रतिभाग
- प्रतियोगिता में विजयी छात्र मंडल स्तर पर लेंगे भाग



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**गुरुवार** को बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल झांसी रोड उरई में भारत विकास परिषद बुंदेलखंड प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन जिसमे प्रांत के 6 जिलों की वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग की आठ आठ टीमों ने भाग लिय। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्ज्वलित मुख्य अतिथि डा. ईरज राजा पुलिस अधीक्षक, विशिष्ट अतिथि आरके जोशी क्षेत्रीय प्रबन्धक आर्यावर्त बैंक, प्रवेक्षक सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव क्षेत्रीय सचिव, इं. अजय इटोरिया क्षेत्रीय सचिव सम्पर्क प्रांतीय अध्यक्ष डा. सीपी गुप्ता प्रांतीय महासचिव आरपी गुप्ता प्रांतीय प्रभारी रमाकांत द्विवेदी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेश चन्द्र गुप्त मुख्य शाखा उरई अध्यक्ष राजेश निगोतिया, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र कनकने सचिव, प्रवीण गुप्ता,कोषाध्यक्ष रवि इटोडिया, भूपेन्द्र कंथरिया, रीतेश तरसौलिया, राहुल देव गुप्ता, राम नरेश गुप्ता, महिपाल सिंह मैथिली शरण शाखा अध्यक्ष, जितेन्द्र कंथारिया, राठौर, नंद गोपाल एवं प्रान्त के विद्यालयों से आए छात्र-छात्राएं शामिल हुये। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को शील्ड प्रमाण पत्र, नोट बुक, पेन देकर मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय प्रतिगोगिता के लिए वरिष्ठ वर्ग में विद्या मंदिर इंटर कॉलेज उरई एवं कनिष्ठ वर्ग में भानू देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झांसी की टीम चयनित हुई।

# सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध करायें डीएमः अनिल प्रधान

**संवाददाता।** चित्रकूट



**समाजवादी** पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिले की सहकारी समितियों में यूरिया व डीएपी खाद न होने बाबत जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि समस्त सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध कराई जाये। गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में डीएपी व यूरिया को किसान बेहद परेशान व हताश हैं। किसानों को समय से खाद नहीं मिल पा रही है। परेशान किसान सवेरे घर से निकलकर ठंड में सहकारी समिति खाद विक्रय केन्द्रों में दिनभर खाद मिलने की आस में लाइनों में लगे रहते हैं। बाद में पता चलता है कि खाद नहीं है। वे निराश होकर घरों को लौट जाते हैं। आये दिन यही सिलसिला होने से किसानों को भारी पीडा हो रही है। खाद न मिलने से किसान रबी फसल की बुवाई समय से नहीं कर पा रहे। दिन-प्रतिदिन फसल की बुआई का समय निकलता जा रहा है। जिला प्रशासन के दावे हैं कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। पर्याप्त मात्रा में खाद है तो सहकारी समितियों में क्यों नहीं भेजी जा रही। क्यों किसानों को प्राइवेट दुकानों से यूरिया व डीएपी खरीदने को बाध्य किया जा रहा है। उन्होंने जिले की सभी सहकारी समितियों में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करवाने की मांग की है।

# राष्ट्रवाद को बल प्रदान करने वाली भाजपा ही एकमात्र पार्टीः सूर्यकुमार



**उरई, जालौन।** पूर्व महानिदेशक पुलिस एवं प्रदेश संयोजक सुशासन विभाग भाजपा डॉ. सूर्यकुमार शुक्ला ने कहा कि अन्य राजनीतिक दलों की तुलना में भाजपा बेहतर पार्टी है यह परिवार की पार्टी नहीं है अन्य राजनीतिक दलों में परिवारवाद ही छाया हुआ है। यही एक पार्टी ऐसी है जो देश को मजबूत करने का काम कर रही है। श्री शुक्ला सुशासन विभाग की मीटिंग में शामिल होने के लिए नगर से गुजर रहे थे इस दौरान उन्होंने नगर के मोहल्ला राजेंद्र नगर स्थित पूर्व एक्साइज कमिश्नर शंभू दयाल के आवास सहज में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान यह बात कही। सुशासन विभाग एवं समन्वय समिति के प्रदेश संयोजक डॉ. सूर्यकुमार शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2018 में आईपीएस से सेवानिवृत्ति उपरांत उन्हें थोड़े समय बाद सुशासन विभाग का प्रदेश सचिव बनाया गया है सुशासन विभाग देश में समाज के लोगों के लिए अच्छी जिम्मेदारियां निभाने और सरकार की गलतियों को बता कर ठीक करने की दिशा में अपनी भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि सुशासन विभाग की जिम्मेदारी देश और प्रदेश मैं संचालित उपयोगी लाभकारी योजनाओं का अध्ययन करना और पार्टी और सरकार को पहुंचना है पार्टी और सरकार के बीच समन्वय का कार्य करना भी उनका उद्देश्य है ताकि भारत सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को मिलना सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की सरकार ने चीनी सामान पर रोक लगाकर स्वदेशी पर जोर दिया है यही एक पार्टी है जो देश को मजबूत करने का काम कर रही है राष्ट्रवाद को मजबूत करने वाली एकमात्र पार्टी भाजपा ही है।

# स्व वित्तपोषित महाविद्यालय कर्मियों को चौदह माह से नहीं मिला वेतन

**कोंच, जालौन।** नगर में संचालित अनुदानित महाविद्यालय मथुरा प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यरत स्ववित्त पोषित शिक्षकों व कर्मचारियों ने बीते 14 माह से वेतन न मिल पाने से परेशान होकर तहसीलदार को सौंपकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही कार्यवाही नहीं हुई तो कक्षाओं का बहिष्कार कर आंदोलन किया जायेगा। गुरुवार को महाविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों ने एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार अभिनव तिवारी को सौंपे शिकायती पत्र में कहा कि प्रबंध समिति का चुनाव न हो पाने के कारण तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा प्रबंध समिति के अन्य मदों में व्यय करने पर रोक लगा दी थी। जबकि प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष द्वारा अनुदानित शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन बिल हस्ताक्षरित करने को वैध माना गया था। स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों को चूंकि प्रबंधक के हस्ताक्षर द्वारा वेतन दिया जाता है इसलिए उक्त आदेश के कारण हम सभी स्ववित्त पोषित कर्मियों को बीते 14 माह से वेतन नहीं मिल पा रहा है और हम सभी कर्मियों के सामने जीवन निर्वाह का संकट खड़ा हो गया है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति ने भी गत दिनों प्रबंध समिति को अपने अधिकृत संविधान के अनुरूप कार्य करने के लिए अधिकृत माना है जिसको लेकर प्रबंधक ने जिलाधिकारी से खाते के संचालन पर लगी रोक हटाने की मांग की थी। जिलाधिकारी ने अग्रिम कार्यवाही हेतु अपर जिलाधिकारी के संयोजकत्व में एक टीम गठित की थी, जिसकी कार्यवाही अब तक लंबित है। शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने शिकायती पत्र में कहा कि यदि शीघ्र ही कार्यवाही नहीं हुई तो कक्षाओं का वहिष्कार कर आंदोलन किया जायेगा।

## क्विक न्यूज

### मानसिक रोग जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

**फतेहपुर।** नगर पंचायत खखरेरू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानसिक रोग जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ीसंख्या में आये मरीजों का परीक्षण कर उन्हें जागरूक किया गया। नगर पंचायत क्षेत्र खखरेरू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में मानसिक रोग जागरूकता अभियान चलाया गया। मानसिक जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आरंभ नगर पंचायत अध्यक्ष ज्ञान चन्द्र केशरवानी ने किया। कार्यक्रम में इलाज हेतु नगर पंचायत व क्षेत्र से लगभग एक सौ नौ मरीज आए। इस कार्यक्रम में जनपद से आए डॉ. आशीष कुमार मानसिक रोग विषेशज्ञ व महिला डॉ. रिंकी मानसिक रोग विषेशज्ञ, डॉ. वंदना वर्मा, फार्मासिस्ट वीरेंद्र सिंह, डॉ. राजू राव सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

### एंबुलेंस स्टाफ ने रास्ते में कराया का सुरक्षित प्रसव



**जालौन, उरई।** अस्पताल जा रही गर्भवती को रास्ते में प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस स्टाफ ने सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद जच्चा बच्चा को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। क्षेत्रीय ग्राम उदोतपुरा निवासी ज्ञानसिंह की पत्नी ज्योति देवी को प्रसव पीड़ा हो रही थी। जिस पर पति ने स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर पत्नी को प्रसव पीड़ा होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस के साथ पहुंचे चालक जितेंद्र यादव, एमपी जगपाल ने गर्भवती महिला को एंबुलेंस में शिफ्ट किया और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन लाने लगे। महिला की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया। जब एंबुलेंस महिला को मेडिकल कॉलेज ले जा रही थी। तभी रास्ते में गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा का दर्द बढ़ गया। दर्द बढ़ने पर पायलट जितेंद्र यादव ने एंबुलेंस को सड़क किनारे रोककर एमपी जगपाल ने उनके अटेंडर की मदद से एंबुलेंस में ही सुरक्षित डिलीवरी कराई। डिलीवरी के बाद जच्चा और बच्चा दोनों ही स्वस्थ थे। प्रसव होने के उपरांत एंबुलेंस टीम ने जच्चा बच्चा को मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया।

# पेज एक का शेष

## आचार समिति...

बारे में गलत कहानी गढ़ने की कोशिश की और विपक्ष इस बात से परेशान है कि नैतिकता पैनल का नेतृत्व एक ओबीसी सांसद कर रहा है। दुबे ने कहा कि मेरे और अन्य लोगों द्वारा उनके खिलाफ उपलब्ध कराए गए सभी सबूतों के बाद कोई भी ताकत मोइत्रा को नहीं बचा सकती। दुबे ने मोइत्रा पर अपने संसदीय पोर्टल लॉग-इन और पासवर्ड को किसी बाहरी व्यक्ति के साथ साझा करके राष्ट्रीय हित से समझौता करने का आरोप लगाया है और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग के लिए सांसदों द्वारा विवरणों को गुप्त रखने के लिए हस्ताक्षरित समझौते का हवाला दिया है। मोइत्रा की मुश्किलें उस कारोबारी के हलफनामे ने बढ़ा दी हैं, जिसमें उसने मोइत्रा को रिश्वत देने की बात स्वीकार की है ताकि वह अडानी समूह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधने के लिए सवाल पूछ सकें। सूत्रों ने कहा कि उन्होंने दावा किया कि सरकार ने हीरानंदानी को हलफनामा दायर करने के लिए 'मजबूर' किया था और पैनल में उनकी उपस्थिति के दौरान उनसे पूछताछ करने की मांग की थी। यह एक अप्रत्याशित घटना थी क्योंकि यह ऐसे संसदीय पैनलों के कामकाज में एक मानक अभ्यास नहीं है। टीएमसी सांसद ने यह भी दावा किया है कि व्यापारिक समूह की उनकी तीखी आलोचना के कारण 'फर्जी' आरोपों के पीछे अदाणी समूह का हाथ है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट द्वारा हत्या के प्रयास के मामले में उनकी सजा को निलंबित करने के कुछ हफ्तों बाद लोकसभा सचिवालय ने एनसीपी सदस्य मोहम्मद फैजल पीपी की लोकसभा से अयोग्यता को रद्द कर दिया। लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि फैज़ल की सदन से अयोग्यता 'आगे की न्यायिक घोषणाओं के अधीन प्रभावी नहीं रहेगी। उन्हें इस साल 4 अक्टूबर को दूसरी बार लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। यह केरल उच्च न्यायालय द्वारा 2009 में हत्या के प्रयास के मामले में लक्षद्वीप के सांसद की सजा को निलंबित करने से इनकार करने के बाद आया है। कावारत्ती की एक सत्र अदालत द्वारा 10 साल की कैद और 1 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाए जाने के बाद फैजल को पहली बार 11 जनवरी को सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। एनसीपी नेता 2014 और 2019 में लक्षद्वीप से सांसद चुने गए थे।

## ईडी के...

मुश्किल हो गया है। राय ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रवक्ता ईडी की ओर से जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा ईडी को नोटिस जारी करने का निर्देश देती है। भाजपा कल कह रही थी कि यह एक कानूनी प्रक्रिया है। भाजपा यह भी बताना चाहती है कि किस पार्टी को किसके साथ गठबंधन करना चाहिए। उन्होंने राजनीतिक दुर्भावना के तहत केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश रची है। राय ने दिल्ली में आप को खत्म करने का षड्यंत्र रचे जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा पर जांच एजेंसी के दुरुपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री राजकुमार आनंद के परिसरों पर छापेमारी हुई। आप देश में क्या करने का प्रयास कर रहे हैं? आपको इस देश को चलाने का अवसर दिया गया है। आपको चुनाव एजेंसी नहीं, बल्कि लोग चुनाव जिताते हैं। आप ने आरोप लगाया था कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस) के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाने की भाजपा की साजिश के तहत गिरफ्तार किए जाने वाले पहले व्यक्ति केजरीवाल होंगे। ईडी का समन उस पार्टी को खत्म करने का एक प्रयास हैं जो दिल्ली और पंजाब में सत्ता में है। केजरीवाल की पार्टी के सहयोगी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति से गुटबंदी को बढ़ावा मिला और इसे उन कुछ डीलर को फायदा पहुंचाने के लिए बनाया गया था जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए रिश्वत दी थी। आप ने इस आरोप का बार-बार खंडन किया है। बाद में नीति को रद्द कर दिया गया और दिल्ली के उपराज्यपाल ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की सिफारिश की, जिसके बाद ईडी ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया।

## श्रीलंका को...

जीत से भारत सात मैच में सात जीत से 14 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। श्रीलंका के सात मैच से सिर्फ चार अंक हैं और वह सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। भारत ने इससे पहले शुभमन गिल (92 रन, 92 गेंद, 11 चौके, दो छक्के), विराट कोहली (88 रन, 94 गेंद, 11 चौके) और श्रेयस अय्यर (82 रन, 56 गेंद, छह छक्के, तीन चौके) के अर्धशतक से आठ विकेट पर 357 रन बनाए। गिल और कोहली ने दूसरे विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी भी की। श्रीलंका की ओर से दिलशान मदुशंका सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 80 रन देकर करियर में पहली बार पांच विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने तीन रन तक ही चार विकेट गंवा दिए। बुमराह ने मैच की पहली ही गेंद पर पाथुम निसांका (00) को पगबाधा किया जबकि सिराज ने अगले ओवर की पहली गेंद पर दूसरे सलामी बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने (00) को पगबाधा करने के बाद पांचवीं गेंद पर सदीरा समरविक्रम (00) को स्लिप में अय्यर के हाथों कैच कराया। कप्तान कुसाल मेंडिस (01) ने टीम की ओर से बल्ले से पहला रन बनाया लेकिन सिराज ने अपने अगले ओवर में उन्हें भी बोल्ड कर दिया। शमी ने पारी के 10वें ओवर में लगातार गेंदों पर चरिथ असलंका (01) और दुशान हेमंता (00) को आउट करके श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 14 रन किया। असलंका ने बैकवर्ड प्वाइंट पर जडेजा को कैच थमाया जबकि हेमंता विकेटकीपर लोकेश राहुल को कैच देकर पवेलियन लौटे। शमी ने दुष्मंता चमीरा को भी राहुल के हाथों कैच कराया। वह खाता भी नहीं खोल पाए। शमी ने अपने अगले ओवर में एंजेलो मैथ्यूज (12) को बोल्ड करके श्रीलंका को आठवां झटका दिया। तीक्षणा और रजिता ने श्रीलंका को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट, विश्व कप और उसके स्वयं के न्यूनतम स्कोर पर आउट होने से बचाया जो क्रमशः 35, 36 और 43 रन है। शमी ने रजिता को स्लिप में गिल के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। रविंद्र जडेजा ने मदुशंका (05) को अय्यर के हाथों कैच कराके भारत की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने मैच की दूसरी ही गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा (04) का विकेट गंवा दिया। रोहित ने मदुशंका की पहली गेंद पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। श्रीलंका के गेंदबाजों को इसके बाद अगली सफलता के लिए 29 ओवर से अधिक का इंतजार करना पड़ा। कोहली ने मदुशंका पर चौके से खाता खोला जबकि गिल ने भी इस तेज गेंदबाज पर लगातार दो चौके मारे। कोहली 10 रन के निजी स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब छठे ओवर में दुष्मंता चमीरा (71 रन पर एक विकेट) ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच टपका दिया। भारत ने पहले पावर प्ले के 10 ओवर में एक विकेट पर 60 रन बनाए। कोहली ने दुशान हेमंता की गेंद पर दो रन के साथ 50 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जबकि गिल ने भी इस लेग स्पिनर पर चौके के साथ 55 गेंद में 50 रन के आंकड़े को पार किया। गिल ने चमीरा पर पारी का पहला छक्का जड़ने के बाद हेमंता की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। गिल मदुशंका पर चौके के साथ 90 रन तक पहुंचे लेकिन इसी ओवर में थर्ड मैन पर शॉट खेलने की कोशिश में विकेटकीपर कुसाल मेंडिस को कैच दे बैठे। मदुशंका ने अपने अगले ओवर में धीमी गेंद पर कोहली को भी शॉर्ट कवर पर पाथुम निसांका के हाथों कैच कराके भारत को दोहरा झटका दिया। कोहली हालांकि अपनी इस पारी के दौरान एक कैलेंडर वर्ष में रिकॉर्ड आठवीं बार एक हजार रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा जिन्होंने सात बार यह कारनामा किया था। अय्यर शुरुआत से ही काफी अच्छी लय में दिखे। उन्होंने कासुन रजिता पर दो जबकि हेमंता पर एक छक्का जड़कर अपने तेवर दिखाए। रजिता पर उनका दूसरा छक्का 106 मीटर के साथ मौजूदा विश्व कप का सबसे लंबा छक्का रहा। लोकेश राहुल 19 गेंद में 21 रन बनाकर चमीरा की गेंद पर हेमंता को कैच दे बैठे जबकि मदुशंका ने सूर्यकुमार यादव (12) को विकेटकीपर मेंडिस के हाथों कैच कराके भारत को पांचवां झटका दिया। अय्यर ने महीश तीक्षणा पर चौके के साथ सिर्फ 36 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। भारत के 300 रन 45वें ओवर में पूरे हुए। अय्यर ने 48वें ओवर में मदुशंका पर लगातार दो छक्के मारे लेकिन अगली गेंद को हवा में लहराकर तीक्षणा को कैच दे बैठे जिससे रविंद्र जडेजा (24 गेंद में 35 रन) के साथ उनकी छठे विकेट की 36 गेंद में 57 रन की साझेदारी का अंत हुआ। जडेजा ने पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले चमीरा पर छक्का जड़ा।

## नारी को...

दिसंबर तक सवा करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का लाभ मिल जाएगा। इस योजना के तहत राज्य सरकार अब तक 75 लाख परिवारों को उनकी जमीन और मकान पर मालिकान हक दिलवा चुकी है। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना केंद्र सरकार की एक खास योजना है जिसके तहत ग्रामीणों को उनकी ऐसी जमीनों और मकानों का मालिकाना हक दिया जाता है जिनका कोई सरकारी रिकॉर्ड नहीं होता है।

## टमाटर के...

मौजूदा सरकार के लिए खतरे का सबब बन सकती है। इससे पहले प्याज की कीमतों में उछाल के कारण कई सरकारें गिर चुकी हैं। प्याज की अत्यधिक कीमतों के कारण ही भाजपा को 1998 के विधानसभा चुनाव दिल्ली में भारी नुकसान के साथ हार का समाना करना पड़ा था। भाजपा की इस हार के लिए महंगी प्याज को जिम्मेदार ठहराया गया था, जिसके बाद से और वह प्रदेश में कभी सत्ता में नहीं लौट सकी। हालांकि चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में, प्याज की औसत कीमत 40 रुपये प्रति किलोग्राम है, जिसका मतलब है कि प्याज 70-80 रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास बेचा जा रहा है। इसी तरह, राजस्थान और तेलंगाना में कीमतें 80 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं, जो नवरात्रि तक 25-30 रुपये प्रति किलोग्राम थी। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्याज की बढ़ती कीमतें एक राजनीतिक मुद्दा बनता जा रहा है। कांग्रेस-भाजपा एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहा है। भारतीय व्यंजन में इसके व्यापक उपयोग के चलते शहरी उपभोक्ता अन्य किराने की वस्तुओं की तुलना में प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के प्रति संवेदनशील होते हैं। छत्तीसगढ़ में शहरी इलाकों में कीमतें 70-80 रुपये किलो हैं जबकि ग्रामीण इलाकों में यह 50 रुपये किलो बिक रहा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार देश भर में प्याज की औसत कीमत लगभग 56.63 रुपये प्रति किलोग्राम है। इस बीच, प्याज का अधिकतम मूल्य 90 रुपये प्रति किलोग्राम, मॉडल मूल्य 60 रुपये प्रति किलोग्राम और सब्जी की न्यूनतम दर 18 रुपये प्रति किलोग्राम है। 1 नवंबर को प्याज का औसत थोक मूल्य 4,657.46 रुपये था, जो एक सप्ताह पहले 3,476.21 रुपये था। उपभोक्ता मामलों के विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कम आपूर्ति के कारण कीमतें बढ़ीं क्योंकि कई राज्यों ने अक्टूबर के मध्य में मानसून समाप्ति के दौरान खराब मौसम के चलते कई प्याज उत्पादक क्षेत्रों में फसल बर्बाद होने और उत्पादन में कमी सूचना सामने आई थी। आमतौर पर फसल अक्टूबर में आती है, लेकिन बारिश से हुए नुकसान और लू के कारण हुई देरी के कारण अब फसल दिसंबर में आने की उम्मीद है। गाज़ीपुर मंडी में सब्जी विक्रेताओं ने कहा कि अगर आपूर्ति की कमी को दूर नहीं किया गया तो कीमतें 100 रुपये के स्तर को पार कर सकती हैं। विक्रेताओं के अनुसार, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों से ताजा फसल के आने में देरी के कारण आने के कारण प्याज की कीमतें बढ़ी हैं। इस नवंबर में सिर्फ प्याज ही नहीं ज्यादातर सब्जियों के दाम में तेजी देखी जा रही है। ज्यादातर सब्जियां 60 से 80 रुपये किलो के बीच बिक रही हैं। सब्जियों के अलावा, दिल्ली में गेहूं की कीमत एक साल पहले से 12 फीसदी बढ़ी है। चावल की कीमत 22 फीसदी अधिक है, टमाटर की कीमत 80 फीसदी बढ़ी है, जबकि प्याज की कीमत 32 फीसदी बढ़ी है।

## इंडिया गठबंधन...

भूमिका निभाने के लिए मनाया और पूर्ण समर्थन के उचित आश्वासन के बाद, वह राजद के लालू यादव का विश्वास लेकर आगे बढ़े। यह लालू ही थे जो कांग्रेस के नखरे के इतिहास को देखते हुए इसमें शामिल करने के लिए अनिच्छुक थे, लेकिन नीतीश ने राष्ट्रीय पार्टी को महत्वपूर्ण बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। नीतीश कुमार ने पटना में वामपंथी पार्टी सीपीआई द्वारा आहूत एक रैली में कहा, 'उस मोर्चे पर बहुत प्रगति नहीं हुई है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी पांच विधानसभा चुनावों में अधिक रुचि रखती है। इंडिया गठबंधन में हम सभी कांग्रेस को अग्रणी भूमिका सौंपने पर सहमत हुए थे। लेकिन ऐसा लगता है कि वे प्रतिक्रिया देंगे और अगली बैठक तभी बुलाएंगे जब वे चल रहे चुनावों से निपट लेंगे। सीपीआई महासचिव डी राजा जैसे वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में बोलते हुए, बिहार के सीएम ने याद दिलाया कि मौजूदा व्यवस्था का विरोध करने वाली पार्टियां नया गठबंधन बनाने के लिए एक साथ आई थीं। राजा की ओर मुड़ते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ने 1980 के दशक से वाम दलों के साथ अपने घनिष्ठ संबंध को याद किया जब सीपीआई और सीपीआई (एम) ने उन्हें अपना पहला चुनाव जीतने में मदद करने के लिए मिलकर काम किया था। नीतीश कुमार को जवाब देते हुए, कांग्रेस ने कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन का गठन 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर किया गया था और यह राज्य विशिष्ट नहीं था। बिहार कांग्रेस प्रमुख अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि यह सीपीआई का कार्यक्रम था। मैंने उनका भाषण सुना है। उनकी टिप्पणी का आशय यह है कि मोदी सरकार को जल्द से जल्द हटा दिया जाना चाहिए। लेकिन इसे समय आने पर ही हटाया जाएगा। मध्य प्रदेश चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को नाराज करने वाले उत्तर प्रदेश के अपने समकक्ष अजय राय की तरह आक्रामक न होते हुए, बिहार कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री की टिप्पणियों का सारांश यह था कि जो पार्टियां एक साथ आई हैं, उन्हें और अधिक सक्रिय होना चाहिए और मिलकर मोदी सरकार को उखाड़ फेंके। लिहाजा उन्होंने जो कुछ कहा वह गलत नहीं है। सिंह ने कहा, 'मेरा मानना है कि राज्यों से देश बनता है, इसलिए पांच राज्य भी महत्वपूर्ण हैं। उनकी टिप्पणी का सारांश यह था कि कांग्रेस राज्य चुनाव में व्यस्त है और फिर कांग्रेस एक बैठक बुलाएगी। सिंह की टिप्पणी को जोड़ते हुए, राज्यसभा सांसद और कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि इंडिया गठबंधन अखिल भारतीय स्तर पर है। हुसैन ने कहा कि मुंबई में इंडिया गठबंधन की पिछली बैठक में एक कार्य योजना तैयार की गई और बाद में एक समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि वह कार्य योजना कायम है और एक बार राज्य चुनाव की औपचारिकताएं पूरी हो जाने के बाद हम कार्य योजना को लागू करना शुरू कर देंगे। हाल ही में कांग्रेस के खिलाफ समाजवादी पार्टी प्रमुख की आलोचनात्मक टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर हुसैन ने कहा कि पार्टी को इसकी कोई जानकारी नहीं है कि क्या उन्होंने ऐसी कोई टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे पर, मुंबई बैठक में चर्चा हुई, लेकिन किसी राज्य पर कोई विशेष चर्चा नहीं हुई। राज्य चुनाव के बाद जब सीट बंटवारे पर चर्चा होगी, तो हम आपको बताएंगे। कांग्रेस ने जोर दिया कि ...हमारा इंडिया ब्लॉक 2024 के लिए अखिल भारतीय स्तर पर है, राज्य-विशिष्ट गठबंधन नहीं किया गया है। तेलंगाना और राजस्थान जैसे कुछ दलों के साथ समन्वय है, हमने अतीत में वाम दलों के साथ एक समझ बनाई है। उनके साथ अभी भी बातचीत चल रही है। भारत गठबंधन मुख्य रूप से 2024 के लिए है।

# चुनाव आयोग को चुनावी बांड से दलों को प्राप्त धन का विवरण पेश करने का निर्देश

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को 30 सितंबर, 2023 तक चुनावी बॉण्ड के माध्यम से राजनीतिक दलों को प्राप्त धन (चंदे) का अद्यतन डेटा सीलबंद लिफाफे में पेश करने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्ईय संविधान पीठ ने 12 अप्रैल, 2019 को शीर्ष अदालत द्वारा पारित अंतरिम निर्देश का हवाला दिया, जिसमें राजनीतिक दलों को चुनावी बॉण्ड के माध्यम से प्राप्त धन का विवरण एक सीलबंद लिफाफे में आयोग को सौंपने का निर्देश दिया गया था। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि अप्रैल 2019 का आदेश उसी तारीख तक सीमित नहीं था जिस दिन इसे सुनाया गया था तथा यदि कोई अस्पष्टता थी, तो आयोग के लिए यह जरूरी था कि वह शीर्ष अदालत से स्पष्टीकरण मांगें।

संविधान पीठ ने राजनीतिक दलों के चंदे से संबंधित चुनावी बॉण्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दलीलें सुनते हुए कहा कि आयोग के पास अद्यतन डेटा होना चाहिए। पीठ ने आदेश दिया, किसी भी स्थिति में अब हम निर्देश देते हैं कि निर्वाचन आयोग 12 अप्रैल, 2019 को जारी अंतरिम निर्देश के संदर्भ में 30 सितंबर, 2023 तक अद्यतन डेटा पेश करेगा। आदेश में कहा गया है कि यह प्रक्रिया दो सप्ताह के भीतर पूरी की जाए और डेटा सीलबंद लिफाफे में शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को सौंप दिया जाए। संविधान पीठ ने तीन दिनों की सुनवाई के बाद बृहस्पतिवार को संबंधित चार याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली थी और फैसला सुरक्षा रख लिया था। इन याचिकाओं में कांग्रेस नेता जया ठाकुर, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) तथा गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिकाएं शामिल हैं। संविधान पीठ ने सुनवाई के दौरान आयोग के वकील से चुनावी बॉण्ड की मात्रा के बारे में पूछा, जिसे सब्सक्राइब किया गया है। इस पर आयोग के वकील ने कहा कि उनके पास सीलबंद लिफाफे में अप्रैल 2019 के आदेश के संदर्भ में कुछ डेटा है और वह इसे अदालत के समक्ष रख सकते हैं।

पीठ ने पूछा, क्या डेटा अद्यतन है, कम से कम मार्च 2023 तक? इस पर वकील ने शीर्ष अदालत के अप्रैल 2019 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि विवरण केवल 2019 तक का था। पीठ ने कहा, आपको डेटा एकत्र करना जारी रखना होगा। इसने यह भी कहा कि अगर पहले के निर्देश के संबंध में कोई संदेह था तब भी निर्वाचन आयोग स्पष्टीकरण के लिए कभी अदालत के समक्ष नहीं आया। संविधान पीठ ने आयोग के वकील से कहा, जब आप अदालत आ रहे थे तो आपको डेटा मिलना चाहिए था... उस दिन हमने जोर दिया था और हम सभी ने विचार व्यक्त किया था तथा हमें उम्मीद थी कि आप डेटा लेकर आएंगे। वकील ने कहा कि वह डेटा उपलब्ध करा सकते हैं और आयोग सभी राजनीतिक दलों से विवरण मांग सकता है।

पीठ ने कहा कि वह इस स्तर पर भारतीय स्टेट बैंक से दानदाताओं की पहचान उजागर करने के लिए नहीं कहेगी, लेकिन वह सब्सक्राइब किए गए बॉण्ड की मात्रा के बारे में जानना चाहेगी। शीर्ष अदालत ने पूछा, वह समय सीमा क्या है, जिसमें हर साल डेटा देना होता है? क्या यह हर वित्तीय वर्ष में होता है? समय सीमा क्या है? वकील ने अदालत को अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने के छह महीने बाद डेटा दिया जाता है।

न्यायालय ने चुनाव आयोग के वकील से कहा, आपके पास डेटा होना चाहिए कि चुनावी बॉण्ड की कुल मात्रा और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच उसका विभाजन क्या है? निर्वाचन आयोग को इसका मिलान करना होगा। पीठ ने वकील से कहा, इकत्तीस मार्च, 2023 तक का डेटा तैयार करें और हमें सौंपें। आप हमें 30 सितंबर, 2023 तक का डेटा भी दे सकते हैं। शीर्ष अदालत ने अप्रैल 2019 में चुनावी बॉण्ड योजना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था और यह स्पष्ट कर दिया था कि वह याचिकाओं पर गहन सुनवाई करेगी, क्योंकि केंद्र और निर्वाचन आयोग ने महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए थे, जिनका देश की चुनाव प्रक्रिया की शुचिता पर व्यापक प्रभाव था।

सरकार की ओर से दो जनवरी 2018 को अधिसूचित इस योजना को राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत विभिन्न दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप में पेश किया गया था। योजना के प्रावधानों के अनुसार, चुनावी बॉण्ड भारत के किसी भी नागरिक या भारत में निगमित या स्थापित इकाई द्वारा खरीदा जा सकता है। कोई भी व्यक्ति अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बॉण्ड खरीद सकता है। केवल जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल और लोकसभा या राज्य विधानसभा के पिछले चुनाव में कम से कम एक प्रतिशत वोट हासिल करने वाले दल चुनावी बॉण्ड प्राप्त करने के पात्र हैं। अधिसूचना के अनुसार, चुनावी बॉण्ड को पात्र राजनीतिक दल द्वारा केवल अधिकृत बैंक के खाते के माध्यम से भुनाया जाएगा।

# सरकार रक्षा पूंजी अधिग्रहण बजट का 75 प्रतिशत स्थानीय कंपनियों से खरीद पर खर्च करेगी: रक्षा मंत्री

**बेंगलुरु।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने रक्षा पूंजी अधिग्रहण बजट का 75 प्रतिशत स्थानीय कंपनियों से खरीद के लिए आरक्षित किया है। यह राशि करीब एक लाख करोड़ रुपए बैठती है। उन्होंने यहां इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो-2023 में रक्षा क्षेत्र में लघु, कुटीर एवं मझोले (एमएसएमई) उद्योगों के लिए उठाए गए कदमों को रेखांकित किया और कहा कि यह कदम घरेलू उद्योगों के लिए पर्याप्त मांग सुनिश्चित करने के लिए हैं। सिंह ने कहा, हमारी ऐसी पहली सरकार है जिसने हथियारों के आयात से खुद को रोका है। हमने पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां जारी कीं जिसके तहत 509 उपकरणों की पहचान की गई है जिनका विनिर्माण अब भारत में होगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) के लिए चार सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां भी तैयार की गईं, जिसके तहत 4,666 वस्तुओं की पहचान की गई जिनका निर्माण देश में किया जाएगा। उन्होंने कहा, ये कदम हमारे एमएसएमई को मजबूत करेंगे और उन्हें आत्मनिर्भर बनाएंगे। सिंह ने रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवोन्मेषण (आईडीईएक्स) पहल का भी उल्लेख किया जिसे स्टार्टअप तथा अन्वेषकों के जरिए रक्षा विनिर्माण में नए विचारों को आमंत्रित करने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि आईडीईएक्स प्राइम को रक्षा क्षेत्र में स्टार्टअप की मदद के लिए 1.5 करोड़ रुपए से 10 करोड़ रुपए तक की सहायता की आवश्यकता वाली परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए शुरू किया गया है।



बंगलुरू में इंटरनेशनल एक्जीबिशन सेंटर में इंडिया मैनुफैक्चरिंग शो के उद्घाटन के दौरान केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। साथ में भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी।

# मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त किया

**मुंबई।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बृहस्पतिवार को मंत्रियों से मुलाकात के बाद अपना अनशन समाप्त कर दिया और सरकार से दो महीने के भीतर मुद्दा सुलझाने को कहा। साथ ही जरांगे ने कहा कि जब तक सभी मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता, वह तब तक अपने घर में प्रवेश नहीं करेंगे। इससे पहले एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान जरांगे ने मांग की कि मराठों को आरक्षण पूरे महाराष्ट्र में दिया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों न्यायमूर्ति सुनील शुकरे, न्यायमूर्ति एम जी गायकवाड़ और अधिकारियों सहित अन्य लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जरांगे से उनके गांव में मुलाकात की थी। सत्तारूढ़ गठबंधन का समर्थन करने वाले विधायक बच्चू कडू भी इस मौके पर मौजूद थे।

जरांगे मराठा आरक्षण की मांग को लेकर 25 अक्टूबर से जालना जिले के अपने गांव अंतरवाली सरती में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर थे। जरांगे ने बुधवार शाम को कहा था कि वह अब से पानी भी नहीं पीएंगे, हालांकि इससे पहले दिन में एक सर्वदलीय बैठक में आरक्षण की मांग का समर्थन करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया था और उनसे अनशन समाप्त करने की अपील की गई थी। प्रतिनिधिमंडल के साथ बृहस्पतिवार को मीडिया के सामने हुई चर्चा के दौरान जरांगे ने मांग की कि सरकार को मराठा समुदाय के आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन के सर्वेक्षण के लिए पर्याप्त धन मुहैया कराना चाहिए और इसके लिए कई टीम लगानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने वाला एक सरकारी आदेश पारित किया जाना चाहिए और पूरे (महाराष्ट्र) शब्द को शामिल किया जाना चाहिए।

सरकार ने मराठवाड़ा क्षेत्र के मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र देने की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है, जो उन्हें या उनके पूर्वजों को कुनबी बताने वाले पुराने रिकॉर्ड पेश कर सकते हैं। कुनबी, एक कृषक समुदाय है जिसे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आरक्षण मिलता है। जरांगे ने सवाल किया, जब अन्य जातियों को आरक्षण का लाभ मिल रहा है तो मराठों को क्यों नहीं मिल रहा? प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने उनसे कहा कि आरक्षण एक या दो दिन में नहीं दिया जा सकता, लेकिन मराठा समुदाय को यह जरूर मिलेगा। समुदाय का पिछड़ापन अभी तक स्थापित नहीं हुआ है और उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार साक्ष्य इकट्ठा करने का काम चल रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने जरांगे को बताया कि जल्दबाजी में लिया गया निर्णय न्यायिक पड़ताल में टिक नहीं पाएगा और समुदाय के पिछड़ेपन को मापने के लिए एक नया आयोग बनाया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### पांच साल तक पद पर रहूंगा: सिद्धरमैया

**होसपेट (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह पूरे पांच साल तक पद संभालेंगे। यह स्पष्टीकरण सत्तारूढ़ कांग्रेस के एक वर्ग के भीतर इस सरकार के ढाई साल के कार्यकाल के बाद नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के मद्देनजर आया है। जब उनसे मुख्यमंत्री परिवर्तन के बारे में पार्टी के भीतर से बार-बार भ्रमित करने वाले बयानों के बारे में पूछा गया तो सिद्धरमैया ने कहा, भ्रमित करने वाला बयान किसने दिया है? अगर कोई बेकार बोलता है तो आप उसे महत्व क्यों देते हो। यह स्पष्ट करने के लिए पूछे जाने पर कि क्या वह पूरे पांच साल तक सरकार का नेतृत्व करेंगे, उन्होंने कहा, पांच साल तक हमारी सरकार रहेगी...मै मुख्यमंत्री हूं, मै बना रहूंगा। तीन और उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की अटकलों पर उन्होंने कहा, किसने कहा? यह सब आलाकमान तय करता है। कांग्रेस क्षेत्रीय पार्टी नही, राष्ट्रीय पार्टी है। बिना आलाकमान से चर्चा के कुछ भी तय नही किया जा सकता। मुख्यमंत्री के रूप मे मै या विधायक सरकार नही बदल सकते। हमारे पास आलाकमान है, वो निर्णय लेगा। जब से यह सरकार सत्ता में आई है, तब से मुख्यमंत्री को बदले जाने को लेकर पार्टी के भीतर दावे और प्रतिदावे होते रहे हैं, जिनमें कहा गया कि सिद्धरमैया को ढाई साल बाद उप मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार को जगह देनी पड़ सकती है। कांग्रेस द्वारा भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के बाद इस साल 20 मई को सिद्धरमैया ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इस साल मई में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धरमैया और शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। कांग्रेस पार्टी ने हालांकि शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री पद के लिए मना लिया।

### तीन महासागरों जितनी गर्मी अकेले दक्षिणी अंटार्कटिक ने सोखी

**नई दिल्ली।** अंटार्कटिका या दक्षिणी महासागर के आसपास के दक्षिणी जल ने पिछले दो दशकों में मानव गतिविधि के कारण होने वाली गर्मी की सबसे अधिक मात्रा को अवशोषित किया है, जो अटलांटिक, प्रशांत और हिंद महासागर द्वारा झेली गई कुल गर्मी के लगभग बराबर है। शोधकर्ताओं के एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय (यूएनएसडब्ल्यू) के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने कहा कि 1990 के दशक के बाद से महासागरों के गर्म होने में नाटकीय रूप से तेजी आई है, जो 1990-2000 की तुलना में 2010-2020 के दौरान लगभग दोगुनी हो गई है। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित अपने अध्ययन में उन्होंने कहा कि समुद्र के तापमान में वृद्धि का क्षेत्र-वार वितरण हालांकि एक समान नही था और इस प्रकार मिली नई जानकारी ने समुद्र के स्तर में वृद्धि और जलवायु प्रभावों के बारे में हमारी समझ पर प्रभाव डाला। मानव गतिविधि के कारण हरित गैसों के वायुमंडलीय स्तर में वृद्धि, पृथ्वी की जलवायु प्रणाली के भीतर गर्मी को रोकती है, हवा, भूमि और महासागरों को गर्म करती है, और ध्रुवीय बर्फ को पिघलाती है। महासागर इस गर्मी का अधिकांश भाग ग्रहण करते हैं, मानव-जनित अतिरिक्त गर्मी का 90 प्रतिशत से अधिक अवशोषित करते हैं, जिससे वायुमंडलीय तापमान में वृद्धि नियंत्रित होती है। यूएनएसडब्ल्यू सेंटर फॉर मरीन साइंस एंड इनोवेशन के अध्ययन के सह-लेखक मैथ्यू इंग्लैंड ने कहा, हालांकि समुद्र के गर्म होने से जलवायु परिवर्तन की गति को धीमा करने मे मदद मिलती है, लेकिन इसके लिए भी कीमत चुकानी पड़ती है। प्रमुख शोधकर्ता झी ली ने कहा, इस अध्ययन मे हम जो करना चाहते थे वह यह पता लगाना था कि समुद्र मे गर्मी कहां से बढ़ रही है।

### मुझे माई लॉर्ड कहना बंद करें और मैं आपको अपना आधा वेतन दे दूंगा: न्यायाधीश ने वरिष्ठ अधिवक्ता से कहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश ने न्यायिक कार्यवाही के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा बार-बार माई लॉर्ड और योर लॉर्डशिप्स कहे जाने पर नाखुशी जताई है। न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ में शामिल न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा ने बुधवार को एक नियमित मामले की सुनवाई के दौरान एक वरिष्ठ अधिवक्ता से कहा, आप कितनी बार माई लॉर्ड्स कहेंगे? यदि आप यह कहना बंद कर देंगे, तो मै आपको अपना आधा वेतन दे दूंगा। अधिवक्ता बहस के दौरान न्यायाधीशों को हमेशा माई लॉर्ड या योर लॉर्डशिप कहकर संबोधित करते है। इस प्रथा का विरोध करने वाले अक्सर इसे औपनिवेशिक युग का अवशेष और गुलामी की निशानी कहते है। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने कहा, आप इसके बजाय सर का उपयोग क्यों नही करते? उन्होंने कहा कि अन्यथा वह गिनना शुरू कर देंगे कि वरिष्ठ अधिवक्ता ने कितनी बार माई लॉर्ड्स शब्द का उच्चारण किया। भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) ने 2006 मे एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमे निर्णय लिया गया था कि कोई भी वकील न्यायाधीशों को माई लॉर्ड और योर लॉर्डशिप कहकर संबोधित नही करेगा, लेकिन व्यवहार मे इसका पालन नही किया जा सका।

## ईडी का प्रवर्तन अधिकारी व सहयोगी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इम्फाल के एक अधिकारी व उसके सहयोगी को कथित रूप से परिवादी से 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिकारी चिटफंड मामले में गिरफ्तार नहीं करने की एवज में आरोपी से 17 लाख रुपए मांग रहा था। ब्यूरो (एसीबी) के बयान के अनुसार, गिरफ्तार लोगों में ईडी के इम्फाल (मणिपुर) स्थित एक कार्यालय का प्रवर्तन अधिकारी (ईओ) नवल किशोर मीणा तथा उसका स्थानीय सहयोगी बाबूलाल मीणा है। परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि ईडी के इम्फाल कार्यालय में चिटफंड-प्रकरण में उसके विरुद्ध दर्ज मामले को निपटाने, प्रॉपर्टी जब्त नहीं करने तथा गिरफ्तार नहीं करने की एवज में आरोपी प्रवर्तन अधिकारी नवल किशोर मीणा द्वारा 17 लाख रुपए रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जयपुर में आरोपी नवल किशोर मीणा उर्फ एनके मीणा को अपने सहयोगी बाबूलाल मीणा उर्फ दिनेश के माध्यम से परिवादी से 15 लाख रुपए की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया।

# नेता प्रतिपक्ष, प्रदेशाध्यक्ष को लेकर हाई कमान पर दबाव बनाएंगे: एदि

**बेंगलुरु।** भाजपा की कर्नाटक इकाई के दिग्गज नेता बी.एस. एदियुरप्पा ने बृहस्पतिवार को स्वीकार किया कि राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश इकाई के नए अध्यक्ष को नाम तय करने में विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों के वह पार्टी हाई कमान पर दबाव बनाने के लिए वह सभी प्रयास करेंगे। राज्य में मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने अभी तक विधायक दल के नेता की नियुक्ति नहीं की, जो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भी भूमिका निभाएगा। जुलाई में आहूत विधानसभा का पिछला सत्र नेता प्रतिपक्ष की मौजूदगी के बिना हुआ था।

भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य एदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं को बताया, नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति में विलंब हुआ है, मैंने जल्द से जल्द इस पद को भरने का अनुरोध किया है। मैं पुरजोर कोशिश करूंगा, जिससे मैं विधानसभा सत्र (दिसंबर में संभावित) से पहले जल्द से जल्द इन नियुक्तियों को भरने के लिए दबाव बना सकूं। उन्होंने कहा, प्रदेशाध्यक्ष से भी हमारी मांग है कि जल्द से जल्द नियुक्ति की जानी चाहिए फिर चाहे वह कोई भी हो। हम जल्द से जल्द इन पदों पर नियुक्ति का प्रयास करेंगे।

सत्तारूढ़ कांग्रेस इन पदों पर नियुक्ति नहीं करने को लेकर भाजपा पर लगातार निशाना साध रही और उसकी आलोचना कर रही है। राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में चार वर्ष पूरे करने वाले नलिन कुमार कटील की जगह कौन लेगा, इस पर भाजपा नेतृत्व को फैसला लेना अभी बाकी है। दक्षिण कन्नड़ से तीन बार लोकसभा सदस्य रहे कटील को अगस्त 2019 में तीन वर्ष के लिए पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। राज्य में चुनाव के मद्देनजर पिछले साल उनका कार्यकाल एक वर्ष के लिए और बढ़ा दिया गया था।

## कुपवाड़ा में एक कार्यक्रम के दौरान छात्रा ने किया मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल, 13 छात्राएं बेहोश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के एक सरकारी स्कूल में बृहस्पतिवार को एक आत्मरक्षा कार्यक्रम के दौरान बेहोश हुई एक दर्जन से ज्यादा छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आत्मरक्षा कार्यक्रम के दौरान किसी एक छात्रा ने मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया, जिसकी वजह से 13 अन्य छात्राएं बेहोश हो गईं। छात्राओं को उपचार के लिए आनन-फानन में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उत्तर कश्मीर जिले के हंदवाड़ा इलाके में स्थित राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं के लिए एक आत्मरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। हंदवाड़ा के जीएमसी अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. एजाज अहमद ने सवांददाताओं से बातचीत में कहा कि 13 छात्राओं को अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि उपचार के बाद सभी की हालत स्थिर है। छात्राओं को स्प्रे से रिएक्शन हो गया था और घबराने की जरूरत नहीं है।

# कम बिजली खपत वाले एक करोड़ पंखे, 20 लाख इंडक्शन चूल्हे वितरित करेगी ईईएसएल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने बृहस्पतिवार को ऊर्जा बचत के दो कार्यक्रमों की शुरूआत की। सार्वजनिक क्षेत्र की ईईएसएल इन कार्यक्रमों के तहत कम बिजली खपत करने वाले एक करोड़ पंखे और 20 लाख बिजली से चलने वाले चूल्हे वितरित करेगी। बिजली मंत्रालय के तहत आने वाले उपक्रमों की संयुक्त उद्यम कंपनी ईईएसएल ने बृहस्पतिवार को ऊर्जा बचत में मददगार राष्ट्रीय दक्ष कूकिंग कार्यक्रम (एनईसीपी) और ऊर्जा दक्ष पंखा कार्यक्रम (ईईएफपी) पेश किए।

एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) इन कार्यक्रमों के तहत देशभर में कम बिजली खपत करने वाला एक करोड़ कुशल बीएलडीसी (ब्रश-लेस डायरेक्ट करंट) पंखे और 20 लाख ऊर्जा-दक्ष इंडक्शन चूल्हे वितरित करेगी। ये चूल्हे पारंपरिक तरीके से खाना पकाने की तुलना में 25-30 प्रतिशत की बचत करने में मददगार होंगे। इससे एक तरफ जहां बिजली की बचत होगी, वहीं दूसरी तरफ खाना पकाने की लागत भी कम होगी।

ईईएसएल की इस पहल का मकसद खाना पकाने के तरीकों को पर्यावरण अनुकूल बनाना और नागरिकों के लिए स्वच्छ हवा और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने इंडक्शन चूल्हे के बड़े पैमाने पर उपयोग के लिए मॉडर्न एनर्जी कुकिंग सर्विसेज (एमईसीएस) के साथ साझेदारी भी की है। इससे देश में रसोई घरों में खाना पकाने के आधुनिक इलेक्ट्रिक उपकरणों की स्वीकार्यता में तेजी आने की उम्मीद है। इसके अलावा, कम बिजली खपत वाले छत वाले पंखे न केवल ऊर्जा की खपत और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करेंगे, बल्कि बिजली के बिल को कम करने में भी मददगार होंगे। इस अवसर पर, सिंह ने कहा कि ईईएसएल देश में ऊर्जा बदलाव की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# परमार्थ कार्यों में लगातार दूसरे साल सबसे उदार भारतीय बने शिव नादर

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शिव नादर ने परमार्थ कार्यों के मामले में इस साल भी सबसे उदार भारतीय के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। जरूरतमंदों के लिए उनका योगदान इस दौरान 76 प्रतिशत बढ़कर 2,042 करोड़ रुपए रहा। एडेलगिव हुरुन इंडिया की बढ़-चढ़कर परमार्थ कार्य करने वालों की इस साल की सूची के अनुसार इस दौरान विप्रो के अजीम प्रेमजी का दान 267 प्रतिशत बढ़कर।,774 करोड़ रुपए रहा और वह सूची में दूसरे स्थान पर रहे। सबसे अमीर भारतीय मुकेश अंबानी ने इस साल 376 करोड़ रुपए का दान जरूरतमंदों के लिए दिया। यह पिछले साल से आठ प्रतिशत कम है। वह सूची में तीसरे सबसे उदार व्यक्ति बने रहे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक की संपत्ति इस दौरान दो प्रतिशत बढ़कर 8.08 लाख करोड़ रुपए हो गई। दूसरे सबसे अमीर भारतीय गौतम अडाणी दो स्थान ऊपर चढ़कर सूची में पांचवें सर्वाधिक उदार भारतीय बन गए। उन्होंने जरूरतमंदों की मदद के लिए 285 करोड़ रुपए का योगदान दिया, जो पिछले साल से 50 प्रतिशत ज्यादा है। हुरुन की हाल की रिपोर्ट में अडाणी की संपत्ति 4.74 लाख करोड़ रुपए आंकी गई है। हुरुन की अक्टूबर में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, नादर की संपत्ति 2.28 लाख करोड़ रुपए आंकी गई थी और वह सॉफ्टवेयर उद्योग के चौथे सबसे अमीर भारतीय थे। वहीं विप्रो के प्रेमजी 30,000 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ 58वें स्थान पर थे। आदित्य बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला ने 287 करोड़ रुपए के दान के साथ चौथे सबसे उदार भारतीय के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ व्यक्तियों और परिवारों ने दान देने वालों की सूची में शीर्ष 10 में जगह बनाने के मामले में छलांग लगाई है। इसमें बजाज परिवार के साथ-साथ साइरस एस पूनावाला और अदार पूनावाला और रोहिणी नीलेकणि भी शामिल हैं। हुरुन इंडिया के मुख्य शोधकर्ता और प्रबंध निदेशक अनस रहमान जुनैद ने कहा कि जैसे-जैसे धन का विस्तार हो रहा है, पारिवारिक स्तर पर परमार्थ कार्य बढ़ रहे हैं। भोजन, कपड़े और छात्रवृत्ति जैसी आवश्यक चीजें प्रदान करने के कार्यों से लेकर ए लोग नए और विकास की रफ्तार में पीछे रह गए क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सूची का प्राथमिक लक्ष्य दूसरे की मदद के लिए गए गए प्रयासों को स्वीकार करना है और यह सुनिश्चित करना है कि उनका प्रभाव समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। महिलाओं में रोहिणी नीलेकणि परमार्थ कार्यां में सबसे उदार महिला रहीं। इसके अलावा, थर्मेक्स की अनु आगा और लीना गांधी तिवारी सहित अन्य लोग भी दान देने वालों की सूची में शामिल हैं। शेयर बाजार में कारोबार की सुविधा देने वाली कंपनी जेरोधा के 37 वर्षीय सह-संस्थापक निखिल कामत सूची में सबसे कम उम्र के दानदाता हैं।

## वाम दल ने 17 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**हैदराबाद।** तेलंगाना में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की प्रदेश इकाई ने कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे पर वार्ता विफल होने के बाद बृहस्पतिवार को 17 सीटों पर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। राज्य में 30 नवंबर को चुनाव होगा। माकपा की प्रदेश इकाई के सचिव टी. वीरभद्रम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब तक सीट बंटवारे पर वे कांग्रेस की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे थे लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। माकपा नेता ने कहा, इन हालात में जब कोई अन्य विकल्प नहीं है तो हमने अकेले मैदान में उतरने का निर्णय किया है। हमने बुधवार को हुई राज्य कमेटी की बैठक में कई मुद्दों पर गहनता से चर्चा की। हमें 24 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से प्रस्ताव मिले थे। लेकिन पदाधिकारियों ने 17 सीटों की पहली सूची के साथ आगे बढ़ने का निर्णय लिया।

# एप्पल को भेजा नोटिस, सीईआरटी-इन ने शुरू की जांच: आईटी सचिव

**भाषा।** नई दिल्ली

**सूचना** प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी दलों के सांसदों ने एप्पल की ओर से उन्हें भेजे गए चेतावनी के संदेश का जो मुद्दा उठाया था उसकी जांच सरकार की साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन ने शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में कंपनी को नोटिस भी भेजा गया है। यह कदम इसलिए भी मायने रखता है क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने इस सप्ताह की शुरुआत में एप्पल के उपकरणों की सुरक्षा को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि सरकार चाहती है कि एप्पल यह स्पष्ट करे कि क्या उसके उत्पाद सुरक्षित है और 150 से अधिक देशों में लोगों को चेतावनी के संदेश क्यों भेजे गए,खासतौर पर तब जब कि कंपनी लगातार दावा करती है कि उसके उत्पाद निजता को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं।

चंद्रशेखर ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार चेतावनी संबंधी संदेशों की जांच कराएगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकार पर विपक्ष के आरोपों को स्पष्ट तौर पर खारिज किया और कहा बाध्यकारी आलोचकै ध्यान भटकाने की राजनीति में लगे हुए हैं, क्योंकि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति नहीं बर्दाश्त कर पा रहे हैं। आईटी सचिव ने बृहस्पतिवार को इस बात की पुष्टि की कि एप्पल को नोटिस भेजा गया है। कृष्णन ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, सीईआरटी-इन ने अपनी जांच शुरू कर दी है...वे (एप्पल) इस जांच में सहयोग करेंगे।

भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया टीम या सीईआरटी-इन कंप्यूटर सुरक्षा से संबंधित घटनाओं पर प्रतिक्रिया देने के लिए राष्ट्रीय नोडल एजेंसी है। यह पूछे जाने पर कि क्या एप्पल को नोटिस भेजा गया है? उन्होंने कहा, हां। एप्पल ने इस संबंध में पीटीआई-भाषा की ओर से भेजे गए ईमेल का कोई जबाव नहीं दिया। विपक्ष के कई नेताओं ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें उनके आईफोन में सरकार प्रायोजित सेंधमारी के प्रयास के बारे में एप्पल से चेतावनी संदेश मिला है तथा इस कथित हैकिंग के प्रयास के लिए सरकार जिम्मेदार है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया है और कहा कि सरकार इसकी गहन जांच कराएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता केसी वेणुगोपाल, शशि थरूर, पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत एवं टी एस सिंहदेव, शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, आम आदमी पार्टी (आप) के राघव चड्ढा, माकपा महासचिव सीताराम एचुरी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को इसी तरह का संदेश मिला है।

एप्पल ने 31अक्टूबर को एक बयान में कहा था कि वह विपक्षी दलों के कुछ सांसदों को भेजे गए चेतावनी संदेश को किसी विशिष्ट सरकार-प्रायोजित हमलावरों से नहीं जोड़ती और वह इस बारे में जानकारी नहीं दे सकती है कि ऐसी चेतावनियों का कारण क्या है।

कंपनी ने कहा, एप्पल खतरे की सूचनाओं के लिए किसी विशिष्ट सरकार-प्रायोजित हमलावर को जिम्मेदार नहीं ठहराता। एप्पल ने कहा कि सरकार प्रायोजित हमलावर आर्थिक और तकनीकी रूप से बहुत मजबूत होते हैं और उनके हमले समय के साथ विकसित होते हैं। कंपनी ने कहा, ऐसे हमलों का पता लगाना खतरे के खुफिया संकेतों पर निर्भर करता है जो अक्सर अधूरे होते हैं। यह संभव है कि एप्पल के खतरे संबंधी कुछ सूचनाएं गलत चेतावनी हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता नहीं चल पाता। इस बीच, सूत्रों ने कहा कि एप्पल ने लगभग 150 देशों में उन व्यक्तियों को चेतावनी संबंधी सूचनाएं भेजी हैं, जिनके अकाउंट हैं।

